हर खबर पर पैनी नजर

# नई सोच एक्सप्रेस

(बिहार और झारखंड से प्रकाशित हिन्दी दैनिक)

www.naisochlive.com | पटना, शनिवार, 15 फरवरी 2025, वर्ष- 07, अंक- 352, पृष्ठ-8, मूल्य - 3:00 | naisochexpreess@gmail.com

पेज : 08

बॉक्स ऑफिस पर नागा चैतन्य और साई पल्लवी की फिल्म तंडेल की धूम 5 दिनों में ही वसूल हो...



## वर्षों से प्रयागराज के लोगों की दबी हुई भावनाओं को नई दिशा मिली : योगी

एजेंसी, लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रयागराज में जहां महाकुम्भ हो रहा है, वह डिफेंस की भूमि है। बीते आठ वर्षों में कुम्भ के जो आयोजन हुए हैं, वह आसानी से हुए हैं। स्वतंत्र भारत में 1947 से 2017 तक प्रयागराज में जहां श्रद्धालु नहीं पहुंच पाता था, वहां भी श्रद्धालु अब दर्शन करने प्रयागराज में पहुंच रहे हैं। वर्षों से प्रयागराज के लोगों की दबी हुई भावनाओं एवं श्रद्धा को नई दिशा मिली है। 140 करोड़ आबादी में 50 करोड़ के करीब लोगों ने प्रयागराज में आस्था की डुबकी लगायी है। प्रयागराज में टू लेन को सिक्स लेन से जोड़ने का प्रयास डबल इंजन की सरकार ने किया है। लखनऊ में विकास नगर के मिनी स्टेडियम में आयोजित 440 करोड़ के दो फ्लाईओवरों के लोकार्पण कार्यक्रम



को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश की राजधानी को राजधानी के अनुरूप अत्याधुनिक बनाने और अटल जी के सपने को पूरा करने के लिए मंत्री नितिन गडकरी का स्वागत करता हूं। आज लखनऊ को एक हजार करोड़ से अधिक की परियोजनाओं के लोकार्पण व शिलान्यास का कार्य दोनों केन्द्रीय मंत्रियों के कर कमलों से पूरा हुआ है। दोनों केन्द्रीय मंत्रियों का दिल से स्वागत करता हूं। नये भारत का नया उत्तर प्रदेश, इसका अंदाजा इसी से लगा सकते है कि प्रयागराज में महाकुम्भ चल रहा है। 13 जनवरी से महाकुम्भ चल रहा है और अभी 14 फरवरी है, एक माह में संगम में डुबकी लगाकर भारतवासी एक भारत श्रेष्ठ भारत का संदेश देकर गये हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजनाथ सिंह का आभारी हूं, न कि लखनऊ बल्कि उत्तर प्रदेश के विकास के लिए आपने अपना मार्गदर्शन हमें दिया है। डिफेंस कॉरिडोर को देने का कार्य आपने दिया है। कैपिटल के स्तर पर लखनऊ का विकास हो, ग्रीन कारिडोर का कार्य है, इंटरनेशनल कनविन्शन सेंटर हो या फिर इंटरनेशनल एयरपोर्ट जैसे कार्य तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। यहां की जनसुविधा को लेकर रक्षामंत्री का मार्गदर्शन प्राप्त होता है। लखनऊ अब अटल जी की भावनाओं के तहत आगे बढ़ रहा है।

## अटल जी के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के ग्रामीण क्षेत्र का किया विकास : राजनाथ सिंह

एजेंसी, लखनऊ

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि सबसे पहले देश के ग्रामीण क्षेत्र के विकास की अगर किसी ने चिंता की तो वह हमारे प्रधानमंत्री रहे अटल जी ने की थी। वर्ष 2014 से 2024 तक मोदी सरकार ने लाखों करोड़ रुपये से ग्रामीण क्षेत्र का विकास किया है। आज भारत अर्थव्यवस्था के मामले में 11वें स्थान से ऊपर उठकर पांचवें स्थान पर आ गया है। प्रधानमंत्री मोदी ने अब यह व्यवस्था कर दी है कि 12 लाख रुपये तक जिस



किसी व्यक्ति की प्रति वर्ष आय है, उसे टैक्स नहीं देना होगा। लखनऊ में विकास नगर के मिनी स्टेडियम में आयोजित 1028 करोड़ की विभिन्न परियोजनाओं के लोकार्पण एवं शिलान्यास कार्यक्रम में रक्षामंत्री सिंह ने शुक्रवार को कहा कि केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी जब भी लखनऊ आते हैं तो मैं कुछ मांगता हूं। आने वाले वक्त में भी लखनऊ के विकास के लिए मैं मांगने जा रहा हूं। आज लखनऊ के लिए ऐतिहासिक दिन है। आज 440 करोड़ की लागत वाली दो फ्लाइओवरों का लोकार्पण भी किया गया है। ये दोनों फ्लाईओवर लखनऊ, सीतापुर और अयोध्या हाई-वे को जोड़ने का काम करेंगे। लखनऊ में बढ़ते वाहनों की संख्या को देखते हुए इन दोनों फ्लाईओवरों की आवश्यकता थी।

## दो वर्ष में उत्तर प्रदेश के रास्ते अमेरिका से भी अच्छे होंगे : नितिन गडकरी



### उत्तर प्रदेश में एक हजार करोड़ के मार्गों की मांग पर केन्द्रीय मंत्री गडकरी की मंजूरी

एजेंसी, लखनऊ

केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि मैं अपने पांच वर्ष के कार्यकाल में उत्तर प्रदेश को लाखों करोड़ की सड़क देना चाहता हूं। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मांग पर लखनऊ सहित उत्तर प्रदेश में एक हजार करोड़ के मार्गों की मंजूरी दे रहा हूं। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि मुझे विश्वास है कि जल, जंगल पर आधारित विकास करना और निवेश लाकर विकास करना, दोनों ही क्षेत्रों में विकास कार्यों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश आगे बढ़ गया है। मैंने एक वाक्य अपने आफिस में लिखकर रखा है, अमेरिका के रास्ते अच्छे हुए तो अमेरिका धनवान हुआ है। दो वर्ष में उत्तर प्रदेश के रास्ते अमेरिका से भी अच्छे होंगे। सुखी, समृद्ध उत्तर प्रदेश बनेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भ्रष्टाचार और अपराध पर नियंत्रण कर रामराज्य स्थापित किया हुआ है। केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी लखनऊ में 1028 करोड़ की विकास परियोजनाओं के लोकार्पण एवं शिलान्यास कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि मैं कानपुर लखनऊ हाइवे से आया हूं। एआई एमजीसी का उपयोग कानपुर लखनऊ हाइवे पर हुआ है। जल्द इसे पूरा कर उद्घाटन करेंगे। मैं गारंटी देता हूं कि दस वर्षों तक कानपुर लखनऊ हाइवे पर गड्ढा नहीं होगा। गडकरी ने कहा कि आज मैने मुख्यमंत्री योगी के सामने बात रखी है कि वाराणसी से कलकत्ता, गोरखपुर से सिलीगुड़ी के लाखों करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण एक ही दिन करेंगे। इस देश में रुपयों की कमी नहीं है। ईमानदार नेताओं की कमी है। इस देश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आत्मनिर्भर भारत का निर्माण हो रहा है। यह देश बदल रहा है। उत्तर प्रदेश भी बदल रहा है। केन्द्रीय मंत्री गडकरी ने अपने उद्बोधन में उत्तर प्रदेश के लिए घोषणाएं करते हुए कहा कि प्रयागराज से वाराणसी तक के छह लेन के कार्य को जल्द शुरू कराया जाएगा। आगरा अलीगढ़ मार्ग, बदायूं बरेली मार्ग, रायबरेली जौनपुर मार्ग, बरेली बाईपास, गोंडा में फोरलेन सहित उत्तर प्रदेश और लखनऊ के लिए विशेष रूप से एक हजार करोड़ के मार्गों की मांग पर मंजूरी दे रहा हूं। इसी में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मांग पर नैनी पर सामानांतर एक पुल बनेगा। दूसरे पुल के लिए अभी विचार करूंगा। उत्तर प्रदेश ब्रिज कारपोरेशन को कार्यदायी संस्था भी बना रहा हूं।

## पश्चिम बंगाल : संघ प्रमुख डॉ. भागवत की सभा को हाई कोर्ट की हरी झंडी, राज्य सरकार की आपत्ति खारिज

एजेंसी, कोलकाता

पश्चिम बंगाल सरकार की आपत्ति खारिज करते हुए कलकत्ता हाई कोर्ट ने शुक्रवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) को 16 फरवरी को बर्दवान में सभा करने की अनुमति दे दी। सभा में आरएसएस के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत मुख्य वक्ता हैं। डॉ. भागवत फिलहाल पश्चिम बंगाल में ही मौजूद हैं। आरएसएस ने इस सभा के दौरान ध्वनि विस्तारक यंत्र (लाउडस्पीकर) के इस्तेमाल की अनुमति के लिए अदालत का रुख किया था, क्योंकि ममता बनर्जी सरकार ने इसकी अनुमति देने से इनकार कर दिया था। राज्य पुलिस ने परीक्षा के दौरान शोरशराबे से छात्रों



को होने वाली परेशानी की दलील देते हुए सभा की अनुमति नहीं दी थी। हालांकि, याचिकाकर्ता की ओर से अदालत में तर्क दिया गया कि सभा स्थल के आसपास कोई स्कूल नहीं है और इसलिए छात्रों को किसी तरह की परेशानी नहीं होगी। साथ ही रैली रविवार को होनी है, जिस दिन स्कूल और सारी परीक्षाएं बंद रहेंगी। इसलिए राज्य सरकार की आपत्ति का कोई अर्थ नहीं है। हाई कोर्ट ने मामले की सुनवाई के दौरान पाया कि जिस दिन सभा प्रस्तावित है, उस दिन कोई परीक्षा निर्धारित नहीं है। इसी आधार पर अदालत ने राज्य सरकार की आपत्ति को खारिज कर दिया। हाईकोर्ट की न्यायमूर्ति अमृता सिन्हा ने आरएसएस की सभा को सशर्त अनुमति दी है। अदालत ने आयोजकों को भीड़ के आकार पर नियंत्रण रखने और लाउडस्पीकर की ध्वनि सीमा निर्धारित नियमों के भीतर रखने के निर्देश दिए हैं। डॉ. भागवत इन दिनों पश्चिम बंगाल के दौरे पर हैं, जहां वे आरएसएस के विभिन्न पदाधिकारियों से मुलाकात कर संगठन के विस्तार को लेकर चर्चा कर रहे हैं। बर्धमान में प्रस्तावित सभा केंद्रीय बंगाल के जिलों में संगठन के विस्तार का हिस्सा मानी जा रही है।

## कोल्हापुर में एक और जीबीएस पीड़ित की मौत

एजेंसी, मुंबई

कोल्हापुर जिले के चंदवड़ में शुक्रवार को गिलियन-बैरे सिंड्रोम (जीबीएस) पीड़ित एक महिला की मौत हो गई। इसके साथ ही राज्य में जीबीएस में मरने वाले मरीजों की संख्या बढ़कर नौ हो गई है। स्वास्थ्य मंत्री प्रकाश अबिटकर ने जीबीएस मरीजों के लिए आवश्यक उपाय योजना करने का निर्देश दिया है। जानकारी के अनुसार चंदवड़ की रहने वाली जीबीएस पीड़ित 60 वर्षीय महिला को चार दिन पहले कोल्हापुर के छत्रपति प्रमिलाराजे अस्पताल में भर्ती करवाया गया था, लेकिन आज सुबह महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई। इसकी जानकारी अस्पताल के प्रमुख डॉ. शिशिर मिरगुंडे ने



मीडिया को दी। मिरगुंडे ने बताया कि अस्पताल में जीबीएस को लेकर आवश्यक उपाय योजना की गई है, इसलिए घबराने की जरुरत नहीं है। उल्लेखनीय है कि राज्य में अब तक जीबीएस के 203 मरीज मिल चुके हैं, इनमें से 109 लोगों पूरी तरह ठीक होने के बाद उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी जा चुकी है। सूबे के विभिन्न अस्पतालों में से 54 मरीज आईसीयू में इलाज करा रहे हैं, जबकि 20 वेंटिलेटर पर हैं।

## मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लागू, सीएम पहले ही दे चुके हैं इस्तीफा

एजेंसी, नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने गुरुवार को मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लागू कर दिया। इससे पहले, 9 फरवरी को मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने अपना इस्तीफा राज्यपाल को सौंप दिया था। गौरतलब है कि जातीय हिंसा के चलते भारी दबाव के बाद बीरेन सिंह ने पद से इस्तीफा दिया था। मणिपुर में 3 मई 2023 से जातीय हिंसा जारी थी, जिससे राज्य में अशांति बनी हुई थी। 21 महीनों से जारी इस हिंसा को लेकर बीरेन सिंह पर इस्तीफे का दबाव था। विपक्षी पार्टियां भी एनडीए सरकार से लगातार इस मुद्दे पर सवाल पूछ रही थीं। इसके चलते 9 फरवरी को बीरेन सिंह ने सीएम पद से इस्तीफा दे दिया था। कूकी समुदाय की संस्था आईटीएलएफ के प्रवक्ता गिन्जा वूलजोंग ने कहा कि बीरेन सिंह ने अविश्वास प्रस्ताव में हार के डर से इस्तीफा दिया। हाल ही में उनका एक ऑडियो टेप लीक हुआ था, जिस पर सुप्रीम कोर्ट ने संज्ञान लिया। प्रवक्ता ने कहा, मैतेई समुदाय ने हमें अलग कर दिया है, अब हम पीछे नहीं हट सकते। बहुत खून बह चुका है। हमारी मांग अलग प्रशासन की है। कूकी समुदाय ने साफ कर दिया कि वे अपनी अलग प्रशासन की मांग से पीछे नहीं हटेंगे। कांग्रेस सांसद व लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने एन बीरेन सिंह के इस्तीफे के बाद पीएम मोदी पर निशाना साधा था। उन्होंने कहा कि हिंसा और जान-माल के नुकसान के बावजूद पीएम मोदी ने बीरेन सिंह को पद पर बनाए रखा। राहुल गांधी ने अपनी एक्स पोस्ट में लिखा कि अब जरूरी है कि मणिपुर में शांति बहाल की जाए और लोगों के घावों को भरा जाए। उन्होंने मांग की कि पीएम मोदी को तुरंत मणिपुर जाना चाहिए, वहां के लोगों की बात सुननी चाहिए और यह बताना चाहिए कि वे हालात सामान्य करने के लिए क्या योजना बना रहे हैं।



## राहुल गांधी को लिखी चिट्ठी, सज्जन कुमार को कांग्रेस से निकालें

एजेंसी, नई दिल्ली

दिल्ली के राजौरी गार्डेन क्षेत्र से नवनिर्वाचित भाजपा विधायक मनजिंदर सिंह सिरसा ने लोकसभा में नेता विपक्ष एवं कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को आज पत्र लिखकर सज्जन कुमार को कांग्रेस से निकालने की मांग की है। इसके साथ ही सिरसा ने राहुल गांधी से यह भी सुनिश्चित करने को कहा है कि सिख विरोधी दंगों में शामिल कोई भी नेता कांग्रेस से न जुड़ने पाए। 1984 के सिख विरोधी दंगों में सज्जन कुमार को दिल्ली की एक अदालत ने दोषी ठहराया है। इसी परिप्रेक्ष्य में राहुल गांधी को लिखे अपने पत्र के बारे में मनजिंदर सिंह सिरसा ने बताया कि उन्होंने राहुल गांधी को पत्र में याद दिलाया है कि सज्जन कुमार को अभी पार्टी से नहीं निकाला गया है। उनसे अनुरोध किया है कि वे संसद में एक प्रस्ताव पारित करके



मोदी सरकार द्वारा सिख विरोधी दंगा पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए एसआईटी गठित करने की सराहना करें। इसके साथ ही सज्जन कुमार को संरक्षण देने के लिए सिख समुदाय और देश से माफी मांगें। सिरसा ने राहुल गांधी को पत्र में लिखा है कि 1984 के सिख नरसंहार में भूमिका के लिए कांग्रेस नेता सज्जन कुमार को हाल ही में दोषी ठहराया जाना देश के इतिहास के सबसे काले और शर्मनाक अध्यायों में से एक की दर्दनाक याद दिलाता है।

## महाराष्ट्र नए कानूनों के अनुरूप एक आदर्श 'डायरेक्टरेट ऑफ प्रॉसिक्यूशन' की व्यवस्था बनाए : अमित शाह

एजेंसी, नई दिल्ली

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को नई दिल्ली में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस की उपस्थिति में राज्य में तीन नए आपराधिक कानूनों के कार्यान्वयन पर समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में पुलिस, जेल, कोर्ट, अभियोजन और फॉरेन्सिक से संबंधित विभिन्न नए प्रावधानों के महाराष्ट्र में कार्यान्वयन और वर्तमान स्थिति की समीक्षा की गई। बैठक में केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि महाराष्ट्र नए आपराधिक कानूनों के अनुरूप एक आदर्श डायरेक्टरेट ऑफ प्रॉसिक्यूशन की व्यवस्था बनाए। उन्होंने कहा कि 7 साल से अधिक सजा के मामलों में 90 प्रतिशत से अधिक दोषसिद्धि हासिल करने के प्रयास किए जाएं



और पुलिस, सरकारी वकील एवं न्यायपालिका मिलकर दोषियों को जल्द से जल्द सजा दिलाने का प्रयास करें। केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि देशवासियों को त्वरित व पारदर्शी न्याय प्रणाली देने के लिए मोदी सरकार संकल्पित है। उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था मजबूत बनाने के लिए अपराधों का दर्ज होना जरूरी है, इसलिए एफआईआर दर्ज करने में किसी तरह की देरी नहीं होनी चाहिए। गृह मंत्री ने एक बार फिर इस बात पर जोर दिया कि संगठित अपराध, आतंकवाद और मॉब लिंचिंग के मामलों की वरिष्ठ पुलिस अधिकारी नियमित मॉनिटरिंग करें ताकि इन अपराधों से जुड़ी धाराओं का दुरुपयोग न हो। उन्होंने कहा कि जेलों, सरकारी अस्पतालों, बैंक, फोरेंसिक साइंस लैबोरेटरी (एफएसएल) इत्यादि परिसरों में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए साक्ष्य दर्ज करने के व्यवस्था होनी चाहिए। शाह ने कहा कि ऐसी व्यवस्था की जानी चाहिए जिसमें अपराध एवं अपराधी ट्रैकिंग नेटवर्क एवं सिस्टम (सीसीटीएनएस) के जरिए दो राज्यों के बीच एफआईआर को ट्रांसफर किया जा सके। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र को सीसीटीएनएस 2.0 और आईसीजेएस 2.0 को अपनाना चाहिए। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि पुलिस को पूछताछ के लिए हिरासत में रखे गए लोगों की जानकारी इलेक्ट्रॉनिक डैशबोर्ड पर प्रदान करनी चाहिए। उन्होंने पुलिस थानों में इंटरनेट कनेक्टिविटी बढाने पर जोर दिया। शाह ने कहा कि हर पुलिस सब डिवीजन में फॉरेंसिक साइंस मोबाइल वैन्स की उपलब्धता सुनिश्चित होनी चाहिए।

## पीएम मोदी ने एलन मस्क के बच्चों को तोहफे में दीं किताबें

एजेंसी, नई दिल्ली

अमेरिका में पीएम नरेंद्र मोदी का भव्य स्वागत हुआ। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दूसरे कार्यकाल के दौरान भारतीय प्रधानमंत्री मोदी शुक्रवार को पहली बार ट्रंप से मिले। इसके पहले अपनी अमेरिका यात्रा के दौरान पीएम मोदी स्पेस एक्स और टेस्ला जैसी कंपनी के मालिक एलन मस्क और पार्टनर शिवोन जिलिस व तीन बच्चों से भी मिले। पीएम मोदी ने बच्चों को भारतीय साहित्य की कुछ किताबें तोहफे में दी। इन किताबों का नाम जानकर आपकी छाती भी गर्व से चौड़ी होगी। दरअसल, रवींद्रनाथ टैगोर की "द क्रिसेंट मून", पंडित विष्णु शर्मा की पंचतंत्र और द ग्रेट आरके नारायण कलेक्शन पीएम की ओर से मस्क के बच्चों को गिफ्ट दी गई। प्रधानमंत्री द्वारा साझा की गई तस्वीरों में बच्चे इन किताबों को पढ़ते दिख रहे हैं। पीएम मोदी ने मस्क के परिवार से मिलने और विस्तृत चर्चा करने पर खुशी जाहिर की। जिलिस मस्क की कंपनी न्यूरालिंक में एक कार्यकारी हैं। उन्होंने साल 2021





में दो जुड़वा बच्चों को जन्म दिया था। बाद में उन्होंने एक तीसरे बच्चे का स्वागत किया। दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति मस्क के कुल 12 बच्चे हैं। मस्क के साथ बैठक को "बहुत अच्छी" बताते हुए, पीएम मोदी ने स्पेस एक्सप्लोरेशन, आईटी, प्रौद्योगिकी और इनोवेशन के प्रति भारत के प्रयासों पर चर्चा की. प्रधानमंत्री कार्यालय ने इनोवेशन, स्पेस एक्सप्लोरेशन, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, सस्टेनेबल डेवलपमेंट, उभरता आईटी, एंटरप्रेन्योरशिप और सुशासन जैसे क्षेत्रों में भारत और अमेरिका के बीच संभावित सहयोग पर जोर दिया। पीएम मोदी ट्रंप से मिलने के अलावा भारतीय-अमेरिकी अरबपति उद्यमी विवेक रामास्वामी से भी मिले।

# प्रगति यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री ने जहानाबाद जिला को दी 241 करोड़ रुपये से अधिक की सौगात, 88 योजनाओं का किया उद्घाटन एवं शिलान्यास

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज प्रगति यात्रा के क्रम में जहानाबाद जिले के काको प्रखंड के धरहरा ग्राम के राजकीय अन्य पिछड़ा वर्ग आवासीय बालिका 10+2 उच्च विद्यालय परिसर से 241.20 करोड़ रुपये की कुल BB विकासात्मक योजनाओं का रिमोट के माध्यम से उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। इनमें 154.72 करोड़ रुपये की 55 योजनाओं का उद्घाटन और 86.48 करोड़ रुपये की 33 योजनाओं का शिलान्यास शामिल है। मुख्यमंत्री ने आज जहानाबाद जिले में विभिन्न जगहों पर विकासात्मक योजनाओं का जायजा लिया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने 4635.28 लाख रुपये की लागत से राजकीय अन्य पिछड़ा वर्ग आवासीय बालिका 10+2 उच्च विद्यालय, धरहरा का शिलापट्ट अनावरण एवं फीता काटकर उद्घाटन किया। उद्घाटन के पश्चात् मुख्यमंत्री ने विद्यालय के प्रशासनिक एवं शैक्षणिक भवन के विभिन्न भागों का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने बच्चियों से बातचीत की और कहा कि जीवन में उत्साहित होकर ठीक से पढ़ाई करें। बच्चियों ने मुख्यमंत्री का स्वागत ताली बजाकर किया। मुख्यमंत्री ने विद्यालय परिसर में बनाए गए छात्रावास मेस के संबंध में भी जानकारी ली। इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने विभिन्न विभागीय स्टॉलों का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने उद्योग विभाग, कृषि विभाग, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, समाज कल्याण विभाग, पिछड़ा एवं अति पिछड़ा कल्याण विभाग, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग और शिक्षा विभाग के स्टॉलों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री उद्यमी योजना, स्टार्टअप योजना, मुख्यमंत्री निःशक्त विवाह प्रोत्साहन योजना, अनुसूचित जाति-अनुसूचित जनजाति (अत्याचार) निवारण अधिनियम, मुख्यमंत्री मत्स्य विपणन योजना और राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के अंतर्गत संचालित योजना के लाभुकों स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड, उद्यान योजना के लाभुकों को सांकेतिक चेक प्रदान किया। उन्होंने बिहार लघु उद्यमी योजना के तहत लाभुकों को 1 करोड़ 36 लाख रुपये का सांकेतिक चेक प्रदान किया। मुख्यमंत्री ने स्वयं सहायता समूह की जीविका दीदियों द्वारा जीविकोपार्जन हेतु की जा रही विभिन्न गतिविधियों एवं उत्पादों की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने सतत् जीविकोपार्जन योजना के तहत 811 स्वयं सहायता समूह को 4 करोड़ रुपये का सांकेतिक चेक प्रदान किया। साथ ही मुख्यमंत्री ने जीविका दीदियों के स्टॉल पर लगाए गए विभिन्न उत्पादों को देखा और जीविका दीदियों से बातचीत की। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2006 में जब हमलोगों को बिहार में काम करने का मौका मिला तो हमने देखा कि यहां स्वयं सहायता समूहों की संख्या नाम मात्र की थी। हमलोगों ने विश्व बैंक से कर्ज लेकर स्वयं सहायता समूहों की संख्या बढ़ानी शुरू की। हमने ही स्वयं सहायता समूह का नाम जीविका दिया, जिससे प्रेरित होकर तत्कालीन केंद्र सरकार ने इसका नाम आजीविका किया। हमने जीविका से जुड़ी महिलाओं को जीविका दीदी नाम दिया। शहरी क्षेत्रों में भी स्वयं सहायता समूह का विस्तार किया जा रहा है। स्वयं सहायता समूहों से जुड़कर महिलाएं आत्मनिर्भर और स्वावलंबी बन रही हैं। इससे बिहार की महिलाओं की आर्थिक स्थिति में काफी सुधार आया है। उनका पहनावा और बोलचाल भी काफी अच्छा हो गया है। वे लोगों से बेहिचक होकर बातें करने लगी हैं। मैं आप सभी जीविका दीदियों को बेहतर कार्य करने के लिए बधाई देता हूं, आप लोग आगे बढ़ें, खूब तरक्की करें। जीविका दीदियों ने मुख्यमंत्री को धन्यवाद देते हुए कहा कि आपकी बदौलत हमलोगों का जीवन सुधरा है, हमलोगों को नई पचहान मिली है। हमलोगों की पारिवारिक और सामाजिक स्थिति में काफी सुधार हुआ है, यह सब आपकी देन है। मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारी से कहा कि जीविका दीदियों के उत्थान के लिए चलाई जा रही योजनाओं को क्रियान्वित करने पर विशेष ध्यान दें। मुख्यमंत्री ने जल-जीवन-हरियाली अभियान के अंतर्गत धरहरा में 13.90 लाख रुपये लागत से निर्मित गांधी पार्क का लोकार्पण किया। लोकार्पण के पश्चात् मुख्यमंत्री ने गांधी पार्क का निरीक्षण किया, इस दौरान जल-जीवन-हरियाली अभियान के अंतर्गत निर्माण कराए गए नवनिर्मित कुएं को देखा। मुख्यमंत्री ने जल जीवन हरियाली अभियान के तहत बनाए गए बड़े तालाब का अवलोकन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि इसके चारों तरफ सीढ़ी का निर्माण कराएं ताकि लोग इसके चारों तरफ घूम सकें और इसका आनंद उठा सकें। यहां आने वाले पर्यटकों को बोटिंग सहित अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराएं। इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने काको प्रखंड के काजीसराय ग्राम में 103.76 लाख रुपये लागत के उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय के नवनिर्मित भवन का फीता काटकर एवं शिलापष्ट अनावरण कर उद्घाटन किया। उद्घाटन के पश्चात् मुख्यमंत्री ने विद्यालय का निरीक्षण किया और वहां के छात्र-छात्राओं से बातचीत करते हुये कहा कि ठीक से पढ़ाई करें और आगे बढ़ें। मुख्यमंत्री को वहां उपस्थित एन०सी०सी० के कैडटों ने सलामी दी। मुख्यमंत्री ने फीता काटकर एवं शिलापट्ट अनावरण कर 9.56 लाख रुपये लागत के खेल मैदान का उद्घाटन किया। उद्घाटन के पश्चात् मुख्यमंत्री ने वहां उपस्थित खिलाड़ियों को बॉल प्रदान कर खेल की शुरुआत कराई और उनका उत्साहवर्द्धन किया। इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने जहानाबाद शहर के राजा बाजार स्थित अंडर पास के पास प्रस्तावित आर०ओ०बी० का स्थल निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को एन०एच०-33 को एन०एच०-83 से जोड़ने वाले आर०ओ०बी० के निर्माण कार्य के संबंध में जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने मलहचक में प्रस्तावित इंडोर बैडमिंटन स्टेडियम सह स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का स्थल निरीक्षण किया और इसके निर्माण कार्य के मॉडल को देखा। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि इसे बेहतर ढंग से बनाएं ताकि खिलाडियों को सभी प्रकार की सुविधाएं मिले और वे इसका लाभ उठा सकें। मुख्यमंत्री ने वहां उपस्थित खिलाड़ियों से मुलाकात की और उनका उत्साहवर्द्धन किया। मुख्यमंत्री ने खिलाड़ियों को अपना हस्ताक्षर कर बास्केट बॉल प्रदान किया। अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बाणावर में पर्यटकीय विकास को लेकर कराए जानेवाले कार्यों की जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान उप मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी, जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, ग्रामीण कार्य मंत्री सह जहानाबाद जिले के प्रभारी मंत्री श्री अशोक चौधरी, अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री जमा खान, सांसद श्री सुरेंद्र प्रसाद यादव, विधान पार्षद श्री जीवन कुमार, पूर्व सांसद श्री चंदेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी, पूर्व विधायक श्री अभिराम शर्मा, अन्य जनप्रतिनिधिगण, विकास आयुक्त श्री प्रत्यय अमृत, पुलिस महानिदेशक श्री विनय कुमार, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ० एस० सिद्धार्थ, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, पिछड़ा एवं अति पिछड़ा कल्याण विभाग के सचिव श्री मनोज कुमार, पथ निर्माण विभाग के सचिव बी० कार्तिकेय धनजी, मगध प्रमंडल के आयुक्त श्री प्रेम सिंह मीणा, मगध प्रक्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक श्री क्षत्रनील सिंह, जिलाधिकारी श्रीमती अलंकृता पाण्डेय, पुलिस अधीक्षक श्री अरविंद प्रताप सिंह सहित अन्य वरीय अधिकारी एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के भव्य आयोजन को लेकर जदयू प्रदेश कार्यालय में बैठक

**पटना।** जदयू महिला प्रकोष्ठ द्वारा आगामी 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम को लेकर शुक्रवार को पार्टी प्रदेश कार्यालय में तैयारी बैठक आयोजित की गई। जिसमें कार्यक्रम की ऐतिहासिक सफलता हेतु कई बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा हुई एवं आगे की रूपरेखा भी तय की गई। साथ ही कार्यक्रम की तैयारी हेतु विस्तारित बैठक 21 फरवरी को निर्धारित की गई है। बैठक की अध्यक्षता कर रहे पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अनूठा मिसाल कायम किया है। महिलाओं के आर्थिक, सामाजिक और शैक्षणिक स्वावलंबन की बात करें तो हमारा बिहार अग्रणी राज्य है और यह नीतीश कुमार की दूरदर्शी सोच का नतीजा है। उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने हेतु सभी साथियों को पूरे जोर-शोर से जुटना है, ताकि इसका संदेश दूर तक जाए। महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष डॉ भारती मेहता ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस समारोह में प्रदेश के प्रत्येक पंचायतों से महिलायें शामिल होंगी। उक्त कार्यक्रम को लेकर पार्टी की महिलाओं में खासा उत्साह है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पंचायतों में आरक्षण लागू कर आधी आबादी को सशक्त बनाया है। बैठक में कोषाध्यक्ष ललन सर्राफ, विधानपार्षद संजय कुमार सिंह उर्फ गांधीजी, प्रकोष्ठों के प्रभारी नवीन आर्य , रुचि अरोड़ा, उषा सिन्हा, ममता शर्मा, मधुलता देवी, मधू कुमारी, विजयालक्ष्मी, पूजा एन शर्मा, रेणुका कुशवाहा, राजकुमारी विभु, याश्मीन खातून, रेनू देवी, मनोजा देवी, विनिता तिवारी मौजूद रही।

### प्रदेश के सतत विकास को तेज गति देना प्रगति यात्रा का लक्ष्य : उमेश

**पटना।** जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने शुक्रवार को बयान जारी कर कहा कि सूबे के सतत विकास को तेज गति प्रदान करना प्रगति यात्रा का लक्ष्य है। इस यात्रा के दौरान जिन भी जिलों में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जा रहे हैं, वहां की जनता पलक-पांवड़े बिछाकर उनका स्वागत कर रही है। यह हमारे नेता के प्रति आम जनता में अटूट विश्वास और अथाह समर्थन का प्रतीक है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि प्रगति यात्रा के क्रम में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार प्रत्येक जिलों में जाकर सैकड़ों करोड़ रुपये की लागत से विभिन्न योजनाओं की सौगात दे रहे हैं। हाल के दिनों में प्रगति यात्रा से जुड़े कई परियोजनाओं को बिहार कैबिनेट द्वारा मंजूरी भी मिल चुकी है। जिससे आने वाले दिनों में बिहार की नई तस्वीर उभरकर सामने आएगी और बिहारवासियों को इसका खासा लाभ मिलेगा। उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि नीतीश कुमार ने 19 वर्षों के अपने शानदार शासनकाल में उजड़े और बिखरे हुए बिहार को विकास की नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है। आज नीतीश सरकार के विकास मॉडल की चर्चा और प्रशंसा देश-दुनिया में होती है। वहीं, राजद की सरकार में बिहार लूट, भ्रष्टाचार और अपरहण मॉडल के लिए जाना जाता था। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि समाज के हर शोषित, वंचित और कमजोर वर्गों तक विकास की किरणों की पहुँच सुनिश्चित कराना नीतीश सरकार की पहली प्राथमिकता रही है। उन्हें सशक्त बनाने की दिशा में कई सकारात्मक पहल किए गए हैं, जिसका असर अब सीधे तौर पर सुदूर गांवों में नजर आता है।

### मणिपुर में राष्ट्रपति शासन डबल इंजन सरकार का दिवालियापन : भाकपा

**पटना।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव रामनरेश पाण्डेय ने कहा कि मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लागू करना भाजपा की डबल इंजन सरकार के पूर्ण दिवालियापन को दशार्ता है, जिसके शासन में राज्य दो वर्षों से हिंसक उथल-पुथल में है। राष्ट्रपति शासन मणिपुर के हित में नहीं, बल्कि सत्तारूढ़ गठबंधन के भीतर आंतरिक संघर्षों को निपटाने के लिए लगाया गया है। मुख्य दोषी तत्कालीन मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह हैं,जिन्हें भाजपा-आरएसएस का समर्थन प्राप्त था।जिसे इस्तीफा देने के लिए मजबूर होना पड़ा। क्योंकि उनकी पक्षपातपूर्ण भूमिका की जांच एक अदालत द्वारा की जा रही थी, जहां उनकी सांप्रदायिक पक्षपातपूर्ण भूमिका के सबूत पेश किए गए थे, जिसके कारण उनके पास पद छोड़ने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा था। इन सभी घटनाक्रमों में, सत्तारूढ़ भाजपा और केंद्र सरकार के केंद्रीय नेतृत्व ने मणिपुर के लोगों पर पड़ने वाले गहरे दुख को कम करने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने से इनकार कर दिया, जिसका प्रतीक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संकटग्रस्त राज्य का दौरा करने से भी इनकार करना है। इससे सत्तारूढ़ पार्टी और उसके नेतृत्व वाली राज्य और केंद्र सरकार के सांप्रदायिक दृष्टिकोण का पता चलता है, जो अपने राजनीतिक हितों को राज्य और उसके लोगों के हितों से ऊपर रखते हैं। राष्ट्रपति शासन कोई समाधान नहीं है। हालांकि, अब केंद्र सरकार अपनी जिम्मेदारी से बच नहीं सकती। उसे विभिन्न समुदायों के प्रतिनिधियों के साथ बातचीत के माध्यम से गहरे मतभेदों को दूर करने के लिए तुरंत कदम उठाने चाहिए ताकि राज्य के लोगों के लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा करते हुए सामान्य स्थिति, शांति और सद्भाव लाने के लिए उचित समाधान निकाला जा सके, जिसमें समय सीमा के भीतर चुनाव कराना भी शामिल है।

# 2025 में एनडीए 225 के लक्ष्य को पार करेगी : डॉ राजेश भट्ट

नई सोच एक्सप्रेस




**पटना।** लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के मुख्य प्रवक्ता डॉ राजेश भट्ट ने जमुई परिसदन में आयोजित एनडीए की संयुक्त प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि 2025 के बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए के सभी घटक दल बेहतर समन्वय के साथ चुनाव में उतरेगी और एनडीए 225 के लक्ष्य को पार करेगी और बिहार में फिर में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार बनेगी। डॉ भट्ट ने प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए आगे कहा कि एनडीए से ही बिहार का विकास संभव है एनडीए गठबंधन बिहार के विकास को लेकर कृत संकल्पित है डॉ भट्ट ने कहा कि यह हमारे लिए विशेष सौभाग्य का दिन है कि आज मुझे अपने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह केंद्रीय मंत्री श्री चिराग पासवान जी की कर्मभूमि पर आने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है हमारे पार्टी के संस्थापक नेता स्वर्गीय रामविलास पासवान जी को देश के छः-छः प्रधानमंत्रियों के साथ काम करने का अवसर मिला 50 वर्षों के राजनीतिक कार्यकाल के बावजूद अपने बेदाग छवि के लिए वह आज भारतीय राजनीति में एक नक्षत्र के रूप में जाने जाते हैं लगातार वे कहते थे कि हम उस घर में दिया जलाने चले हैं जिसमें सदियों से अंधेरा है अर्थात समाज के अंतिम पायदान के विकास पर उनका विशेष ध्यान रहा। उन्हीं के अधूरे सपनों को आगे बढ़ाते हुए पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री चिराग पासवान जी ने जमुई के विकास का संकल्प लिया और उससे ज्यादा अत्यंत हर्ष का विषय है कि जमुई की जनता ने उन्हें दो-दो बार सेवा करने का मौका दिया। पार्टी और एनडीए की ओर से समस्त जमुई लोकसभा की जनता का हम आभार व्यक्त करते हैं। हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री चिराग पासवान ने जमुई के नेता नहीं बल्कि बेटा बनकर जमुई की सेवा की है यही कारण है कि जमुई के समावेशी और सामेकित विकास को लेकर हमेशा प्रतिबद्ध रहे। एक सांसद के रूप में नीति आयोग की रिपोर्ट के अनुसार जमुई को आकांक्षी जिलों में अव्वल दर्जा पर लाने का उन्होंने कार्य किया। आज स्वास्थ्य के क्षेत्र में जमुई में मेडिकल कॉलेज व अस्पताल का निर्माण शिक्षा के क्षेत्र में केंद्रीय विद्यालय की स्थापना अमृत भारत योजना के तहत जमुई झाझा और सिमुलतला रेलवे स्टेशन का आधुनिकीकरण किया गया। हर क्षेत्र में जमुई के विकास के लिए उन्होंने स्वयं सतत प्रयास किया जिससे आज जमुई हर पैमाने पर राज्य के अन्य जिलों की तुलना में कहीं अग्रणी जिला के रूप में स्थापित हो पाया है। हमारे नेता का जमुई से विशेष लगाव रहा है बिहार में एनडीए सरकार बिहार के समावेशी विकास के लिए कृत संकल्पित है एनडीए की सरकार में ही बिहार का विकास संभव है। लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास एनडीए का मजबूत घटक दल है और हमारी पार्टी लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास एनडीए के साथ मजबूती से खड़ी हैं। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान जी जो देश के खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री भी है उन्होंने व्यक्तिगत तौर पर देश के वित्त मंत्री सीतारमण से आग्रह कर निफ्टेम जैसे ख्याति प्राप्त संस्था की तीसरी शाखा बिहार में खुलवाने की बजट में स्वीकृति ली है। जो प्रशंसनीय है हमारी पार्टी बिहार के हर वर्ग के समेकित और समावेशी विकास को लेकर प्रतिबद्ध है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने बिहार फर्स्ट बिहारी फर्स्ट की सोच के साथ पार्टी को लेकर आगे बढ़ने का काम किए हैं। जिसमें समाज के अंतिम पायदान के हर उस व्यक्ति का विकास निहित है जो मुख्य धारा से आज भी अलग है निफ़्टेम जैसे संस्थानों से बिहार में एक और खाद्य प्रसंस्करण के तहत नए आयाम खुलेंगे वहीं युवाओं को रोजगार के लिए नए अवसर सृजित होगा। डॉ भट्ट ने कहा कि आगे भी एनडीए की डबल इंजन की सरकार से ही बिहार का सामेकित विकास संभव है। एनडीए मतलब सबका साथ, सबका विश्वास, न्याय के साथ विकास और बिहार फर्स्ट बिहारी फर्स्ट के विजन के साथ एक मजबूत गठबंधन है जो बिहार के अंतिम व्यक्ति के विकास को लेकर गंभीर है। जमुई का विकास एनडीए की सरकार में जिस तीव्र गति से हुई वह काबिलें तारीफ है। जमुई के वर्तमान माननीय सांसद श्री अरुण भारती कोअहमजीअ का कटौना हाल्ट की स्वीकृति दिलाने में अहम भूमिका का निर्वहन किया । जिससे सैकड़ो गांव के ग्रामीणों को आवागमन को लेकर इसका सीधा लाभ मिलेगा। जमुई रेलवे स्टेशन पर यात्री की जन सुविधाओं को देखते हुए हावड़ा-हरिद्वार, बलिया-सियालदह एवं अन्य ट्रेनों का ठहराव सुनिश्चित कराने एवं जमुई, झाझा, सिमुलतला स्टेशनों के तीव्र गति से सौंदर्यीकरण कराने में उनकी अहम भूमिका रही। जमुई में पासपोर्ट कार्यालय और एफसीआई का क्षेत्रिय कार्यालय का शाखा खुलवाने का कार्य हमारे नेता ने किया। एनडीए और हमारे पार्टी के माननीय सांसद अरूण भारती जी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के अधूरे कार्यों को तेजी से आगे बढ़ते हुए अल्प समय में सड़क, रेल और समाज के अन्य मुद्दों से संबंधित विकास को लेकर सतत प्रयासरत है। अरूण भारती जी ने वंदे भारत ट्रेन का झाझा में ठहराव को लेकर देश के रेल मंत्री श्री आश्वनी वैष्णव जी से व्यक्तिगत मिलकर आग्रह कियें है। उनके प्रयास से ही जमुई झाझा और सिमुलतला रेलवे स्टेशन का सौंदरीकरण किया गया है। वहीं पर्यटन के क्षेत्र में सरकार द्वारा भगवान महावीर के जन्मस्थली खैरा एवं लछुआड़ जैन सर्किट के रूप में विकसित किया गया है। इसके अलावे सैकड़ों गांवों से मुख्य सड़क का सम्पर्क पुल-पुलिया, विवाह भवन, छठ घाट, अम्बेडकर भवन, किसान भवन, सामुदायिक भवन, सोलर लाईट, हाई मास्क लाईट, हजारों विकलांग लोगों के लिए व्हीलचेयर का आवंटन किया गया। जिससे समाज के हर वर्ग को इसका लाभ मिला है। स्वच्छ पेयजल के लिए गांव-गांव में लोगों के बीच चापाकल मुहैया कराया गया, साथ ही बरनार जलाशय जैसे परियोजना को धरातल पर उतारने का काम किया है। इस अवसर पर संवाददाता सम्मेलन को भाजपा से अनामिका पासवान जदयू से हेमराज रालोमों से फजल इमाम मालिक और हम से शंकर माझी ने संबोधित किया वहीं मुख्य रूप से बिहार सरकार के माननीय मंत्री श्री सुमित सिंह जी सिकंदरा विधायक प्रफुल्ल माझी लोजपा रामविलास के जिला अध्यक्ष सह सांसद प्रतिनिधि जीवन सिंह जदयू के शैलेंद्र महतो भाजपा के निर्मल सिंह रालोमों के अरुण मंडल हम से दामोदर माझी तारापुर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी चंदन सिंह सिकंदरा के पूर्व प्रत्याशी रविशंकर पासवान संगीता पासवान मौजूद थे।

# गंगा पुल परियोजना के तहत भूमि एवं आवास आवंटन की जांच जारीः विजय सिंहा

## पुराने जर्जर आवासों को तोड़कर नवनिर्माण होगाः विजय सिन्हा

नई सोच एक्सप्रेस



» रिक्त भूमि पर पथ के क्वालिटी कंट्रोल केन्द्र आवासीय, एवं प्रशिक्षण केन्द्र के निर्माण पर विचार : विजय सिन्हा

» अध्यक्ष, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड के नेतृत्व में कमिटी गठित होगी : विजय सिन्हा

» अभियंता प्रमुख को स्थलीय निरीक्षण कर तीन दिनों में रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निदेशः विजय सिन्हा

**पटना।** गंगा पुल परियोजना के तहत विस्थापितों के पूनर्वासन के लिए विभाग द्वारा एक नीति बनाई गई थी, जिसके तहत विस्थापित व्यक्तियों को भूमि आवंटित करने का प्रावधान किया गया था। यह नियमावली वैसे विस्थापितों के लिए थी जिनका पटना/हाजीपुर में कोई आवास न हो। उप मुख्यमंत्री सह पथ निर्माण मंत्री ने बताया कि गंगा पुल परियोजना के तहत विस्थापितों के पूनर्वासन से संबंधित कई शिकायते मेरे समक्ष आई थी जिसे गंभीरता से लेते हुए मैंने विभागीय पदाधिकारियों को निर्देशित किया था। उप मुख्यमंत्री सह पथ निर्माण मंत्री ने बताया कि आवासों की कुल संख्या-109 है जिनमें मात्र 17 आवास आवंटित है। शेष 92 आवास गैर आवंटित है। सभी आवासों की स्थिति जर्जर है। यह आवासन लायक नही है। सभी आवासों को ध्वस्त कर कुल 4.922 एकड़ भूमि का उपयोग सरकारी भवन के निर्माण के लिए किया जा सकता है। इस संबंध में सभी तकनीकी और वैद्यानिक पहलुओं की समीक्षा का निर्देश ,वरीय पदाधिकारियों को दिया गया है। नियम संगत रूप से जिन्हें आवास आवंटित है, उन्हें चिंता करने की कोई बात नही है। सरकार उनका पुरा ध्यान रखेगी। उप मुख्यमंत्री सह पथ निर्माण मंत्री ने बताया कि कुल प्लॉटों की संख्या-514 है। जिसमें गैर निबंधित प्लॉट -128 एवं खाली प्लॉट 34 है। गैर निबंधित एवं खाली प्लॉट की कुल भूमि 7.7 एकड़ है। जिसपर नवनिर्माण पर विचार किया जायेगा। उप मुख्यमंत्री सह पथ निर्माण मंत्री ने बताया कि 50,000 वर्ग फीट का भूखंड भी रिक्त है, जिसपर आधारभूत संरचना का निर्माण किया जा सकता है। अभियंता प्रमुख को स्थलीय निरीक्षण कर तीन दिनों में प्रतिवेदन प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है। उप मुख्यमंत्री सह पथ निर्माण मंत्री ने बताया कि अध्यक्ष बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड की अध्यक्षता में एक कमिटी गठित की गई है, जिसमें अभियंता प्रमुख, मुख्य अभियंता दक्षिण, एवं मुख्य अभियंता अनुश्रवण सदस्य होगें। समिति को पन्द्रह दिनों के अन्दर एक विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत करना है, जिसके अधार पर नवनिर्माण की रूप-रेखा तैयार की जायेगी। उप मुख्यमंत्री सह पथ निर्माण मंत्री ने बताया कि यह भूमि जे0पी0 सेतु और गंगा नदी के निकट है। जे0पी0 सेतु पटना में मेरीन ड्राईव के तरह विकसित हो रहा है। उप मुख्यमंत्री सह पथ निर्माण मंत्री ने बताया कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में पथ निर्माण विभाग लगातार राज्य के आमजनों को सुगम यातायात उपलब्ध कराने हेतु प्रतिबद्ध है। वर्तमान समय में पथ एवं पुलों के निर्माण के साथ-साथ अन्य आधारभूत संरचनाओं के विकास का भी बड़ा महत्व है। यह प्रयास उसी दिशा में एक पहल है। मंत्री ने बताया कि अध्यक्ष बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड की अध्यक्षता में एक कमिटी गठित की गई है, जिसमें अभियंता प्रमुख, मुख्य अभियंता दक्षिण, एवं मुख्य अभियंता अनुश्रवण सदस्य होगें। समिति को पन्द्रह दिनों के अन्दर एक विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत करना है, जिसके अधार पर नवनिर्माण की रूप-रेखा तैयार की जायेगी। उप मुख्यमंत्री सह पथ निर्माण मंत्री ने बताया कि यह भूमि जे0पी0 सेतु और गंगा नदी के निकट है। जे0पी0 सेतु पटना में मेरीन ड्राईव के तरह विकसित हो रहा है। उप मुख्यमंत्री सह पथ निर्माण मंत्री ने बताया कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में पथ निर्माण विभाग लगातार राज्य के आमजनों को सुगम यातायात उपलब्ध कराने हेतु प्रतिबद्ध है। वर्तमान समय में पथ एवं पुलों के निर्माण के साथ-साथ अन्य आधारभूत संरचनाओं के विकास का भी बड़ा महत्व है। यह प्रयास उसी दिशा में एक पहल है।

# नरेंद्र मोदी के परीक्षा पर चर्चा ने बदला छात्रों का भविष्य : डॉ रणबीर नंदन



नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।** पूर्व विधान पार्षद वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ रणबीर नंदन ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी देश के छात्रों के भविष्य को लेकर पूर्ण आशान्वित हैं । अब प्रधानमंत्री विद्यार्थी के साथ बैठकर परीक्षा पर चर्चा करते हैं और उन्हें सफलता का टिप्स देते हैं। उनके परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम से छात्रों का भविष्य बदल रहा है और वह अपने लक्ष्य की ओर सफल हो रहे हैं। प्रो.नंदन अनीसाबाद स्थित पुलिस कॉलोनी में लक्ष्य कॉमर्स इंस्टिट्यूट का उद्घाटन कर रहे थे। उन्होंने इस मौके पर छात्रों से कहा कि सफलता के लिए उन्हें दैनिक दिनचर्या अनुशासित रखता होगा तभी वह अपने लक्ष्य या को प्राप्त कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि भविष्य में यह संस्थान छात्रों के भविष्य के लिए मील का पत्थर साबित होगा और यहां के शिक्षकों के द्वारा दिया गया टिप्स विद्यार्थी के लिए रामबाण होगा। उन्होंने कहा कि आज बेहतर शिक्षा का नतीजा है कि विद्यार्थी अपने क्षेत्र में बेहतर परिणाम ला रहे हैं। जीवन के हर क्षेत्र में कॉमर्स विषय की जरूरत वर्तमान अर्थव्यवस्था के आकलन के लिए जरूरी है।इस विषय का समाज में इतना महत्व हो गया है कि आज हर 2 किलोमीटर की परिधि में सी ए मिलते हैं।आज समाज के प्रत्येक क्षेत्र में चार्टर्ड अकाउंटेंट की आवश्यकता है और यह इंस्टीट्यूट उस आवश्यकता को पूरा करेगा।उन्होंने कहा आज शिक्षा के क्षेत्र में संभावनाएं बड़ी है और अब इंटर पास करने के बाद शैक्षणिक संभावनाएं बहुत तेजी से बड़ी है ,और छात्र स्पेशलाइज्ड कोचिंग कर अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर हो रहे हैं। इस मौके पर कोचिंग के निदेशक संजीत कुमार, रितेश रौनक, स्मृति कुमारी और उज्जवल कुमार सहित सैकड़ों छात्र मौजूद थे। कार्यक्रम में धन्यवाद ज्ञापन समाजसेवी विनोद सिंह ने किया।

## संक्षिप्त समाचार

### एचडीएफसी बैंक ने फाइनेंशियलीएवरआफ्टर जोड़ों को पैसे के बारे में प्रोत्साहित किया

**पटना।** एचडीएफसी बैंक ने फाइनेंशियलीएवरआफ्टर जोड़ों को वित्तीय मामलों के बारे में शिक्षित करने के लिए एक अनूठा अभियान शुरू किया है। यह अभियान युवा जोड़ों को अपने पैसे को एक साथ प्रबंधित करने के विचार से परिचित कराता है। यह जेन जेड और युवा मिलेनियल जोड़ों को पैसे के मामलों को एक साथ नेविगेट करने के लिए ज्ञान और उपकरणों के साथ सशक्त बनाने का प्रयास करता है। बैंक ने एक समर्पित माइक्रोसाइट बनाई है जिसमें एक इंटरैक्टिव फाइनेंशियलीएवरआफ्टर क्विज़ है, जो जोड़ों को मज़ेदार और जानकारीपूर्ण तरीके से अपनी वित्तीय अनुकूलता का आकलन करने में सक्षम बनाता है। क्विज़ वित्तीय निर्णयों के प्रति उनके दृष्टिकोण को प्रकट करता है, सहमति के साथ-साथ मतभेदों को भी सामने लाता है। वेबसाइट पर जानकारीपूर्ण वीडियो और लेख भी हैं, जो एक जोड़े के रूप में वित्त प्रबंधन पर व्यावहारिक मार्गदर्शन प्रदान करते हैं। इन अवधारणाओं को बैंक के वित्तीय जॉकी एफजे मनीशा द्वारा समझाया गया है, जो वित्तीय शब्दावली को स्पष्ट करते हैं।

### घर के एक लोग को स्व चिकित्सा के लिए बिना शुल्क प्रशिक्षित करना हमारा लक्ष्य :- डॉ पी पुष्कर

**पटना।** मिशन पेन फ्री लाइफ विथ ड्रग्लेस ट्रीटमेंट के तहत, शुरुआती बीमारी को गंभीर और असाध्य बनने से पहले ठीक करने के उद्देश्य से हर घर में एक स्वःचिकित्साक को प्रशिक्षित करने हेतु 22 फरवरी को निशुल्क एक्यूप्रेशर प्रशिक्षण का आयोजन स्टार्टअप बिहार द्वारा मान्यता आयुषवे एलएलपी और कुसुमपुरम कॉलोनी स्थित आयुष कॉलेज हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित होना तय हुआ है प्रशिक्षण को सफल बनाने के उद्देश्य से एक बैठक को संबोधित करते हुए निदेशक डॉ पी पुष्कर ने कहा यदि हम शुरुआती लक्षणों को पहचान कर प्राकृतिक चिकित्सा एक्यूप्रेशर - योग, डाइट एवं डिटॉक्स थेरेपी जैसे प्रभावी चिकित्सा द्वारा स्व-चिकित्सा करते हैं तो पूरी जीवन रोग के दर्द और दवा से बच सकते हैं प्राकृतिक चिकित्सा को सिखाना और इस्तेमाल करना बिल्कुल सरल होता है इसके प्रयोग से अपना और अपने परिवार को स्वस्थ रख सकते हैं रजिस्ट्रेशन कुसुमपुरम कॉलोनी स्थित कार्यालय या 8581900702 पर व्हाट्सएप के माध्यम से घर बैठे कर सकते हैं। प्रशिक्षण में शामिल होने वाले सभी प्रशिक्षु को निःशुल्क स्टडी मैटेरियल, ऑनलाइन थ्योरी क्लास, प्रैक्टिकल प्रशिक्षण और प्रमाण पत्र दिया जाएगा। प्रशिक्षण के बाद सभी तरह के दर्द, पाचन तंत्र संबंधित बीमारी, जीवन शैली संबंधित बीमारी साहित दर्जनों बीमारियों को स्व-चिकित्सा कर के ठीक कर सकते हैं।

**मिशन पेन फ्री लाइफ विथ ड्रग्लेस ट्रीटमेंट का उद्देश्य-**

शुरुआती बीमारी को गंभीर और असाध्य बनने से पहले ठीक करना

हर घर में एक स्व-चिकित्सा तैयार करना

प्राकृतिक चिकित्सा एक्यूप्रेशर डाइट और डिटॉक्स थेरेपी के माध्यम से स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता पैदा

प्राकृतिक चिकित्सा में रुचि रखने वाले को स्वरोजगार के लिए जागरूक करना

स्वस्थ जीवन के लिए साल में एक बार अपने शरीर को डिटॉक्स यानी सर्विसिंग करना।

### श्री शिर्डी साईं मंदिर में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में 500 से अधिक लोगों की हुई जांच

» एक दर्जन से अधिक मरीजों का मंदिर कराएगा मोतियाबिंद का मुफ्त ऑपरेशन

» भजन संध्या में कलाकारों ने साईं भक्ति की अलख जगाई

**पटना।** श्री शिर्डी साईं मंदिर कच्ची तालाब, गर्दनीबाग के 17वें वार्षिकोत्सव के दूसरे दिन शुक्रवार को स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित हुआ। इसमें 500 से अधिक लोगों की जांच हुई। श्री शिर्डी साईं मंदिर की ओर से निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में हार्ट, आंख, दांत, पेट व अन्य रोगों से पीड़ित मरीजों की चिकित्सकों ने जांच की। इस दौरान कई मरीजों की ईसीजी, शूगर जांच, बीपी जांच और थॉयराइड जांच भी हुई। मंदिर के व्यवस्थापक ऋषिकेश रंजन झा उर्फ रून्ना बाबा ने बताया कि नेत्र जांच के बाद मोतियाबिंद ऑपरेशन के लायक मरीजों का मंदिर की ओर से निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन कराया जाएगा। जिनका ऑपरेशन होगा उनकी सूची तैयार की जा रही है। इस दौरान डॉ. स्मृति पांडे, डॉ. जयप्रकाश, डॉ. गुंजन कुमारी, डॉ. उदय कुमार, डॉ. अमरेंद्र कुमार, आयुष अमरेन्द्र, डॉ. राजीव कुमार गुप्ता, डॉ. शांतनु आदि ने जांच शिविर में अपनी सेवा दी। जबकि व्यवस्था में मंदिर के व्यवस्थापक ऋषिकेश रंजन झा उर्फ रून्ना बाबा, शैलेंद्र कुमार, रंजीत कुमार, मनोज कुमार सिंह, संजय सिंह आदि सक्रिय रहे।

**भजन संध्या में साईं भजनों पर झूमे श्रोता** –वार्षिकोत्सव के दूसरे दिन शाम में भजन संध्या का आयोजन हुआ। किया गया इसमें गायक टिंकू टाइगर और गायिका खुशबू सिंह ने एक से बढ़कर एक भजनों से साईं भक्ति की अलख जगाई

### चैम्बर एवं आयकर विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन



**पटना।** बिहार चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इण्डस्ट्रीज एवं आयकर विभाग के संयुक्त तत्वाधान में ई-वैरीफिकेशन स्कीम-2021 एवं स्टेटमेंट ऑफ फिनान्सियल ट्रांजेक्शन (एसएफटी) कर कंप्लायंस पर आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन चैम्बर प्रांगण में किया गया।चैम्बर अध्यक्ष सुभाष पटवारी ने कहा कि जब भी आयकर विभाग व्यवसायियों को कोई सूचना, संवाद, जानकारी अथवा स्कीम देना चाहता है बिहार चैम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज उसमें अहम भूमिका निभाता रहा है। चाहे वह एमनेस्टी स्कीम हो या वीडीआईएस स्कीम इन सभी स्कीमों को सफल बनाने में चैम्बर अपना महत्वपूर्ण योगदान देता रहा है तथा आगे भी देता रहेगा। आयकर अधिकारी सुनंदा कुमार एवं के० डी० साहनी ने पॉवर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से निर्दिष्ट वित्तीय लेन-देन का विवरण दाखिल करते समय त्रुटियों को कैसे दूर किया जा सकता इस सम्बन्ध में विस्तार पूर्वक बताया। उन्होंने आगे बताया कि ज्वेल्लर्स क्रेता एवं विक्रेता का नाम, पता, पैन व लेन-देन की राशि फॉर्म संख्या 61ए में सही अंकित करें तथा आयकर विभाग के पोर्टल पर जाकर खरीददार के पैन की सत्यता की जाँच कर लें। इस कार्यक्रम में आयकर विभाग की ओर से सुरज कुमार, कुमार अभय, श्यामजी प्रसाद, आलोक कुमार, मणि कुमार एवं अमन कुमार तथा तकनीकी सहायक रंजन कुमार एवं रमणदीप सिन्हा भाग लिए । इस कार्यक्रम में चैम्बर की ओर से उपाध्यक्ष आशीष शंकर, महामंत्री पशुपति नाथ पाण्डेय, कोषाध्यक्ष सुबोध कुमार जैन, कार्यकारिणी सदस्य अजय गुप्ता, रामचंद्र प्रसाद, अखिलेश कुमार, सावलराम गोल्लिया तथा पाटलिपुत्र सर्राफा संघ के अध्यक्ष बिनोद कुमार, महासचिव शशि कुमार के साथ-साथ अन्य सम्मानित सदस्य सम्मिलित हुए ।

# लवर्स प्राइड परेड (प्रेम रंग महोत्सव) का हुआ आयोजन

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।** शुक्रवार 14 फरवरी को दोस्ताना सफर के द्वारा लवर्स प्राइड परेड (प्रेम रंग महोत्सव) कार्यक्रम आयोजित किया गया। सतरंगी दोस्ताना रेस्टोरेंट से शुरूआत करके 'प्रेमी है,अपराधी नहीं' की आवाज निकालते हुए जुलूस की शक्ल में सभी गांधी मैदान के चारों तरफ चक्कर लगाते हुए वापस सतरंगी दोस्ताना रेस्टोरेंट पर इकट्ठा हुए। उमड़ते 100 करोड़ कार्यक्रम के बैनर तले जुलूस में शामिल सभी आगे बढ़ें। इस कार्यक्रम में बिहार राज्य एड्स नियंत्रण सोसाइटी के द्वारा सहयोग प्राप्त हुआ। इस कार्यक्रम में महिला पुरुष ट्रांसजेंडर सभी शामिल हुए। कार्यक्रम में प्रेम की स्वीकार्यता, प्रेमी जीवन में सफलता और उन्हें संरक्षण तथा एचआईवी एड्स सुरक्षा के बारे में बात की गई। आज जिस तरीके से सभी प्रेम करना चाहते हैं लेकिन अपने आसपास में प्रेम की स्वीकार्यता के लिए जगह नहीं रखते हैं। यहां तक कि प्रेम करने वाले व्यक्तियों की हत्याएं तक होती है। उन्हें अलग-अलग तरीके की प्रताड़ना का सामना करना पड़ता है। इसके लिए सामाजिक जागरूकता आवश्यक है। जागरूकता के क्रम में लवर्स प्राइड परेड प्रेम रंग महोत्सव लोगों के बीच में नाचते गाते सभी को संदेश देते हुए कि प्रेम जीवन का सत्य है। राधा-कृष्ण का प्रेम,शिव पार्वती का प्रेम, हीर रांझा, आल्हा ऊदल सभी के प्यार में अलग-अलग तरीके की स्थितियां थी। निश्चित तौर पर सामाजिक स्वीकार्यता आवश्यक है।



इस कार्यक्रम में रेशमा प्रसाद संयोजक के तौर पर मौजूद रही। सुमन मित्रा, मानसी अग्रवाल, अवंतिका, अनुप्रिया सिंह, कुसुम, मन्नत जरीन, पिंकी, आरती, एवं हजारों साथी मौजूद थे। मीडिया के साथियों का निरंतर सहयोग मिला। उमड़ते 100 करोड़ की थीम पर यह कार्यक्रम आगे बढ़ा।

# 16 और 23 फरवरी को पारस एचएमआरआई में कैंसर जागरूकता शिविर का आयोजन

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।** पारस एचएमआरआई हॉस्पिटल में 16 और 23 फरवरी रविवार को कैंसर जागरूकता शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस शिविर में सुबह 11- 4 बजे तक लोगों को इस गंभीर बीमारी के लक्षण, स्क्रीनिंग और इलाज के बारे में विस्तार से बताया जाएगा। इसके अलावा डॉक्टरों की टीम उन्हें निःशुल्क परामर्श भी देगी। इस दौरान एक हेल्थ टॉक "उम्मीद के सितारे" का भी आयजोन होगा, जिसमें कैंसर से जंग जीत चुके मरीज एंव उनके परिवार के लोग अपना अनुभव सांझा करेंगे। हॉस्पिटल प्रबंधन की ओर से लगभग 100 ऐसे कैंसर सर्वाइवर्स को सम्मानित भी किया जाएगा। अपने वक्तव्य से वह कैंसर जैसे बीमारी से लड़ रहे लोगों की हौसला आफजाई करेंगे। शिविर में हॉस्पिटल के कैंसर रोग विशेषज्ञों की टीम हिमैटो आंकोलाजी के विभागाध्यक्ष डॉ. अविनाश कुमार सिंह, मेडिकल आंकोलाजी के विभागाध्यक्ष डॉ. अभिषेक आनंद, डॉ. शेखर केसरी (सिनियर कंसल्टेंट व हेड रेडिएशन ओन्कोलॉजी), डॉ. आर.एन. टैगोर (मुख्य कंसल्टेंट, मेडिकल ऑन्कोलॉजी) , डॉ. मुशर्रत शाहीन (कंसल्टेंट, मेडिकल




» डॉक्टरों की टीम लोगों को देगी निःशुल्क परामर्श, किफायती दर पर होगी स्क्रीनिंग

ऑन्कोलॉजी), डॉ. मिताली दांडेकर लाल (मुख्य कंसल्टेंट हेड एंव नेक सर्जरी) डॉ. शिव शंकर मिश्रा (कंसल्टेंट, रेडिएशन ओन्कोलॉजी) डॉ. रुपेश कुमार सिंह (कंसल्टेंट सजीकल ओन्कोलॉजी) और डॉ. मोफिजुर रहमान से परामर्श ले सकते हैं। पारस एचएमआरआई के जोनल डायरेक्टर अनिल कुमार ने बताया कि इस शिविर का मुख्य उद्देश्य लोगों को कैंसर जैसी जानलेवा बीमारी से बचने के लिए जागरूक करना है। अधिक से अधिक लोग इस शिविर में पहुंचें, इसलिए रविवार को कार्यक्रम का आयोजन हो रहा है।

शिविर में किफायती दर पर कैंसर की स्क्रीनिंग की जाएगी। इसके अलावा डॉक्टरों की टीम निःशुल्क परामर्श देगी। अपॉइंटमेंट बुक करने के लिए इस नंबर पर संपर्क कर सकते हैं – 7835084921

**पारस एचएमआरआई के बारे में** –पारस एचएमआरआई पटना ने 2013 में परिचालन शुरू किया। यह बिहार का पहला कॉर्पोरेट अस्पताल है जिसके पास परमाणु ऊर्जा नियामक बोर्ड द्वारा लाइसेंस प्राप्त कैंसर उपचार केंद्र है। जून 2024 में एक्सेस किए गए एनएबीएच पोर्टल के अनुसार, पारस एचएमआरआई अस्पताल, पटना 2016 में एनएबीएच मान्यता प्राप्त करने वाला बिहार का पहला अस्पताल था। 30 सितंबर 2024 तक इस अस्पताल की बेड क्षमता 350 बेडों की है, जिसमें 80 आईसीयू बेड शामिल हैं।

## पेसू (पटना) में पुराने और अनुपयोगी बिजली के खंभों को हटाने का कार्य संपन्न

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।** विद्युत आपूर्ति अंचल, पेसू पश्चिमी के अंतर्गत पुराने और अनुपयोगी बिजली के खंभों को हटाने का कार्य सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया है। यह पहल उन खंभों को हटाने के लिए की गई थी, जिन पर अब कोई बिजली के तार नहीं थे और जो इस्तेमाल में नहीं आ रहे थे। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य अनावश्यक और अव्यवस्थित पोलों और तारों की वजह से होने वाली होने वाली बिजली संबंधी दुर्घटनाओं की रोकथाम करना था। समय समय पर इस तरह के अभियान चलाए जाते हैं ताकि भीड़ भाड़ वाले इलाकों में सड़कों पर चलने वाले लोगों को किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े। इस अभियान के तहत वेस्टर्न मॉल, गोला रोड, 96 ऑफिसर्स फ्लैट और आयकर गोलंबर क्षेत्र में स्थित पुराने बिजली के खंभों को हटाया गया। इन खंभों का अब विद्युत वितरण में कोई उपयोग नहीं था, जिससे वे अनावश्यक रूप से स्थान घेर रहे थे और संभावित दुर्घटनाओं का कारण बन सकते थे। विद्युत आपूर्ति अंचल, पेसू के विभिन्न क्षेत्रों से अनुपयोगी खंभों को हटाने की प्रक्रिया समय समय पर चलते रहती है। इन खंभों के हटने से इलाके अधिक व्यवस्थित और सुरक्षित हो गए हैं। दुर्घटनाओं की संभावना भी कम हो गई है।

## ओल्ड चंपारण मीट हाउस की दसवीं शाखा का भव्य शुभारंभ

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।** बीकैप मटन हब के बैनर तले संचालित देसी जायका में मटन बनाने के लिए मशहूर बिहार की ओल्ड चंपारण मीट हाउस की दसवीं शाखा का शुभारंभ गांधी मैदान स्थित ट्वीन टावर में किया गया। इस शाखा का उद्घाटन मॉडल एवं अभिनेता समीर चौधरी, ओल्ड चम्पारण मीट हाउस के निदेशक गोपाल कुशवाहा एवं गांधी मैदान फ्रैंचाइज ओनर कुमार रोहित द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। शुभारंभ के पश्चात प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए गांधी मैदान फ्रैंचाइज ओनर कुमार रोहित ने कहा कि देशी मेनू और पटना के खास व्यंजनों के स्वाद के संगम को एक थाली में परोसने के उद्देश्य से हमने इसका शुभारंभ किया है। उन्होंने



कहा कि पिछले कई वर्षों से बिहार, यूपी, पंजाब और नोएडा में ग्राहकों को सेवा देने के बाद अब ओल्ड चंपारण मीट हाउस की नई शाखा गांधी मैदान में खुल गयी है। कुमार रोहित ने बताया कि शुभारंभ के मौके 28 फरवरी तक हम अपने ग्राहकों को विशेष छूट दे रहे हैं। ओल्ड चंपारण मीट हाउस में उच्च गुणवत्ता के आहुना हांडी मटन, मटन इस्टू, बम्बू मटन, चिकन, मछली, रोटी, तंदूर, राइस, पराठा, सलाद आदि सस्ते दर पर उपलब्ध होंगे। हमारे होटल में होम डिलीवरी की सुविधा उपलब्ध है। होटल सुबह 11 बजे से रात 11 बजे तक ग्राहकों की सेवा के लिए उपलब्ध रहेगा। वहीं अपने सम्बोधन में ओल्ड चम्पारण मीट हाउस के निदेशक गोपाल कुशवाहा ने ओल्ड चंपारण की खासियत बताते हुए कहा कि बीएमएच मसाले से बने भोज्य सामग्री से हाथों में तेल नहीं लगता, बर्तन में भी तेल नहीं चिपकता है और मटन जैसी चीज़ जल्द ही सुपाच्य होता है। हमारे यहाँ बीएमएच मसाला, सरसो तेल, बेसन, सत्तू का निर्माण किया जाता है ताकि ग्राहकों को स्वक्छ एवं शुद्ध सामान मिल सके । उन्होंने कहा कि हमारे द्वारा युवाओं व जागरूक लोगों को अहुना मटन बनाने का प्रशिक्षण देकर उन्हें रोजगार मुहैया कराया जाता है। मौके पर ओल्ड चंपारण मीट हाउस से जुड़े सभी कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

## एनएफआईआर फेडरेशन और ईस्ट सेंट्रल रेलवे मेन्स कांग्रेस को मान्यता प्राप्त चुनाव में अच्छी भूमिका के लिए कार्यकर्ताओं को किया गया सम्मानित

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।** एनएफआईआर फेडरेशन और ईस्ट सेंट्रल रेलवे मेन्स कांग्रेस का मान्यता प्राप्त चुनाव में अच्छी भूमिका और पूर्व मध्य रेलवे के दानापुर मंडल, सोनपुर मंडल, समस्तीपुर मंडल, हरनौत कारखाना, समस्तीपुर कारखाना में प्रचंड जीत को लेकर पटना में पटना शाखा द्वारा कार्यकर्ता सम्मान समारोह का आयोजन कर सदस्यों को अंगवस्त्र और माला पहनाकर सम्मानित किया गया !इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एनएफआईआर के जोनल सचिव बी पी सिंह के अलावा जोनल उपाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह, संयुक्त महामंत्री सत्येंद्र कुमार, कार्यकारी अध्यक्ष भूपेंद्र कुमार, संगठन महामंत्री पंकज सिंह, सोनपुर मंडल के पदाधिकारी संजय कुमार, प्रभास कुमार एवं् दानापुर शाखा के सचिव सुनील कुमार, संतोष कुमार पांडेय भी उपस्थित थे! कार्यक्रम में एन एफआईआर के जोनल सचिव बी पी सिंह ने



रेलकर्मियों को संबोधित कर कहा कि वर्तमान परिवेश में आठवा वेतन आयोग में फिटमेंट फैक्टर 2•86 से कम नहीं होना चाहिए! जोनल उपाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह ने कहा कि पुरानी पेंशन स्कीम को किसी भी हालत में लागू करना ही होगा, ईस्ट सेंट्रल रेलवे मेन्स कांग्रेस ओ पी एस के लिए संघर्ष जारी रखेगा! अन्य मुद्दा- सभी खाली पदों को भरना, ट्रेकमेन्टर के लिए एल डी सी ओपन टू आल बहाल करना, दानापुर मंडल में डयूटी रोस्टर में अनियमितता को सुधार कर लागू करना, महिला रेलकर्मियों के लिए बाथरूम एवं चेंजिंग रुम का व्यवस्था करना एवं अन्य जटिल समस्याओं पर चर्चा किया गया! इस मौके पर पटना शाखा 1 और 2 के अध्यक्ष जंग बहादुर यादव, किशोर कुमार सिंह, शाखा सचिव वीर अर्जुन कुमार निराला, उपेन्द्र कुमार रिंकु, अभय कुमार सिंह, अरविंद कुमार, विष्णु कुमार, राकेश कुमार, आलोक रंजन कुमार, विमलेश कुमार,सुमित सहगल, रामलाल मोची, जितेन्द्र यादव, सियाराम मंडल, अनिल कुमार, उमेश कुमार, मधुसूदन कुमार, दीनानाथ प्रसाद, कृष्णा चौधरी, केशव कुमार सिंह, सियाराम मंडल, मो० ताहिर, मुकेश कुमार, चंचल कुमार सहित पदाधिकारी उपस्थित रहें।

## आईआईटी पटना 15 फरवरी को आयोजित करेगा 11वां दीक्षांत समारोह, 713 छात्रों को मिलेगी डिग्री और सम्मान

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।** प्रतिष्ठित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) पटना 15 फरवरी 2025 को अपने 11वें वार्षिक दीक्षांत समारोह का आयोजन करेगा, जिसमें स्नातक छात्रों की शैक्षणिक उपलब्धियों का सम्मान किया जाएगा। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जयंत चौधरी, राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) – कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार, उपस्थित रहेंगे। बिहार सरकार के शिक्षा मंत्री सुनील कुमार इस अवसर पर सम्मानित अतिथि होंगे। इस दीक्षांत समारोह में 2024 बैच के कुल 713 छात्रों को डिग्री प्रदान की जाएगी, जिनमें 384 बी.टेक, 171 एम.टेक, 81 एम.एससी. और 77 पीएचडी के छात्र शामिल हैं। इन 713 छात्रों में से 581 पुरुष और 132 महिलाएं हैं।यह समारोह छात्रों के शैक्षिक यात्रा की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि का प्रतीक होगा और उनके अभिभावकों के लिए गर्व से भरा एक भावुक क्षण साबित होगा. आईआईटी पटना के निदेशक प्रो. टी. एन. सिंह ने अपनी प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा, "यह दीक्षांत समारोह हमारे छात्रों द्वारा वर्षों की मेहनत और समर्पण का परिणाम है। यह हमारे लिए एक गर्व का क्षण है और हम सुनिश्चित करेंगे कि यह आयोजन सभी के लिए यादगार और प्रेरणादायक हो।" आगे प्रो. सिंह ने कहा है कि समारोह की तैयारी के लिए एक समर्पित समिति का गठन किया गया है, जो यह सुनिश्चित कर रहा है कि कार्यक्रम का हर पहलू व्यवस्थित तरीके से आयोजित हो। हम इस दीक्षांत समारोह को सफल बनाने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं।

**दीक्षांत समारोह में डिग्री प्राप्त करने वाले छात्रों**



**के लिए विशिष्ट ड्रेस कोड निर्धारित किया गया है-**

•पुरुष छात्रों को सफेद/ऑफ-व्हाइट कॉटन की घुटने तक लंबी, फुल स्लीव कुर्ता और सफेद पजामा पहनने का अनुरोध किया गया है।

**महिला छात्रों के पास दो विकल्प हैं**: या तो सफेद/ऑफ-व्हाइट कॉटन की घुटने तक लंबी सीधी कुर्ति और सफेद चूड़ीदार (जिसमें कोई रंगीन प्रिंट, बॉर्डर या कढ़ाई नहीं हो)

या सफेद/ऑफ-व्हाइट कॉटन की साड़ी जिसमें साधारण सुनहरा बॉर्डर और सफेद/ऑफ-व्हाइट ब्लाउज हो। छात्रों से यह भी अनुरोध किया गया है कि वे फ्रंट-स्लिट या फैंसी स्टाइल का उपयोग न करें।

**इसके साथ ही, डिग्री प्राप्तकर्ताओं को विशिष्ट रंगों के स्टोल्स दिए जाएंगे**: बीटेक स्नातकों के लिए हरा, एमटेक और एमएससी स्नातकों के लिए नीला, पीएचडी प्राप्तकर्ताओं के लिए नारंगी, और मंच पर उपस्थित सम्माननीय व्यक्तियों के लिए सुनहरा पीला। इस वर्ष का दीक्षांत समारोह संस्थान की शैक्षणिक उत्कृष्टता का एक शानदार उत्सव होगा। आईआईटी पटना अपनी मजबूत प्रतिबद्धता के साथ ऐसे स्नातकों, नवाचारकों और इंजीनियरों को तैयार करता है, जो समाज और राष्ट्र की प्रगति में अभूतपूर्व योगदान देंगे।

## दुर्घटना से देर भली : प्रेम कुमार

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।** माई भारत पटना एवं प्रेम यूथ फाउंडेशन की ओर से सड़क सुरक्षा अभियान चलाया गया । फाउंडेशन के संस्थापक गांधीवादी प्रेम जी ने कहा कि यातायात नियम का पालन कर हम बहुत हद तक दुर्घटनाओं को रोक सकते है । दुनिया मे सबसे अधिक मौत सड़क दुर्घटना में भारत मे ही होती है इसका मुख्य बजह यातायात का नियम नही पालन करना है । आज भी लोग बिना हेलमेट और सीट बेल्ट के वाहन चलाना अपनी रसूख और शान समझते है और कही गाड़ी में प्रेस,पुलिस,न्यायाधीश,आर्मी लिखा हो तो बात ही अलग है । यातायात नियम की जानकारी स्कूलों के पाठ्यक्रम में ही शामिल किया जाए । ड्राइविंग लाइसेंस बनाने के पहले चालकों का कठिन टेस्ट हो यातायात नियम को सख्त किया जाए । उन्होंने लोगो से अपील किया है कि दुर्घटना



से देर भली है । सभी पेट्रौल पंप बिना हेलमेट के मोटर सायकिल को पेट्रौल न दे । घर से निकलते ही हेलमेट लेकर निकलने का आदत डालें ओवर टेक करने से बचे निर्धारित गति सीमा में ही वाहन चलाये । नशा कर कदापि वाहन न चलाये । वाहन का हमेशा फिटनेस्ट टेस्ट कराते रहे । वहीं फाउंडेशन के निदेशक देवानंद ने बताया कि हर व्यक्ति सड़क पर अनुशासित तरीके से चले जेवरा क्रॉसिंग का इस्तेमाल करे । इलेक्ट्रिक वाहन का प्रयोग करे इससे प्रदूषण को रोका जा सकता है । यह अभियान आगे भी जारी रहेगा । मौके पर मन्त्री कुमार, प्रिंस कुमार, रौशन कुमार समेत दर्जनों स्वयंसेवक मौजूद रहे ।

## एनएसडीसी ने कौशल विकास क्षेत्र के विस्तार में बड़ा कदम उठाया

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।** राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) ने आज पूरे भारत में स्किलिंग के विस्तार की महत्वपूर्ण घोषणा की है। जिसके तहत कौशल विकास और प्रशिक्षण कार्यक्रमों को आगे बढ़ाने के लिए 50 नए फ्यूचर स्किल्स सेंटर और 10 एनएसडीसी इंटरनेशनल एकेडमी स्थापित करने की योजना है। वार्षिक प्रेस कॉन्फ्रेंस में अपने संबोधन के दौरान, एनएसडीसी के सीईओ और एनएसडीसी इंटरनेशनल के एमडी श्री वेद मणि तिवारी ने डोमेस्टिक और ग्लोबल जॉब मार्केट के लिए भारतीय युवाओं को स्किल और अपस्किल करने के लिए अपना रोडमैप साझा किया। उन्होंने कहा, ष्उद्योग-संरेखित कार्यक्रमों की संख्या 300 से अधिक हो जाएगी, जिसमें 12 प्रमुख उभरती टेक्नोलॉजी शामिल होंगी। इसका लक्ष्य 2 लाख से अधिक उम्मीदवारों को प्रशिक्षित करना और 2.70 लाख वर्ग फुट से अधिक ट्रेनिंग इन्फ्रॉस्ट्रक्चर स्थापित करना है, ताकि रोजगार क्षमता और वर्कफोर्स की तत्परता को और मजबूत किया जा सके। इंटरनेशनल मोबिलिटी के बारे में बात करते हुए, श्री तिवारी ने कहा कि संस्थान नए इंटरनेशनल लैन्गुएज लैब्स और असेसमेन्ट सेन्टर स्थापित करने की दिशा में काम कर रहा है, जो उम्मीदवारों को




बहुभाषी क्षमताओं से लैस करने और उनकी ग्लोबल रोजगार क्षमता को बढ़ाने के लिए रशियन, इटैलिय़न, कोरियन और फ्रेंच में ट्रेनिंग प्रदान करेगा। भविष्य के लिए एक स्ट्रेटेजिक रोडमैप की रूपरेखा तैयार करते हुए, वैश्विक रोजगार के अवसरों और कौशल विकास पहलों के विस्तार पर ध्यान केंद्रित करते हुए, उन्होंने कहा, ष्इज़राइल ने 5000 हेल्थकेयर वर्कर्स का अनुरोध किया है। उद्योग से जुड़े कार्यक्रमों का उद्देश्य, शिक्षा को उभरती टेक्नोलॉजी और उद्योग की जरूरतों के साथ जोड़कर थियोरेटिकल नॉलेज और प्रैक्टिकल स्किल्स के बीच के गैप को पाटना है। अब तक, 33 ग्लोबल कॉर्पोरेशन ने भागीदारी की है, और उच्च शिक्षा संस्थानों (एचईआई) में 21 फ्यूचर स्किल सेन्टर स्थापित किए गए हैं। 9 प्रमुख उभरती टेक्नोलॉजी को कवर करते हुए 200 से अधिक उद्योग-संरेखित कार्यक्रमों का कार्पोरेशन द्वारा मूल्यांकन और प्रमाणन किया गया है। 27,000 से अधिक उम्मीदवारों को ट्रेनिंग दी गई है, जिसमें 1.20 लाख वर्ग फुट से अधिक ट्रेनिंग स्पेस विकसित किया गया है। एनएसडीसी का लक्ष्य राष्ट्रीय महत्व के संस्थानों के साथ सहयोग के माध्यम से उभरती टेक्नोलॉजी में चुनौतियों का समाधान करके टियर 2 और 3 कॉलेजों के छात्रों के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुलभ बनाना है। अब तक, 11 प्रीमियम संस्थानों ने 17 माइक्रो-क्रेडेंशियल प्रोग्राम शुरू करने के लिए भागीदारी की है, जिसमें 75,000 से अधिक क्रेडिट प्रदान किए गए हैं और 5,000 से अधिक उम्मीदवारों को ट्रेनिंग दी गई है। भविष्य को देखते हुए, एनएसडीसी ने 15 प्रीमियम संस्थानों के साथ सहयोग करने, 30 से अधिक माइक्रो-क्रेडेंशियल प्रोग्राम शुरू करने और लगभग 1,80,000 क्रेडिट प्रदान करने की योजना बनाई है, जिससे गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और कौशल विकास तक पहुँच और बढ़ेगी। छात्रों को एयरोस्पेस, ऑटोमोटिव, माइनिंग और इन्फ्रास्ट्रक्चर जैसे प्रमुख उद्योग क्षेत्रों में उभरती टेक्नोलॉजी में विशेष प्रशिक्षण प्राप्त होगा। ओईएम के टूल्स और करिकुलम को स्ट्रक्चर्ड गाइडेड पाथवेज़ में इंटीग्रेट किया जाएगा, जो विभिन्न प्रोफिशिएन्सी लेवल को सपोर्ट करेगा और विभिन्न डोमेन में जॉब के अवसरों को आगे बढ़ाएगा।

संक्षिप्त समाचार

# इंटर की उत्तरपुस्तिका का मूल्यांकन 27 से होगा

**छपरा**। बीएसईबी के इंटर की परीक्षा के उत्तर पुस्तिका का मूल्यांकन कार्य छपरा शहर के आठ केंद्रों पर 27 फरवरी से शुरू हो जाएगा। वही मैट्रिक की परीक्षा के उत्तर पुस्तिका का मूल्यांकन एक मार्च से शहर के नौ केंद्रों पर किया जाएगा। इंटर की परीक्षा तो 15 फरवरी को खत्म हो जायेगी। वहीं मैट्रिक की परीक्षा 17 फरवरी से प्रारंभ होकर 25 फरवरी तक चलेगी। इंटर एवं मैट्रिक की कापियों के मूल्यांकन की तैयारी में जिला शिक्षा पदाधिकारी विद्यानंद ठाकुर जुट गये है। मूल्यांकन केंद्र पर मजिस्ट्रेट एवं पुलिस की तैनाती की जाएगी। इंटर की कापियों का मूल्यांकन 27 फरवरी से शुरू होकर आठ मार्च तक चलेगा। वहीं मैट्रिक की कापियों का मूल्यांकन एक मार्च से 10 मार्च तक चलेगा। मूल्यांकन कार्य प्रतिदिन 10 बजे पूर्वाह्न प्रारंभ हो जाएगा, जो पांच बजे या उसके बाद तक चलेगा। सभी मूल्यांकन कार्य में शामिल कर्मियों को छोड़कर शेष सभी व्यक्तियों का प्रवेश वर्जित रहेगा। एक केंद्र पर 100 से 250 परीक्षक की होगी तैनाती प्रत्येक केंद्र पर 100 से 250 परीक्षक की तैनाती की जाएगी। जिला मुख्यालयों पर मूल्यांकन केंद्र बनाया गया है। हर मूल्यांकन केंद्र पर 13 कंप्यूटर लगाये जाएंगे, जो इंटरनेट से जुड़े रहेंगे। इन कंप्यूटरों से मूल्यांकन के उपरांत अंकों की इंट्री की जाएगी। सभी केंद्रों पर 20 कंप्यूटर विशेषज्ञ शिक्षक शामिल रहेंगे। निजी लैपटाप या डेस्कटाप का उपयोग कर अंकों की प्रविष्टि भी की जा सकती है। इंटरमीडिएट एवं मैट्रिक के उत्तर पुस्तिका का मूल्यांकन केंद्र पर जहां उत्तरपुस्तिकाएं रखी जाएगी, वहां सीसीटीवी कैमरे लगाये जाएंगे। सुगौली में सदर डीएसपी 1के नेतृत्व में शहर में फ्लैग मार्च निकाला गया

## कानून व्यवस्था का पालन कराना ही पुलिस का लक्ष्य, एसएसपी शिवम धाकड़

**सुगौली**। शुक्रवार शाम को पुलिस ने शहर के मुख्य मार्गों पर फ्लैग मार्च निकाला। फ्लैग मार्च पुलिस थाने से शुरू हुआ फ्लैग मार्च एसएसपी शिवम धाकड़ के नेतृत्व में शुरू हुआ। पुलिस थाने से शुरू होकर मुख्यबाजार, होते हुए देवान चौक ,अस्पताल रोड स्टेशन रोड तक फ्लैग मार्च निकाला गया। एसएसपी शिवम धाकड़ ने बताया कि कानून व्यवस्था को बनाए रखने के लिए यह मार्च निकाला गया है। कानून व्यवस्था का पालन कराना ही हमारा लक्ष्य है और जो भी अपराधी हैं उन पर कार्रवाई की जाएगी।फ्लैग मार्च में पुलिस निरीक्षक अशोक पांडे,थानाध्यक्ष अमित कुमार सिंह,सहित सभी स्थानीय पदाधिकारी सहित भारी संख्या में पुलिस बल शामिल थे।

## आग लगने से घर जला

**सुगौली**। थाना क्षेत्र के बेलवातिया गांव में गुरुवार की रात्रि अचानक एक घर में आग लग गई। आग के जानकारी मिलते ही थाना अध्यक्ष अमित कुमार सिंह ने घटना स्थल पर पहुंचकर आग पर काबू पाया।थाना अध्यक्ष ने बताया कि गांव के रामबाबू के घर में अचानक आग लग गई। जानकारी मिलते ही दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर ग्रामीणों को सहयोग से आप पर काबू पाया गया। आग लगने से हजारों की संपत्ति जार कर राख हो गई।

## स्वर्ण व्यवसाई के साथ हुई पुलिस की बैठक



**सुगौली**। पुलिस अधीक्षक का निर्देश पर शुक्रवार को स्थानीय थाना परिसर में स्वर्ण व्यवसाई संघ के साथ पुलिस निरीक्षक व थानाध्यक्ष अमित कुमार सिंह के अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए थाना अध्यक्ष ने कहा कि सभी दुकानों में सुरक्षा के दृष्टि से सीसीटीवी लगानाअनिवार्य है। साथ ही दुकान के अंदर सायरन की भी व्यवस्था होनी। चाहिए जिससे चोरी डकैती से सुरक्षा के नजर से मुख्य गेट पर दो दरवाजा होना जरूरी है। इन सभी विषयों पर चर्चा किया गया जिस व्यवसाय को परेशानी नहीं हो सके। मौके पर अशोक सोनी , प्रियांशु सराफ, हरिशंकर सराफ, राजकुमार सराफ, राहुल बर्दन, दिनेश सोनी, कौशलकिशोर सराफ सहित कई व्यवसाई उपस्थित थे ।

## नेपाली शराब के साथ एक गिरफ्तार



**सुगौली**। गुप्त सूचना के आधार पर छपवा चौंक से 27 लिटर नेपाली कस्तूरी शराब के साथ एक करोबारी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इसकी जानकारी थानाध्यक्ष अमित कुमार सिंह ने दी। उन्होने बताया कि अपर थानाध्यक्ष अभिनव राज के नेतृत्व में ई रिक्शा में रखे 27 लिटर नेपाली कस्तूरी शराब के साथ रक्सौल थाना के परेवा ढाला करीमुद्दीन आलम का पुत्र सफीक आलम को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपी ने पूछताछ के दौरान बताया की व नेपाली 90 पीस कस्तूरी शराब लेकर छपवा के आसपास किसी शराब कारोबारी को सप्लाई करने वाला था । उसी दौरान अपर थानाध्यक्ष अभिनव राज ने सक के बुनियाद पर जांच किया तो ई रिक्शा में प्लास्टिक के बोरी और झोरा में नेपाली शराब पाया जिसके आधार पर ई रिक्शा व कारोबारी को हिरासत में ले लिया। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार आरोपी को जेल भेज दिया गया ।

## लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान अंतर्गत "सफाई मित्र सुरक्षा शिविर का आयोजन किया गया



**समस्तीपुर**। जिले के सभी प्रखण्डों में लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान अंतर्गत "सफाई मित्र सुरक्षा शिविर का आयोजन किया गया। जिसके तहत ग्राम पंचायतों में कार्यरत स्वच्छता कर्मियों के द्वारा उक्त शिविर में प्रतिभाग किया गया एवं सभी संबंधित विभागों के पदाधिकारी/कर्मी भी उपस्थित थे। उक्त शिविर का मुख्य उद्देश्य सभी स्वच्छता कर्मियों को केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित सभी प्रकार की कल्याणकारी योजनाओं यथा- प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), जल- जीवन - हरियाली अभियान,प्रधानमंत्री सहज बिजली हर घर योजना, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत योजना, राशन कार्ड, जॉब कार्ड, जन-धन योजना इत्यादि की जानकारी एवं लाभान्वित किया गया। साथ ही सभी प्रतिभाग स्वच्छता कर्मियों की विवरणी स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) पोर्टल के मॉड्यूल - PD-15 पर अपलोड किया गया है।

# शहीदों को शहादत को नहीं भुलाया जा सकता : मंत्री श्रवण कुमार

नई सोच एक्सप्रेस



**बिहारशरीफ**। पुलवामा आतंकी हमले में शहीद हुए जवान को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए बिहार के ग्रामीण विकास मंत्री श्री श्रवण कुमार ने एक श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया। यह कार्यक्रम बिहारशरीफ के कारगिल चौक स्थित पार्क में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में शहीद जवान की वीरता और बलिदान को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में मंत्री श्रवण कुमार ने शहीद जवान के स्मारक पर पुष्प अर्पित किए और उनकी बहादुरी को याद किया। उन्होंने कहा कि शहीद जवानों का बलिदान देश के लिए अनमोल है और उनका योगदान कभी नहीं भुलाया जा सकता। वे हमारे राष्ट्र के रक्षकों के रूप में अमिट छाप छोड़ गए हैं। इस मौके पर मंत्री ने यह भी कहा कि बिहार सरकार शहीदों के परिवारों के साथ हमेशा खड़ी रहेगी और उनकी मदद करने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। कार्यक्रम में शहीद जवान के परिवार के सदस्य भी उपस्थित थे। उन्होंने शहीद के प्रति सम्मान प्रकट किया. शहीद जवान का बलिदान न केवल उनके परिवार के लिए बल्कि पूरे देश के लिए प्रेरणा का स्रोत है। श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए मंत्री श्रवण कुमार ने देशवासियों से अपील की कि वे हमेशा हमारे वीर शहीदों को याद रखें और उनके बलिदान के मूल्य को समझें देश के लोग आपसी प्रेम मिल्लत भाईचारे के माहौल को कायम रखें यही शहीदों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी देश के जवान मुस्तादी से जब सरहदों की रक्षा करते हैं तब पूरा देश चैन की नींद सोता है। इस मौके पर नालंदा के सांसद कौशलेन्द्र कुमार ने कहा की शहीदों की क़ुरबानी को देश हमेशा याद रखेगा शहीद जवान के कुर्बानियों को कभी भुला नहीं जा सकता शहीद जवानों के परिजनों प्रति हम लोगों को सम्मान का भाव समाज में देना चाहिए ।इस अवसर पर दीपनगर थानाध्यक्ष वरिष्ठ नेता राजेंद्र प्रसाद नगर जेडीयू अध्यक्ष गुलरेज अंसारी, प्रवक्ता डॉ धनंजय देव,जगलाल चौधरी, प्रखंड अध्यक्ष संजय कुशवाहा,त्रिनयन कुमार मुन्ना मिस्त्री,इमरान रिजवी अमजद सिद्धकी सन्नी कुशवाहा सन्नी पटेल पवन शर्मा उमेश कुशवाहा, रामाश्रय चौहान, विकाश वर्मा, सुन्नी कुशवाहा, पवन शर्मा,अली रजा खां अनुज पिंटू यादव वार्ड पार्षद शमीम ध्रुव प्रसाद सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सांसद रूडी ने सुखोई के साथ भरी हौसलों की उड़ान



नई सोच एक्सप्रेस

**छपरा**। सारण सांसद एवं पूर्व नागरिक उड्डयन मंत्री राजीव प्रताप रूडी ने एयरो इंडिया 2025 एयर शो में भारतीय वायुसेना के लड़ाकू विमान सुखोई-30 एमकेआई में उड़ान भरी। उन्होंने 22,000 फीट की ऊँचाई पर 52 मिनट तक रोमांचक युद्धाभ्यास किए, जिसमें टम्बल, लूप, बैरल रोल जैसे करतब शामिल थे। सांसद रूडी ने उड़ान के अनुभव को अविस्मरणीय बताते हुए भारतीय वायुसेना के पायलटों की कुशलता और समर्पण की सराहना की। उन्होंने सूर्य किरण एरोबैटिक टीम को बिहार में आमंत्रित करने की पहल की है, जिससे युवाओं को वायुसेना की उत्कृष्टता को करीब से देखने का अवसर मिलेगा। गौरतलब है कि रूडी 2015 में भी सुखोई एमकेआई 30 में उड़ान भर चुके हैं। इससे पहले डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम, प्रतिभा पाटिल और निर्मला सीतारमण भी सुखोई में उड़ान भर चुके हैं।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला पर्यावरण समिति की बैठक



नई सोच एक्सप्रेस

**छपरा**। छपरा जिलाधिकारी अमन समीर की अध्यक्षता में जिला पर्यावरण समिति की बैठक की गई।सभी नगर निकायों को ठोस अपशिष्ट के प्रबंधन हेतु लैंड फिल साइट को प्राथमिकता से चिन्हित करने का निदेश दिया गया।वायु प्रदूषण को लेकर बगैर वैध पॉल्युशन सर्टिफिकेट के परिचालन करने वाले वाहनों के विरुद्ध जाँच अभियान चलाकर कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया। राज्य सरकार की नीति के अनुरूप 15 वर्ष से पुराने सभी सरकारी वाहनों को स्क्रैप घोषित कर नीलाम किया जा रहा है। इस संबंध में आवश्यक आंकड़े उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया।पराली जलाने पर भी प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित करने का निदेश जिला कृषि पदाधिकारी को दिया गया। बैठक में वन प्रमण्डल पदाधिकारी, उपविकास आयुक्त, अपर समाहर्त्ता, नगर आयुक्त, विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारी, नगर निकायों के कार्यपालक पदाधिकारी एवं समिति के अन्य सदस्यगण उपस्थित थे।

## भूमिहीनों की बैठक में वासभूमि, आवास, 2 लाख रूपये सहायता राशि देने की मांग उठी

नई सोच एक्सप्रेस

» मौलानाचक से 2 मार्च को गांधी मैदान पटना महाजुटान में बड़ी संख्या में भाग लेंगे गरीब-भूमिहीन-सुरेंद्र




**समस्तीपुर/ताजपुर**। आधारपुर के मौलानाचक के गरीब-भूमिहीन ने वासभूमि-आवास, पर्चा एवं लघु उद्यमी योजना का 2 लाख रूपये सहायता राशि की मांग की। बैठक की अध्यक्षता रामचंद्र पासवान ने की। बैठक में आरती देवी, शोभा देवी, कौशल्या देवी, खेग्रामस प्रखंड सचिव प्रभात रंजन गुप्ता ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए। 2 मार्च को गांधी मैदान पटना में भाकपा माले के बदलो बिहार महाजुटान रैली में बड़ी भागीदारी दिलाने, 16 फरवरी को ताजपुर के जनता मैदान में आशा, रसोईया, सेविका, सहायिका, कुरियर, सफाईकर्मी, ममता, जीविका, विद्यालय प्रहरी आदि स्कीम वर्कर्स के प्रखंड स्तरीय कन्वेंशन को सफल बनाने, आवास योजना में घूसखोरी बंद करने के खिलाफ आंदोलन चलाने का निर्णय लिया गया। बैठक को संबोधित करते हुए भाकपा माले प्रखंड सचिव सुरेंद्र प्रसाद सिंह ने कहा कि भाजपा-जदयू की नीतीश सरकार में कोई काम बगैर वसूली का नहीं होता है। तमाम जनहितैषी योजना भ्रष्टाचार के गिरफ्त में है। थाना, अंचल, प्रखंड कार्यालय लूट का अड्डा बनकर रह गया है। सरकार अपने को गरीब हितैषी बताती है लेकिन दूसरे राज्यों की तरह 2 सौ यूनिट फ्री बिजली, वृद्धावस्था मोसमाती एवं दिव्यांग पेंशन में बढ़ोतरी, प्रीपेड मीटर पर रोक, स्कीम वर्कर्स के मानदेय में बढ़ोतरी, महिलाओं के खाते में 3 हजार रुपए, राशन के चावल-गेहूं के साथ दाल-चीनी-तेल आदि क्यों नहीं देती है जबकि कई राज्यों में ये सुविधाएं वहां की सरकार दे रही है।

## शबे बारात की रात इबादत को उठे हाथः हसनपुर में कब्रिस्तानों में जगमगाई रोशनी, बुजुर्गों की कब्रों पर पढ़ी फातिहा

नई सोच एक्सप्रेस



**समस्तीपुर**। हसनपुर इस्लामी कैलेंडर के शाबान महीने की 15वीं रात को शबे बारात का पर्व पूरी श्रद्धा और धार्मिक उत्साह के साथ मनाया गया। प्रखंड क्षेत्र के मस्जिदों में विशेष इबादत का माहौल रहा, जहां कुरआनख्वानी, मिलाद और तकरीरें हुईं। श्रद्धालुओं ने पूरी रात इबादत कर अल्लाह से रहमत और बरकत की दुआएं मांगी। मुस्लिम समाज के लोगों ने अपने दिवंगत परिजनों की याद में कब्रिस्तानों का रुख किया। वहां बुजुर्गों की कब्रों पर फातिहा पढ़ी और उनकी आत्मा की शांति के लिए दुआएं कीं। कब्रों पर मोमबत्तियां और अगरबत्तियां जलाई गईं, जिससे पूरा कब्रिस्तान जगमगा उठा। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, इस पवित्र रात को पूर्वजों की आत्माएं अपने घरों की ओर आती हैं।विशेष व्यंजन बनाया गया इस अवसर पर मुस्लिम परिवारों में विशेष व्यंजन जैसे हलवा, जर्दा, सेवइयां और अन्य मिठाइयां बनाई गईं, जिन्हें फातिहा पढ़कर गरीबों, पड़ोसियों और रिश्तेदारों में बांटा गया। इस्लाम में शबे बारात को फजीलत और इबादत की रात माना जाता है, जब लोग अपने गुनाहों की माफी मांगते हैं और देश में शांति, भाईचारे और समृद्धि की दुआ करते हैं। मान्यता है कि इस रात सच्चे दिल से की गई इबादत और तौबा से गुनाह माफ कर दिए जाते हैं।



लेट्स इंस्पायर बिहार
राहुल कुमार सिंह
मुख्य कोऑर्डिनेटर, लेट्स इंस्पायर, बिहार

## लेट्स इंस्पायर बिहार से जुड़े सदस्य अनमोल

नई सोच एक्सप्रेस



**बिहार के सामाजिक अभियान लेट्स इंस्पायर बिहार के साथ जुड़कर निःस्वार्थ राष्ट्र निर्माण में लगे लोग मातृभूमि के सच्चे सपूत हैं। देश के चर्चित आईपीएस विकास वैभव ने चुन चुन कर अच्छे लोगों को सामाजिक पहल के लिए अभियान से जोड़ा है। उनका कहना है कि ऐसे लोग बिहार के अनमोल रत्न हैं।**

**आज लेट्स इंस्पायर बिहार अभियान परिचय का मोहताज़ नहीं है। प्रत्यक्ष रूप से लगभग 1600 वॉट्स अप समुह के माध्यम से 150000 सदस्य जुड़ कर अपने बिहार के विकास के लिए संकल्पित हैं। अप्रत्यक्ष रूप करोड़ों लोग अभियान के कार्यों से अवगत है और सराहना करते हैं। इसमें दो राय नहीं कि इस अभियान को इतनी दूरी तक ले जाने में आईपीएस विकास वैभव के साथ कई लोगों ने कड़ी मेहनत किया हैं। सभी जातियों, धर्मों और लिंग के भेदभाव से दूर विकसित भारत में 2047 तक अपने बिहार को सर्वश्रेष्ठ और बेह्तरीन देखना चाहते हैं।** 22 मार्च 2025 को अभियान के चार साल हो जाएंगे। आईपीएस विकास वैभव के हृदय में बचपन से राष्ट्र प्रेम और देवतुल्य दीप प्रज्ज्वलित है, उसी दीप के लौ से लाखों दीप प्रज्जवलित करके उन्होंने अपने जैसा एक भाव के लोगों को सामाजिक उत्थान के लिए तैयार कर लिया है।यह उनकी कुशलता की और सूझ-बूझ की सबसे बड़ी बात है और बेह्तरीन उदाहरण बन गया है। अपने बिहार के लिए विशाल सामाजिक कार्यकर्ताओं की सकारात्मक ऊर्जा वालों की भीड़ को इकट्ठा करने का उनका मकसद केवल एक है, शिक्षा, समता और उद्यमिता का बिहार में उच्चस्तरीय मापदंड को प्रतिस्थापित करना। अपनी लेखनी के माध्यम से ऐसे तमाम लोगों का हृदय से आभार व्यक्त कर रहा हूं, जो लेट्स इंस्पायर बिहार अभियान की यात्रा में विकास वैभव का साथ दे रहे हैं। आईपीएस विकास वैभव के माध्यम से गार्गी अध्याय और जीवक अध्याय बिहार के समाज के लिए सफल आयोजनों को कर एक बेहतर सामाजिक सरोकार का उदाहरण बन गया है। बिहार के करोड़ों युवाओं के मन में एक उम्मीद जगी है कि लेट्स इंस्पायर बिहार अभियान से बिहार की आबोहवा शुद्ध होगी, और लघुवादों के बीज से उत्पन्न जातिवाद के विष बेल लताओं के समूल को नष्ट केवल विकास वैभव के विचार ही कर सकते है। यह जातिवाद ही है जो यथार्थ और सत्य के पैरों में बेड़ियाँ बन कर प्रगति को पीछे धकेल देता है। इन बेड़ियों को काटने का काम विकास वैभव के साथ कई महत्वपूर्ण लोग भी कर रहे हैं और वो सब बिहार के अनमोल रत्न हैं। सभी लोगों का हृदय से आभार व्यक्त कर रहा हूं। आइए, मिलकर प्रेरित करें अपना बिहार।

**जय हिंद जय बिहार**
**राहुल कुमार सिंह, मुख्य कॉर्डिनेटर, लेट्स इंस्पायर बिहार अभियान**

## मातृ पितृ पूजन के अवसर पर छात्र ने की संस्कृति कार्यक्रम



नई सोच एक्सप्रेस

**सुगौली**। नगर के मारवाड़ी धर्मशाला रोड स्थित दृष्टि गरुकुल पब्लिक स्कूल में मातृ पितृ पूजन का भव्य आयोजन हुआ।जिसका उदघाटन प्राचार्य कर्मात्मा पांडेय,प्राचार्य डॉ0 संत साह,प्राचार्य शुशील कुमार पांडेय, प्रदेश अध्यक्ष मुक्ति नारायण मिश्र,गुरुकुल फाउंडेशन के प्रदेश उप सचिव अवधेश दूबे,जितेंद्र तिवारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इसअवसर पर बच्चो ने भव्य और मोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किया।सलोनी के मोरनी नृत्य से लोग भाव विभोर हो गये तो मलाला यूसुफजई के आतंक ,मानवता और शिक्षा पर दिए गए भाषण पर संगीतमयी नृत्य-नाटिका पर लोग बेहद गम्भीर हो गए। अंत मे मुस्कान,सपना और नैंसी के माँ मुझे अपने आँचल में छुपा लो की प्रस्तुति पर दर्शक अपने आँसू रोक नही पाये।इस मौके पर प्राचार्य ने कहा कि बच्चों को संस्कारयुक्त शिक्षा देना समय की मांग है।यह विद्यालय हर वर्ष वेलेंटाइन डे के जवाब में मातृ पितृ पूजन करना समाज के लिए और सभी स्कूलों के लिए अनुकरणीय है।वहीं अवधेश दूबे ने कहा कि हमारी संस्था के अंर्तगत चलने वाले सभी विद्यालयों में भारतीय संस्कृति के अनुरूप शिक्षा दी जाती है। हमारे बच्चे राष्ट्रीयता के भाव से परिपूर्ण होते हैं। वहीं साधना,प्राची, अनिशा वर्ष का नृत्य भी सराहनीय रहा।कार्यक्रम संचालन विद्यालय के निदेशक उदय प्रकाश ने किया। इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि प्रदीप सराफ,डॉ0 पवन कुमार,जितेंद्र तिवारी,पार्षद श्याम शर्मा, शैलेश कुमार, अमेरिका प्रसाद मधुरं कुमार, अभषेक कुमार प्राचार्य किरण श्रीवास्त जुली देवी इंदु सहित भारी संख्या में लोग मौजूद थे।

## देश में पहली बार,बिहार का दूध जाएगा अमेरिका, मार्च में निर्यात शुरू

नई सोच एक्सप्रेस




**फतुहा**। बिहार से दुग्ध उत्पादन अमेरिका को निर्यात किया जाएगा। काम्फेड ने घी, गुलाब जामुन, सोनपापड़ी और बालूशाही के निर्यात की पूरी तैयारी कर ली गई है। यह जानकारी पशु मत्स्य संसाधन विभाग के अपर सचिव डॉ विजय लक्ष्मी ने दी है, उन्होंने बताया कि सुधा के तीन डेयरी प्लांट क्रमशः नालंदा ,बरौनी और सीतामढ़ी का चयन किया गया है। बताया जाता है कि अमेरिका को खाद्य पदार्थों के निर्यात में से पहले कई मानकों पर उत्पाद का परीक्षण होगा, इसके लिए सुधा के प्लांट में इसकी सभी तैयारियां कर ली गई है। मार्च के अंत तक इसका निर्यात शुरू हो जाएगा। सुधा उत्पादन के निर्यात सर्टिफिकेट के लिए एक्सपोर्ट काउंसिल को आवेदन दिया गया है ,अमेरिका के फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन के मानक अनुसार ही सुधा उत्पाद की तैयारी की गई है ताकि निर्यात में परेशानी न हो, इसके लिए काम्फेड स्तर के निगरानी की जा रही है। आयात- निर्यात निर्यात की प्रक्रिया अंतिम चरण में है।

## संक्षिप्त समाचार

### जनाब मोहम्मद शहाब मलिक ने कलश शोभा यात्रा में श्रद्धालुओं को सेवा सिविर लगाकर दिया कॉमी एकता का अद्भुत संदेश



**मुंगेर**। कल्याण चक हसनपुर कली मंदिर कलश शोभा यात्रा में हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लिया, जो एक भव्य और भक्तिमय आयोजन था। जन सुराज प्रदेश कार्य समिति के मोहम्मद शहाब मलिक ने इस आयोजन में पानी और लीची जूस की व्यवस्था कराई, जो कौमी एकता और सद्भाव का प्रतीक था। सभी बुद्धिजीवियों और श्रद्धालुओं ने मोहम्मद शहाब मलिक जी को धन्यवाद दिया और उनकी टीम की सराहना की। इस आयोजन में हजारों की भीड़ ने भाग लिया और शहाब मलिक और उनकी टीम ने मिलकर पानी, शरबत और विधि व्यवस्था को देखा, जो शहर के लोगों के लिए एक उदाहरण था। यह आयोजन सद्भावना, कौमी एकता और भाईचारे का प्रतीक था और शहर के लोगों ने इसकी सराहना की। जन सूराज के संभावित विधायक प्रत्याशी शहाब मालिक लगातार चर्चा में है और जन-जन तक जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर जी की बातों को पहुंचा कर मुंगेर एवं बिहार को परिवर्तन कर जनता का सुंदर राज बनाने में तात्पर्य है।

### टीसीसीए फाइनल मुकाबला सात विकेट से जीतकर चैंपियन बनी*मैन ऑफ़ द सीरीज मोनू खान मैन ऑफ़ द मैच अमित मंडल हुए



**किशनगंज**। ठाकुरगंज क्रिकेट क्लब एसोसिएशन द्वारा गाँधी मैदान ठाकुरगंज मे आयोजित जहांगीर आलम मेमोरियल न्यू ईयर चैलेंजर क्रिकेट ट्रॉफी का भव्य फाइनल मैच खेला गया.समापन मैच मे पीकू पब्लिक स्कूल के बच्चों द्वारा देश भक्ति गीत पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया.जिसमें मुख्य अतिथि के रूप मे किशनगंज जिला पदाधिकारी विशाल राज विशिष्ट अतिथि एसडीपीओ मंगलेश सिंह पूर्व विधायक गोपाल अग्रवाल पूर्व मुख्य पार्षद देवकी अग्रवाल प्रमोद राज चौधरी पूर्व प्रमुख मुश्ताक आलम जिला पार्षद प्रतिनिधि अहमद हुसैन पूर्व प्रमुख प्रतिनिधि गुलाम हसनैन अधिवक्ता कौशल यादव प्रदीप साह आदि क्रो क्लब अध्यक्ष कन्हैया लाल महतो उपाध्यक्ष रोहित जायसवाल सचिव संजय सिन्हा सहित सभी सदस्यों नें बुके माला से स्वागत किया. फाइनल मैच मे जिला पदाधिकारी नें कहा की टीसीसी के द्वारा क्षेत्र मे अच्छे क्रिकेट टूर्नामेंट कराने की प्रशंसा किये तथा कहा सरकार से भी खेल के लिए योजना आई है. मैच की शुभारम्भ मुख्य अतिथि नें कैक काटकर किया व राष्ट्र गान गाया गया. पहली पारी मे रानी ड्रेसेस मानिकपुर टीम 18 ओवर मे 84 रन बनाकर ऑल आउट हो गई. इनके बल्लेबाज सलमान नें 23 रन और पीटर नें 21 रन बनाये. टीसीसी के गेंदबाज अमित मंडल 3 विकेट नूरी और मोनू खान नें दो दो विकेट झटके.दूसरी पारी मे टीसीसी के बल्लेबाज 12.2 ओवर मे तीन विकेट पर 90 रन बनाई और सात विकेट से फाइनल मुकाबला जीता. टीसीसी बल्लेबाज सन्नी यादव 37 रन कुमार गौरव 23 रन की जिताऊ पारी खेली. रानी ड्रेसेस के गेंदबाज वैभव दो विकेट और रोहित नें एक विकेट लिया. मैन ऑफ़ द मैच अमित मंडल बने जिन्होंने शानदार तीन विकेट लिए मैन ऑफ़ द सीरीज मोनू खान बने जो शानदार आठ विकेट लिए .फाइनल मुकाबला मे टीसीसी विजेता बने जिन्हे विनर ट्रॉफी के अध्यक्ष कन्हैया महतो उपाध्यक्ष रोहित जायसवाल सचिव संजय सिन्हा संयोजक अमित सिन्हा के द्वारा दिया गया और उप विजेता रानी ड्रेसेस बने जिन्हे ट्रॉफी मुशतक आलम उत्तम दास अध्यक्ष कन्हैया महतो के द्वारा दिया गया मैच मे अंपायर शांतनु मंडल नसीम अख्तर थर्ड अंपायर प्रेम चौधरी रेफरी रोहित जायसवाल स्कोरर विशाल चौधरी आजम अली कमेंटेटर जयदीप बनर्जी सुनील सहनी सुधीर महराज अनुभव गोस्वामी सूरज गुप्ता रहें. मैच क्रो सफल बनाने मे अध्यक्ष कन्हैया लाल महतो उपाध्यक्ष रोहित जायसवाल सचिव संजय सिन्हा संयोजक अमित सिन्हा अरविंद झा शांतनु मंडल अनिल साह प्रेम चौधरी बिट्टू साह दुर्गा साह इंद्रजीत चौधरी संतोष झा पंकज झा रजी हैदर गोविन्द यादव सूरज चौधरी ऋतिक चौधरी आकाश दे विकास दे बिक्की कामती विक्रम पासवान अमन चौधरी राज चौधरी राजनारायण सिंह आदि मौजूद रहें।

### टीकेएम ने इंडिया एनर्जी वीक 2025 में सतत गतिशीलता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत किया




**पटना**। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने दिल्ली में आयोजित होने वाले भारत ऊर्जा सप्ताह 2025 में अपनी भागीदारी दर्ज की। इसके तहत कंपनी ने 2047 तक ऊर्जा स्वतंत्रता और 2070 तक नेट जीरो के लिए भारत के दर्शन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। इंडिया एनर्जी वीक – (भारत ऊर्जा सप्ताह, आईईडब्ल्यू) 2025 ऊर्जा आत्मनिर्भरता को साकार करने और कार्बन उत्सर्जन को कम करने के लिए व्यावहारिक और स्केलेबल स्वच्छ ऊर्जा समाधानों को प्रदर्शित करने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में काम करता है। यह कार्यक्रम वैश्विक राजनीतिक नेताओं, नीति निर्माताओं, विचारकों, विशेषज्ञों और अंतिम उपयोगकर्ताओं को ऊर्जा परिदृश्य, प्रौद्योगिकियों, उद्योग के रुझानों और नीति दृष्टिकोण पर विचार-विमर्श करने के लिए एक साथ लाता है। स्वदेशी हरित ऊर्जा से संचालित निरंतर जारी रहने वाली गतिशीलता समाधान प्रदान करने पर विशेष ध्यान देते हुए, टीकेएम ने अपने बहु-मार्ग दृष्टिकोण के अनुरूप विभिन्न वैकल्पिक पावरट्रेन प्रदर्शित किए। ये गति और पैमाने पर परिवर्तन लाने के लिए समय की आवश्यकता को दर्शाते हैं। कई हरित ऊर्जा मार्ग हैं जिनमें विद्युतीकरण और वैकल्पिक ईंधन शामिल हैं जो परिवहन क्षेत्र को जीवाश्म ईंधन पर अपनी निर्भरता कम करने और कार्बन पदचिह्न को कम करने में मदद कर सकते हैं। भारत के ऊर्जा मिश्रण, इसके विविध उपभोक्ता प्रोफ़ाइल और ज़रूरतों, बुनियादी ढाँचे की तत्परता और सरकार की 'आत्मनिर्भर' होने की चाह को देखते हुए, टीकेएम 'मेक इन इंडिया' पर ध्यान केंद्रित करते हुए देश के लिए प्रासंगिक विभिन्न स्वच्छ तकनीकों को विकसित करने का प्रयास कर रहा है। इस कार्यक्रम में उपस्थित, टोयोटा किर्लोस्कर मोटर के कंट्री हेड और एक्जीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट - कॉर्पोरेट मामले व प्रशासन, श्री विक्रम गुलाटी ने कहा, " इंडिया एनर्जी वीक (भारत ऊर्जा सप्ताह) ऊर्जा, गतिशीलता और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में काम करने वालों को एक मंच पर लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

### प्रधानमंत्री की अमेरिका यात्रा भारत के वैश्विक नेतृत्व की सार्थकता : सुमन

**पटना**। प्रावैधिकी और आपदा प्रबंधन मंत्री डॉक्टर संतोष कुमार सुमन ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अमेरिका यात्रा भारत को वैश्विक स्तर पर बेहतर स्थिति में स्थापित करने की दिशा में एक सार्थक कदम है। पिछले दस ग्यारह वर्षों में भारत को एक बड़ी सफलता मिली है।यह यात्रा इस बात का भी संकेत करता है कि भारत-अमेरिका संबंध मजबूत हुए हैं दोनों ही नेता इसे प्राथमिकता देते हैं। प्रधानमंत्री की अमेरिका यात्रा द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ाने की दृष्टि से भी अहम साबित हुआ है। प्रधानमंत्री की यात्रा से रणनीतिक और सुरक्षा सहयोग, रक्षा, व्यापार और आर्थिक जुड़ाव, प्रौद्योगिकी, ऊर्जा सुरक्षा और लोगों के बीच संपर्क से लेकर वैश्विक समस्याओं के निराकरण के प्रयासों को गति मिली है।यह भारत को वैश्विक स्तर पर एक नई पहचान दिलाने वाला सिद्ध हुआ है। वैश्विक स्तर पर भारत को इस हैसियत में ला खड़ा करने के लिए प्रधानमंत्री धन्यवाद और अभिनंदन के पात्र हैं।हर भारतवासी के लिए यह गर्व का क्षण है।

# शब-ए-बरात पर्व के दौरान मुस्लिम समुदाय के लोगों ने मंदिरों की निगरानी

नई सोच एक्सप्रेस

» औरंगाबाद में दोनों धर्म के लोगों मिल-जुलकर मनाते हैं पर्व



**औरंगाबाद**। पैगाम ए इंसानियत मुस्लिम समुदाय के द्वारा शब-ए-बारत पर्व के मौके पर शहर के विभिन्न मंदिरों का स्वयं निगरानी करते हुए मुस्लिम समुदाय के लोगों ने किया पैगाम ए इंसानियत के जिला अध्यक्ष मो शहनवाज रहमान उर्फ सल्लू वार्ड परिषद सिकंदर हयात मो जुल्फेकार अब्दुल्ला राजा सहित अन्य मुस्लिम समुदाय के सदस्यों ने शहर के विभिन्न जगह मंदिरों पर स्वयं निगरानी रात भर की गुरुवार की रात से शुक्रवार किया है। मो. शाहनवाज रहमान उर्फ सल्लू खान ने कहा कि विशेष रूप से असमाजिक तत्व के लोगों के द्वारा पटाखा कहीं गलत जगह पर नहीं छोड़ दें या कहीं पर किसी तरह का अश्लील हरकत नहीं करें जिसके देखते हुए निगरानी किया जा रहा था। मुस्लिम समुदाय के इशरने के लिए सभी ने मुस्लिम समुदाय के लोगों को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आपकी भाईचारा के साथ या औरंगाबाद शहर है जो एक दूसरे का हमेशा मदद करते रहते हैं। शहर के महावीर मंदिर रोड कारगिल चौक शिव मंदिर शाहपुर रो, दुर्गा मंदिर ईदगाह रोड, बुढ़िया महादेव मंदिर, धर्मशाला मोड़ स्थित संकट मोचन मंदिर, गणपति गणेश मंदिर, काली क्लब मंदिर, क्लब रोड साइ मंदिर सहित कई अन्न मंदिर का निगरानी किया जा रहा था जिसकी सूचना नगर थाना पुलिस को भी दिया जा रहा था पैगामी इंसानियत के जिला अध्यक्ष मो. शहनवाज रहमान उर्फ सल्लू खान ने कहा कि कुछ लोग शहर को बदनाम करने में लगे रहते हैं औरंगाबाद शहर हमेशा आपसी भाईचारा का का शहर है यहां के लोग सभी को मिलकर मनाते हैं। एक दूसरे का सहयोग करते हैं। अभी महाशिवरात्रि होली रामनवमी पर भी है उसको भी शांतिपूर्वक मिलजुल कर सभी लोग मानेंगे और उसमें भी पैगामी इंसानियत मुस्लिम समुदाय के सदस्य बढ़-चढ़कर हिस्सा लेंगे और एक दूसरे का सहयोग करेंगे। मो. सद्दाम, मो. फरहान, बंटी खान, दानिश खान, मो. इबरार, मो. गोहर अली, मो. निसार अहमद सहित लोग मंदिर का निगरानी करते रहे।

## एस एस बी और कुर्लिकोट पुलिस के द्वारा नशीली पदार्थ विरोध निकाला फ्लेग मार्च



नई सोच एक्सप्रेस

**किशनगंज**। शुक्रवार को किशनगंज में पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर लगातार नशा के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में ठाकुरगंज में भी प्यास की पहल देखी गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार को ठाकुरगंज सर्किल के कुर्लिकोट पुलिस और कुर्लिकोट सीमा चौकी के द्वारा मवेशी तस्करी, शराब तस्करी, ब्राउन शुगर, नशीली व मादक पदार्थ के विरुद्ध फ्लैग मार्च निकाला गया है। जिसके तहत लोगों को जागरूक किया गया है। वहीं इस पर थाना अध्यक्ष सिद्धार्थ कुमार दुबे ने बताया कि, चाहे वह कितना ही बड़ा होशियार व बदमाश हो अब पुलिस से बच नहीं सकता है। मवेशी तस्कर और नशेरियों के विरुद्ध किशनगंज पुलिस के द्वारा लगातार करवाई किया जा रहा है। जहां लोगो के बीच भी इसको लेकर उत्साह देखा जा रहा है कि लोग नशे के विरुद्ध इस अभियान में साथ दे रहे है और इस अभियान को सफल बनाने में पुलिस की मदद कर रहे है।

# सदर अस्पताल में निरीक्षण के दौरान कई डॉक्टर और कर्मचारी अनुपस्थित, सिविल सर्जन ने दिया सख्त कार्रवाई की चेतावनी

नई सोच एक्सप्रेस



**जहानाबाद**। सदर अस्पताल में देर रात औचक निरीक्षण करने पहुंचे सिविल सर्जन ने ड्यूटी से गायब डॉक्टरों और कर्मचारियों पर नाराजगी जतायी है। निरीक्षण के दौरान कई चिकित्सक और कर्मचारी अपनी ड्यूटी पर मौजूद नहीं पाये गये। जिस पर सिविल सर्जन ने तत्काल संबंधित कर्मचारियों को फोन कर अनुपस्थिति का कारण पूछा और कड़ी कार्रवाई करने की चेतावनी दिया है। सिविल सर्जन ने कहा कि अस्पताल में डॉक्टरों और कर्मचारियों की उपस्थिति सुनिश्चित करना बेहद जरूरी है, क्योंकि मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं देना हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि अनुपस्थित पाये जाने वाले डॉक्टरों और कर्मचारियों पर सख्त विभागीय कार्रवाई की जायेगी। इसके साथ ही चेतावनी दिया है कि यदि भविष्य में कोई डॉक्टर ड्यूटी के दौरान गैर हाजिर पाया गया या निजी क्लीनिक चलाने में लिप्त मिला तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई भी की जायेगी। उन्होंने कहा कि डॉक्टरों और स्वास्थ्यकर्मियों को अस्पताल में सेवा देने के लिए वेतन दिया जाता है, न कि घर बैठने या निजी क्लीनिक चलाने के लिये। मरीजों की देखभाल में कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। इस निरीक्षण के बाद सदर अस्पताल में हड़कंप मच गया है। सिविल सर्जन ने सभी डॉक्टरों एवं कर्मचारियों को समय पर ड्यूटी पर उपस्थित रहने के निर्देश दिया है।

# महाकुंभ जाने के दौरान एन एच 922 पर सड़क हादसा से दो की मौत कई घायल

नई सोच एक्सप्रेस



» मृतक के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल स्थानीय प्रशासन मृतक के घर जाकर समय-समय पर घटना का ले रहे हैं जायजा

**किशनगंज**। बिहार के नपटना-बक्सर राष्ट्रीय राजमार्ग (NH-922) पर गुरुवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। किशनगंज से प्रयागराज कुंभ स्नान के लिए जा रही कार बीच सड़क पर खड़े पंचर डंपर से टकरा गई। हादसे में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। कुर्ला कोर्ट थाना क्षेत्र के लोधाबारी गांव से आठ लोग कार में सवार होकर कुंभ स्नान के लिए निकले थे। कठार खुर्द गांव के पास सड़क के बीचोंबीच खड़े पंचर डंपर से उनकी कार टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे में 60 वर्षीय फुलेश्वरी देवी की डुमरांव अनुमंडलीय अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही मौत हो गई। वहीं, 25 वर्षीय शत्रुघ्न राजभर ने बक्सर सदर अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। गंभीर रूप से घायल सरली देवी, आशा देवी, रेणु कुमारी और कार चालक मुनारूल को पहले बक्सर सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालत गंभीर होने के कारण सभी को पटना रेफर कर दिया गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर क्षतिग्रस्त कार और डंपर को जब्त कर लिया। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि बीच सड़क पर खड़े पंचर डंपर की वजह से यह हादसा हुआ। इसी रास्ते से दो अन्य गाड़ियां सुरक्षित निकल गईं, लेकिन यह कार डंपर से टकरा गई। वही चुरली पंचायत के सरपंच राजीव पासवान ने बताया कि यह काफी दुखद है कि महाकुंभ जाने के दौरान हमारा ही वार्ड के लोगों के साथ सड़क दुर्घटना घट गई में सरकार से मांग करता हूं कि मृतक के परिजनों को उचित मुआवजा दे और घायलों को इलाज के लिए सरकार मदद करें यही मेरी मांग है इधर मृतक के गांव में मातम पसरा हुआ है।

# महाकुंभ पर्व में हिंदू जनजागृति समिति की प्रदर्शनी युवाओं को भायी; कार्य में भाग लेने की सिद्धता

नई सोच एक्सप्रेस



**प्रयागराज**। हिंदू धर्म पर हो रहे विविध आघात, हिंदू राष्ट्र की संकल्पना, धर्मशिक्षा और हिंदू राष्ट्र स्थापना के लिए हिंदू जनजागृति समिति द्वारा प्रारंभ किए गए कार्य के विषय में महाकुंभ पर्व में समिति की ग्रंथ और फ्लेक्स फलक प्रदर्शनी युवाओं को काफी प्रभावित किया | शास्त्रीय भाषा में धर्म का स्वरूप, प्राचीन भारतीय संस्कृति और हिंदू राष्ट्र की अवधारणा को समझने के लिए युवाओं की उत्सुकता प्रदर्शनी में स्पष्ट रूप से दिखाई दी। कुंभ क्षेत्र के सेक्टर 6 में कैलासपुरी-भारद्वाज मार्ग चौराहे पर स्थित इस प्रदर्शनी का अब तक हजारों युवाओं ने दौरा कर हिंदू जनजागृति समिति के कार्य को समझा। इनमें से कई युवाओं ने समिति के धर्मकार्य में सक्रिय भाग लेने की इच्छा भी प्रकट की । महाकुंभ मेले में विभिन्न राज्यों से आए हिंदुत्वनिष्ठ संगठनों के युवाओं ने कुंभपर्व के दौरान हिंदू जनजागृति समिति की इस प्रदर्शनी का विशेष रूप से दौरा किया। सोशल मीडिया के माध्यम से प्रदर्शनी में प्रस्तुत फ्लेक्स फलक का प्रचार करने के लिए युवाओं ने अपने मोबाइल फोन में फ्लेक्स फलकों की तस्वीरें खींचीं। प्रदर्शनी देखने के बाद 'सेल्फी प्वाइंट' पर 'जयतु जयतु हिंदूराष्ट्रम्' के नारों के साथ श्रद्धालुओं ने अपनी तस्वीरें भी लीं। प्रदर्शनी का दौरा करने वाले धर्मप्रेमियों ने अपने अनुभवों में भारत को हिंदू राष्ट्र घोषित करने की मांग का समर्थन किया।

**'हिंदू राष्ट्र क्यों चाहिए?' ग्रंथ की सबसे अधिक मांग**- प्रदर्शनी में 'हिंदू राष्ट्र क्यों चाहिए?', 'हिंदू राष्ट्रः आक्षेप और खंडन' जैसी पुस्तकों की श्रद्धालुओं के बीच सबसे अधिक मांग देखी गई। प्रदर्शनी में बांग्लादेश और कश्मीर में हिंदुओं पर हुए अत्याचारों की सच्चाई को प्रस्तुत किया गया है। हिंदू संतों की हत्या और लव जिहाद की भयावहता का यथार्थ देखकर हिंदुओं में जागरूकता बढ़ रही है, यह कई धर्मप्रेमियों ने व्यक्त किया। इस प्रभावशाली प्रदर्शनी को अपने जिलों में आयोजित करने की इच्छा कई श्रद्धालुओं ने प्रकट की। अपने क्षेत्रों में आत्मरक्षा प्रशिक्षण शुरू करने और धर्मशिक्षा वर्ग के आयोजन के प्रयास करने जैसी बातों में समिति के कार्य में भाग लेने की तैयारी भी कई लोगों ने दिखाई।

## होंडा की नई एनएक्स 200 बाइक हुई लॉन्च

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना**। होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने नई एनएक्स200 को लॉन्च करने की घोषणा की है। होंडा के प्रतिष्ठित एडवेंचर बाइक लाइन-अप से प्रेरित यह बाइक उन राइडर्स (सवारों) के लिए बनाई गई है जो रोमांच के साथ-साथ रोज़मर्रा की जरूरतों के लिए एक बेहतरीन वाहन चाहते हैं। ऑल-न्यू एनएक्स200 की कीमत रु. 1,68,499 (एक्स-शोरूम, दिल्ली) रखी गई है और यह अब पूरे भारत में सभी एचएमएसआई रेड विंग और बिग विंग डीलरशिप पर उपलब्ध है। नई एनएक्स200 को पेश करते हुए, होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया के प्रबंध निदेशक, अध्यक्ष और सीईओ, श्री त्सुत्सुमु ओटानी ने कहा, "होंडा हमेशा अपने ग्राहकों की बदलती जरूरतों को ध्यान में रखते हुए नई तकनीकों और इनोवेशन पर काम करता रहा है। एनएक्स200 इसी सोच का एक बेहतरीन उदाहरण है, जो रोमांचक राइडिंग का नया अनुभव देगा। लोकप्रिय एनएक्स500 से प्रेरित यह बाइक ज्यादा से ज्यादा लोगों को एडवेंचर का आनंद लेने का मौका देगी और हर सफर को यादगार बनाएगी।" इस अवसर पर होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया के सेल्स और मार्केटिंग डायरेक्टर, योगेश माथुर ने कहा, "हमें बेहद खुशी है कि हम एनएक्स200 को भारत में लॉन्च कर रहे हैं। यह बाइक उन लोगों के लिए बनी है जो दो पहियों पर खुली सड़क का मजा लेना चाहते हैं और एडवेंचर को महसूस करना चाहते हैं।

## मोशन एजुकेशन के 11 स्टूडेंट ने हासिल किए 100 परसेंटाइल

नई सोच एक्सप्रेस




**पटना**। देश की सबसे बड़ी इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई मैन के पहले चरण के परिणाम में मोशन एजुकेक्शन के स्टूडेंट्स ने शानदार सफलता अर्जित की है। मोशन के 11 स्टूडेंट ने मल्टिपल सब्जेक्ट्स में 100 परसेंटाइल हासिल की है। इसके अलावा मोशन के 216 स्टूडेंट्स ने 99.5 परसेंटाइल या अधिक अंक अर्जित किए हैं। मोशन एजुकेशन के निदेशक राहुल सिंह ने बताया कि गत वर्ष 93.23 परसेंटाइल अंक हासिल करने वाले जनरल स्टूडेंट्स जेईई एडवांस देने के काबिल माने गए थे। इस बार यह कट ऑफ 93 परसेंटाइल से ज्यादा रहने के आसार हैं। पहले चरण में मोशन के 11 हजार 19 स्टूडेंट्स ने जेईई मेन एग्जाम दिया था। उनमें 6 हजार 676 यानी 60.58 प्रतिशत स्टूडेंट्स ने 93 परसेंटाइल या अधिक अंक हासिल किए हैं। इस तरह मोशन के 60.58 प्रतिशत स्टूडेंट्स जेईई एडवांस देने के काबिल होंगे। राहुल सिंह ने बताया कि हमारे स्टूडेंट मधुर चोपड़ा, दिव्यांश गंगवार, अर्णव निगम, कृषिव निझावन, ज्ञान प्रकाश, नमन गोयल, अतिन गुप्ता, देवेश गौतम, पद्मनाभ पांडे, लक्ष्य, अमोघ दिनेश गजेरा ने मल्टीपल सब्जेक्ट्स में 100 परसेंटाइल हासिल की है। इसी तरह रमित गोयल, सृजन अग्रवाल, अथर्व नाराचे, दिव्यांश अग्रवाल, लक्ष्य पाटीदार, कृष्णा टाक, आदित्य चौधरी, तनुज यादव, हेत सचिन सेठ, सक्षम दुबे, विनीत सिंघल, ध्रुव पाराशर, अभिषेक झा, मोहम्मद हसन और शिवम् सुनील विष्वेकर सहित 15 विद्यार्थियों ने 99.99 से 99.90 परसेंटाइल अंक हासिल किए हैं।

# दुनिया की पहली रोबोटिक कार्डियक टेलीसर्जरी को 286 किलोमीटर की दूरी से दिया गया अंजाम

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना**। देश में पहली स्वदेशी सर्जिकल रोबोटिक टेक्नोलॉजी के डेवलपर और भारत में निर्मित एसएसआई मंत्रा सर्जिकल रोबोटिक सिस्टम बनाने वाली कंपनी एसएस इनोवेशन्स ने मात्र दो दिनों में दुनिया की दो पहली रोबोटिक कार्डियक टेलीसर्जरियों को सफलतापूर्वक अंजाम देकर विश्वस्तरीय चिकित्सा जगत में इतिहास रच दिया है, कंपनी ने ऐसी उपलब्धि हासिल की है, जो अब तक हासिल नहीं की गई थी। एसएसआई मंत्रा 3 सर्जिकल रोबोटिक सिस्टम की मदद से यह संभव हो पाया, जिसमें 286 किलोमीटर की दूरी पर स्थित गुरूग्राम में एसएस इनोवेशन्स का मुख्यालय और जयपुर में मणिपाल हॉस्पिटल्स कनेक्टेड बने रहे। इस ऐतिहासिक उपलब्धि ने ऐसे भविष्य का मार्ग प्रशस्त किया है, जहां आधुनिक सर्जिकल टेक्नोलॉजी सुलभ एवं प्रभावी ग्लोबल हेल्थकेयर का अभिन्न हिस्सा बन जाएगी। रिमोट के द्वारा टेलीरोबोटिक-असिस्टेड इंटरनल मैमेरी आर्टरी हार्वेस्टिंग की प्रक्रिया को 58 मिनट में सफलतापूर्वक पूरा किया गया। गुरूग्राम में एसएसआई मुख्यालय से एसएस इनोवेशन्स इंटरनेशनल, इंक के संस्थापक, चेयरमैन एवं सीईओ डॉ सुधीर श्रीवास्तव के नेतृत्व में और मणिपाल हॉस्पिटल, जयपुर में चीफ़ ऑफ कार्डियक सर्जरी डॉ ललित मलिक ने जयपुर की रिमोट लोकेशन में विशेषज्ञों की टीम के साथ इस सर्जरी को अंजाम दिया। इस सर्जरी मात्र 35-40 मिलिसैकण्ड की लो लेटेंसी के साथ बेहतरीन सटीकता का प्रदर्शन किया है। इस ऐतिहासिक प्रक्रिया के बाद एक और- दुनिया की पहली रोबोटिक बीटिंग हार्ट टोटली एंडोस्कोपिक कोरोनरी आर्टरी बायपास प्रक्रिया को अंजाम दिया गया, इसे दुनिया की सबसे जटिल कार्डियक सर्जिकल प्रक्रियाओं में से एक माना जाता है; उसी साझेदारी में मात्र 40 मिलिसैकण्ड की लो लेटेंसी पर यह टेलीसर्जरी की गई। दोनों सर्जरियों में गुरूग्राम और जयपुर के बीच कनेक्टिविटी बनी रही, यह उपलब्धि लम्बी दूरी पर टीम के तालमेल के द्वारा रिमोर्ट सर्जरी के नए मानक स्थापित करती है। इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर खुशी ज़ाहिर करते हुए एसएस इनोवेशन्स के संस्थापक, चेयरमैन और सीईओ डॉ सुधीर श्रीवास्तव ने कहा, ''हमें गर्व है कि हमने मानवता को लाभ पहुंचाने के लिए सर्जरी की क्षमता को आधुनिक बनाया है, इससे खासतौर पर सुदूर इलाकों के मरीज़ों को लाभ होगा, जो आधुनिक चिकित्सा सेवाओं से वंचित रह जाते हैं।

## अवैध अप्रवासियां निर्वासित

अंततः महिला, पुरुष और बच्चों सहित एक सौ चार अवैध भारतीय अप्रवासियों को लेकर अमेरिकी सैन्य विमान भारत पहुंच गया। अमेरिका में उचित दस्तावेज के बिना रहने वाले इन भारतीयों में पंजाब, हरियाणा, गुजरात, उत्तर प्रदेश आदि राज्यों के लोग हैं। वैसे तो अमेरिका अवैध अप्रवासियों को निर्वासित करता रहता है, लेकिन राष्ट्रपति ट्रंप के दूसरे कार्यकाल का भारत के लिए यह पहला निर्वासन है। इस संबंध में भारत और अमेरिका के बीच बात भी हो चुकी थी और ऐसा निर्वासन ट्रंप की चुनावी घोषणाओं में भी शामिल था। जहां कुछ अन्य देशों ने इस तरह के निर्वासन पर अपनी आपत्ति जताई वहां भारत ने इसे सहज स्वीकार किया है। कोई भी संप्रभु राष्ट्र ऐसे अप्रवासियों को बर्दाश्त नहीं कर सकता जो अवैध तरीके से पहुंच कर न केवल उनके आर्थिक संसाधनों पर बोझ बनते हैं, बल्कि कानून व्यवस्था के लिए भी संकट खड़ा करते हैं। अमेरिका सहित यूरोप के बहुत से देश इस तरह के अप्रवासन का संकट महसूस कर रहे हैं। स्वयं भारत भी अवैध घुसपैठियों की समस्या का सामना कर रहा है। यहां के राजनीतिक हलकों में हर दिन इसकी गूंज सुनाई देती है। इस समय भारत सरकार की नीति भी अवैध अप्रवासियों को रोकने की है जो पड़ोसी देशों से आकर बस गए हैं। भले ही इस पर कुछ समूह मानवाधिकार या नैतिकता का प्रश्न खड़ा करें लेकिन भारत के पास स्वयं अपनी स्थिति को देखते हुए इस निर्वासन को अमेरिकी शर्तों के साथ स्वीकार करने के अलावा कोई रास्ता नहीं है। वैसे भारत की जिम्मेदारी यह भी बनती है कि वह दोहरी व्यवस्था को चाक-चौबंद करे। पहली यह कि उसके यहां अवैध अप्रवासन न हो और दूसरी यह कि यहां से अवैध ढंग से पलायन न हो। भारत एक और गंभीर समस्या से जूझ रहा है कि बड़ी संख्या में ऐसे लोग भी अमेरिका, यूरोप के देशों में जाकर बसते हैं, जो या तो भारत विरोधी हैं, या आपराधिक गतिविधियों में संलग्न हैं। ऐसे लोग भारत में प्रताड़ित होने का स्वांग रचते हैं, और सहानुभूति के नाम पर वहां की नागरिकता प्राप्त कर लेते हैं। अमेरिका और कनाडा से ऐसी घटनाएं उजागर हुई हैं जिन्होंने द्विपक्षीय संबंधों को खतरे में डाला है। इसलिए भारत सरकार को प्रयास करना चाहिए कि अवैध तरीके से लोगों को विदेश भेजने वाले गिरोहों पर लगाम लगाए। उम्मीद की जानी चाहिए कि अमेरिका का निर्वासन का यह कदम भारत की अपनी निर्वासन नीति को भी मज़ूबती प्रदान करेगा।

# आम आदमी पार्टी की पराजय के मायने



आरती कुमारी

दिल्ली में अन्ततः आम आदमी पार्टी का दुर्ग ध्वस्त हो गया । यह भी कहा जा सकता है कि उसका शीशमहल टूट गया । आम आदमी पार्टी , जिसे बाद में केवल 'आप' से सम्बोधित किया जाने लगा था, का जन्म 2014 केउस संक्रमण काल में से हुआ था जब देशीविदेशी शक्तियों को लगभग यह निश्चय हो गया था कि अब सोनिया गान्धी के प्रत्यक्ष परोक्ष नेतृत्व को किसी भी तरह भारत की सत्ता के शिखर पर बिठाए रखना सम्भव नहीं है । उस समय यह आभास भी होने लगा था कि कांग्रेस के पतन से हुए शून्य को भारतीय जनता पार्टी भर सकती है । भारतीय जनता पार्टी के सत्ता के शिखर पर पहुँचने की सम्भावना को केवल सत्ता हस्तान्तरण ही नहीं कहा जा सकता था । यह भारत में एक नए वैचारिक मंथन का उदय भी हो सकता था । कांग्रेस के अवसान से उत्पन्न होने वाले शून्य को कम्युनिस्ट शक्तियाँ भरने में सक्षम होतीं तो शायद इतना हंगामा होने की सम्भावना न होती , परन्तु भाजपा के आने का अर्थ तो स्पष्ट ही भारत का अपनी जड़ों की तलाश की ओर अग्रसर होना था । सभ्यताओं के संघर्ष में यह नया पक्ष किसी को भी सूट नहीं करता था । इसलिए जल्दी और हडबडाहट में सीजेरियन आप्रेशन से आम आदमी पार्टी का जन्म करवाया गया । सबसे बडी होशियारी यह थी कि सुदूर महाराष्ट्र से अन्ना हज़ारे को किसी तरह दिल्ली में बुला लिया गया । उन के व्यक्तित्व का हर तरीक़े से लाभ उठाने की यह छलभरी रणनीति थी । आज तक इसके लिए अन्ना हज़ारे पछता रहे हैं । अपने साथ हुए इस छल का धक्का इतना गहरा था कि अन्ना हज़ारे आज दिल्ली विधान सभा के चुनाव में 'आप' की पराजय पर अपने हर्ष को रोक नहीं पाए । आम आदमी पार्टी को भारत की राजनीति लाने वाली देशी विदेशी शक्तियाँ कौन थीं , इसको लेकर आज भी बहस होती रहती है । अमेरिका के किस फाऊँडेशन ने एनजीओ बनाने में कितना पैसा दिया , इसको लेकर जितने मुँह उतनी बातें । इसी एनजीओ के पेट से आपात स्थिति देख कर आम आदमी पार्टी का जन्म करवाया गया था । जाहिर है इस प्रकार के सीजेरियन पद्धति से जन्मी पार्टी की सत्ता हथियाने के सिवा कोई विचारधारा हो ही नहीं सकती थी । तभी यह कहा जाता है कि आम आदमी पार्टी पहली ऐसी राजनैतिक पार्टी है जो सार्वजनिक रूप से कहती है कि उसकी कोई विचारधारा नहीं है । लेकिन हैरानी की बात है कि बिना किसी विचारधारा और संगठन के वाबजूद यह पार्टी दिल्ली की सत्ता पर दस साल तक कैसे टिकी रही ? उसका मुख्य कारण था अन्ना हज़ारे के कारण बनी आम आदमी पार्टी की छवि । बदलाव की राजनीति की टोपी , गले में मफलर , दुख की खाँसी इत्यादि सभी ने मिल कर ऐसा ज़बरदस्त काकटेल तैयार किया कि उसके बलबूते दिल्ली तो क्या अकाली दल और कांग्रेस से त्रस्त पंजाब के लोग भी गच्चा खा गए । सत्ता में एक बार तो आया जा सकता है लेकिन जिस छवि के सहारे लोगों को भ्रमित किया गया था , उस कृत्रिम छवि को लम्बी दूरी तक बनाए रखना तो इतना आसान नहीं होता । रंग कच्चा हो तो पहली ही बरसात में उतरने लगता है । महत्वकांक्षाएं योग्यता से भी बडी हों तो उसे देशी विदेशी धन से पूरा करने की तमन्ना जागृत होती है । इसी में से दिल्ली का शराब घोटाला निकला जिसने ग़रीबों को 'दारू की एक बोतल के साथ एक मुफ़्त में' का लालच देकर सामाजिक व पारिवारिक वातावरण दूषित किया । लेकिन दारू के इस पैसे से केजरीवाल ने अपनी राजनीति और महत्वकांक्षा के पंख पसारने के प्रयास किए । लेकिन काले धन के पंखों पर भला छोटा शरीर कितना उड़ पाता ? अलबत्ता दारू की फुहारें पार्टी पर इस क़दर पड़ीं कि उसकी बदबू ने आधी पार्टी केजरीवाल समेत जेल में पहुँचा दी । परन्तु केजरीवाल केवल शराब घोटाले के फ्रंट पर ही तो सक्रिय थे । अपने ही साथियों पर आतंक ज़माने के लिए उन्होंने दिल्ली सरकार के पैसे से करोड़ों रुपए ख़र्च करके उसे शीशमहल बना लिया । उसमें अपने ही लोगों की पिटाई के नए अध्याय की शुरूआत करके राजनीति का रुख़ बदलने की घोषणा की । स्वाति मालीवाल साहसी लड़की थी , उसने शीशमहल में हुई अपनी पिटाई का शोर ही नहीं मचा दिया बल्कि थाने में जाकर रपट भी लिखा दी । यदि वे ऐसा न करतीं तो न जाने पिटाई के माध्यम से राजनीति का विस्तार और नियंत्रण करने का यह नया प्रयोग कितनी देर तक चलता रहता । यहाँ तक दिल्ली में कामकाज का सवाल था , उसके लिए जमीन की वजाए सोशल मीडिया से ही काम चलाया गया । यही कारण था कि केजरीवाल सरकार का कामकाज सोशल मीडिया पर तो बाक़ायदा दिखता था , लेकिन जमीन पर नदारद था । उसकी कमी केजरीवाल नरेन्द्र मोदी को गाली वग़ैरह देने से पूरा करते थे । केजरीवाल को



लगता था कि यदि वे सीधे नरेन्द्र मोदी को गाली देंगे तो मान लिया जाएगा कि भारत की राजनीति में असल मुक़ाबला तो मोदी और केजरीवाल का है । बाक़ी पार्टियाँ को सहायक की भूमिका में हैं । कुछ मोदी की सहायक हैं और कुछ केजरीवाल की सहायक हैं । यही कारण था कि वे कर्मकांडी की तरह दिन में एक दो बार उच्च स्वर से घोषणा करते थे कि मोदी यदि किसी से डरता है को आम आदमी पार्टी से ही डरता है । लेकिन कुल मुला कर केजरीवाल के खेमे में शोर शराबा व गाली गलौज ही था । वे उसी के बलबूते जीतना चाहते थे । वे किसी कुशल जादूगर की तरह दिल्ली की जनता को एक कबूतर से दो दो तीन तीन कबूतर उड़ा कर दिखा रहे थे और उन्हें बच्चा ही समझ कर ज़ोर ज़ोर से ताली बजाने के लिए भी कह रहे थे । दिल्ली की जनता के सामने ऐसे कबूतर थे जो दिखाई तो दे रहे थे लेकिन जब वे उन्हें छूने की कोशिश करते थे तो स्पर्श नहीं हो पा रहे थे । वे दिल्ली की जनता को यही कबूतर ख़रीदने की विज्ञापनों के माध्यम से बार बार अपील कर रहे थे । यही काल्पनिक कबूतर बेचने के लिए उन्होंने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवन्त मान को भी लगा रखा था । वे विचारे महीने भर से दिल्ली की टूटी फूटी सड़कों पर खड़े होकर चिल्ला रहे थे कि केजरीवाल ने दिल्ली की सड़कों को शानदार बना दिया है । भगवन्त मान इस लिए जरुरत से भी ज्यादा चिल्ला रहे थे क्योंकि उनको डर था यदि केजरीवाल का डेरा दिल्ली से उठ गया तो वे पंजाब में ही अपना तम्बू लगा कर न बैठ जाएँ । लेकिन कहा जाता है ,"बहुती देर नहीं चल्लदा डेरा पाखंडी साध दा ।" और वह सचमुच उखड़ गया । भारत की राजनीति में शायद किसी पार्टी की पहली पराजय है जिस पर उस पार्टी के मित्र व शत्रु एक साथ ख़ुशी मना रहे हैं । बादल अकाली दल के सर्वेसर्वा परमजीत सिंह सरना दिल्ली में खुल कर आम आदमी पार्टी की मदद कर रहे थे लेकिन केजरीवाल के हारने पर ख़ुशी की तालियाँ सिखवीर सिंह बादल बजा रहे थे । कांग्रेस के सुखपाल सिंह ने तो बाक़ायदा लड्डू बाँटे जबकि दोनों पार्टियाँ इंडिया गठबन्धन का हिस्सा हैं । लेकिन असली सवाल है कि क्या आम आदमी पार्टी इस हार के बाद खड़ी हो पाएगी या फिर अपने ही शीशमहल में दफ़्न हो जाएगी ! इसका उत्तर पंजाब में आम आदमी पार्टी से मिलेगा । यदि केजरीवाल की हार के बाद भी पार्टी फूट कर खंड खंड होने से बच गई तो भविष्य में आशा रखी जा सकती है लेकिन उसके लिए उसे केजरीवाल के स्थान पर किसी नए नेता कि तलाश करनी होगी क्योंकि केजरीवाल का मुलम्मा उतर चुका है ।

## सूडोकू नवताल- 7342

✱✲✲✲✲ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | | 1 | | 2 | | 3 | 8 |
| | | | 4 | | 5 | | | |
| 2 | | | | | | | | 5 |
| | | 3 | | 5 | | 4 | 8 | |
| | 7 | | | | | | 1 | |
| | 5 | 8 | | 6 | | 9 | | |
| 8 | | | | | | | | 1 |
| | | | 2 | | 9 | | | |
| 3 | 4 | | 6 | | 7 | | 5 | 2 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकू नवताल -7341 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | 2 | 3 | 5 | 8 | 9 | 1 | 7 |
| 8 | 1 | 7 | 9 | 2 | 6 | 3 | 5 | 4 |
| 3 | 5 | 9 | 1 | 7 | 4 | 8 | 2 | 6 |
| 6 | 4 | 1 | 5 | 3 | 7 | 2 | 8 | 9 |
| 2 | 7 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 3 | 1 |
| 9 | 3 | 8 | 2 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 6 | 9 | 5 | 7 | 4 | 8 |
| 5 | 9 | 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 6 | 3 |
| 7 | 8 | 6 | 4 | 1 | 3 | 5 | 9 | 2 |

# तकलामाकन रेगिस्तान हरा-भरा

विनीत नारायण

हमारे पड़ोसी देश चीन ने पिछले सप्ताह एक बार फिर से सुर्खियां बनाई। इस बार भारत में घुसपैठ नहीं बल्कि भारत और दुनिया भर के लिए एक उदाहरण बना। चीन ने अपने नवाचार द्वारा एक रेगिस्तान को न सिर्फ रोका बल्कि उसे हरा-भरा भी कर दिया। चीन का यह विकास कार्य आज काफी चर्चा में है। 'मौत का सागर के रूप में जाने जाना वाला तकलामाकन रेगिस्तान 337,600 वर्ग किलोमीटर में फैला हुआ है। इसका आकार लगभग पश्चिमी देश जर्मनी के बराबर का क्षेत्र है। इसके विशाल रेत के टीलों और बार-बार आने वाले रेतीले तूफानों ने लंबे समय तक मौसम के पैटर्न को बाधित किया है। कृषि को खतरे में डाला है और मानव स्वास्थ्य को प्रभावित किया है। जवाब में चीन ने एक व्यापक हरित अवरोध लागू किया है, जिसे रेगिस्तान के किनारों को लॉक करने और इसके नाजुक पारिस्थितिकी तंत्र को स्थिर करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। इन प्रयासों ने न केवल रेलवे और राजमागरे जैसे महत्त्वपूर्ण बुनियादी ढांचे की रक्षा की है, बल्कि यह भी प्रदर्शित किया है कि टिकाऊ प्रौद्योगिकियां मरुस्थलीकरण का प्रतिकार कैसे कर सकती हैं। सौर ऊर्जा से संचालित सिंचाई पण्रालियों को एकीकृत करके, चीन पृथ्वी पर सबसे कठिन वातावरणों में से एक में वनस्पति को बनाए रखने के लिए नवीकरणीय ऊर्जा का उपयोग कर रहा है। तकलामाकन रेगिस्तान के इस व्यापक पहल पर चार दशकों से काम चलाया गया। ग्रीनबेल्ट का पहला 2,761 किलोमीटर का काम कई वर्षों में पूरा हुआ, अंतिम चरण नवम्बर 2022 में शुरू हुआ, जिसमें रेगिस्तानी चिनार, लाल विलो और सैक्सौल पेड़ों जैसी लचीली, रेगिस्तान-अनुकूल प्रजातियों को रोपने के लिए 600,000 श्रमिकों को एक साथ लाया गया-जो शुष्क परिस्थितियों में जीवित रहने की अपनी क्षमता के लिए जाने जाते हैं। ये पौधे कई उद्देश्यों की पूर्ति करते हैं: वे खिसकती रेत को सहारा देते हैं, रेगिस्तान के विस्तार को धीमा करते हैं और स्थानीय समुदायों को आर्थिक लाभ प्रदान करते हैं। यह परियोजना इतिहास में सबसे महत्त्वाकांक्षी पुनर्वनीकरण प्रयासों में से एक का प्रतिनिधित्व करती है, जो दुनिया भर में भूमि क्षरण से निपटने के लिए एक नई मिसाल कायम करती है। उल्लेखनीय है कि इस क्षेत्र में ग्रीनबेल्ट का प्राथमिक लक्ष्य मरुस्थलीकरण को रोकना है, यह परियोजना दीर्घकालिक आर्थिक अवसर भी पैदा कर रही है। कुछ नये लगाए गए पेड़, जैसे कि रेगिस्तानी जलकुंभी में औषधीय गुण होते हैं, जो संभावित रूप से हर्बल चिकित्सा के लिए आकषर्क बाजार खोलते हैं। इसके अलावा, 2022 में, चीन ने हॉटन-रुओकियांग रेलवे का उद्घाटन किया, जो रेगिस्तान के चारों ओर दुनिया की पहली पूरी तरह से घिरी हुई रेलवे थी। 2,712 किलोमीटर लंबा रेलवे रेगिस्तानी शहरों को जोड़ता है, जिससे अखरोट और लाल खजूर जैसे स्थानीय कृषि उत्पादों को पूरे चीन के बाजारों तक पहुंचाना आसान हो जाता है, जिससे क्षेत्रीय व्यापार और विकास को और बढ़ावा मिलता है। खबरों के मुताबिक चीन पुनर्वनरोपण पर रोक नहीं लगा रहा है बल्कि तकलामाकन रेगिस्तान में एक विशाल नवीकरणीय ऊर्जा परियोजना भी चल रही है। चाइना थ्री गोरजेस कॉर्पोरेशन 8.5 गीगावाट सौर ऊर्जा और 4 गीगावाट पवन ऊर्जा स्थापित करने की योजना का नेतृत्व कर रहा है, जिसके अगले चार वर्षों में पूरा होने की उम्मीद है। रेगिस्तान की बहाली को टिकाऊ ऊर्जा उत्पादन के साथ जोड़कर, चीन उस चीज़ को हरित विकास के अवसर में बदल रहा है जो कभी एक पारिस्थितिक चुनौती थी। ग़ौरतलब है कि तकलामाकन ग्रीनबेल्ट की सफलता मरु स्थलीकरण और भूमि क्षरण से निपटने के वैश्विक प्रयासों के अनुरूप है। इसी तरह की बड़े पैमाने की परियोजनाएं, जैसे कि अफ्रीका की ग्रेट ग्रीन वॉल, का उद्देश्य पूरे महाद्वीप में 8,000 किलोमीटर लंबे वृक्ष अवरोधक लगाकर सहारा रेगिस्तान के विस्तार को रोकना है। तकलामाकन रेगिस्तान का विकास कार्य समान पारिस्थितिक खतरों का सामना करने वाले अन्य देशों के लिए एक खाका के रूप में भी कार्य कर रहा है। यह उपलब्धि नवीन पर्यावरणीय समाधानों के प्रति चीन की प्रतिबद्धता को उजागर करती है। हरित प्रौद्योगिकियों और बड़े पैमाने पर पुनर्वनीकरण का लाभ उठाकर, राष्ट्र ने न केवल अपने स्वयं के बुनियादी ढांचे और कृषि को सुरक्षित किया है, बल्कि भविष्य की वैश्विक रेगिस्तान बहाली परियोजनाओं के लिए भी मार्ग प्रशस्त किया है। भारत सहित सभी विकासशील देशों को चीन से सबक लेते हुए यह सीखना चाहिए कि विषम परिस्थितियों में भी विकास कार्य किए जा सकते हैं। ओछी राजनीति करने से किसी का भी लाभ नहीं होता।

## आज का राशिफल

**मेष राशिः** आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आप अपने लिए लक्ष्य तय करते समय वर्तमान स्थिति पर जरूर ध्यान दें। जितने अधिक उलझन में रहेंगे, आपकी कार्यक्षमता कम होती हुई नजर आएगी। ऑफिस में आज सीनियर्स आपके अधूरे काम को देखकर आपपर दबाव बना सकते हैं। बेहतर होगा कि अपना काम समय से पूरा कर लें।

**वृष राशिः** आज आपका दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। आप परिवार वालों के साथ समय बिताएंगे। घर में खुशी का माहौल बना रहेगा। इस राशि के एग्रोकेमिकल व्यापारी को आज अचानक बड़ा फायदा हो सकता है। टेलरिंग का काम करने वालों के लिए आज का दिन बहुत अच्छा है पुराना रुका हुआ पैसा आज वापस मिलेगा। आर्थिक पक्ष पहले से मजबूत रहेगा। स्वास्थ्य फिट रखने के लिए ताजे फल खायें।

**मिथुन राशिः** आज का दिन आपके लिए महत्वपूर्ण रहेगा। आज आपके सारे रुके काम आसानी से हो जाएंगे। आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। साइंस से जुड़े बच्चों को अच्छी जॉब का ऑफर मिल सकता है। बिजनेस के सिलसिले में ऑफिस के कलीग्स के साथ बाहर जा सकते हैं। व्यापार के मामलों में आपके साझेदार से अनबन हो सकती है, बेहतर होगा संयमित रहें।

**कर्क राशिः** आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज जिन लोगों के विरोध की वजह से आपके काम में रूकावट आ रही थी आज वह समाप्त हो जाएगी। आज स्वभाव में नेगेटिविटी लाने की बजाय अपने काम पर ध्यान देने की जरूरत है। आज पारिवारिक सुख-शांति बनी रहेगी। आज आप खुद को तरोताजा महसूस करेंगे। आज अपने प्रिय व्यक्ति की निकटता से आपको खुशी होगी। आज आपकी अच्छी छवि निखर कर लोगों के सामने आयेगी।

**सिंह राशिः**आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज आपके कठिन परिश्रम का अच्छा फल आपको मिलेगा इससे आपका कॉन्फिडेंस बढ़ेगा। आज अपने काम को गंभीरता से करें। समाज के लोग आज आपके व्यक्तित्व से खुश होंगे। आज किसी काम को लेकर आप थोड़े परेशान हो सकते हैं। लेकिन जल्द ही सब ठीक हो जायेगा। आज वाहन चलाते समय थोड़ी सावधानी बरतें।

**कन्या राशिः**आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। अगर आपकी सरकारी कार्यवाही चल रही है तो आज आपको समाधान मिल सकता है। आज ऑफिस में बॉस को इम्प्रेस करने के लिए आपको थोड़ी मेहनत करनी पड़ सकती है। हो सकता है सीनियर्स आज आपसे किसी बात पर नाराज हो जाएं। बेहतर होगा कि आप अपने सभी कामों को सावधानीपूर्वक करें।

**तुला राशिः**आज का दिन आपके लिए नई उमंग से भरा रहने वाला है। आज आप कई तरह की गतिविधियों में दिन बिताएंगे इसके साथ ही कठिन से कठिन काम को पूरे निश्चय के साथ पूरे कर लेंगे। विदेश जाने के लिए प्रयास कर रहे लोगों के लिए आज खुशखबरी मिलेगी। आज कोई महत्वपूर्ण काम अपनों की मदद से पूरा हो जायेगा। आज कुछ नया सीखने को मिल सकता है।

**वृश्चिक राशिः**आज का दिन आपके लिए नई खुशियां लाया है। राजनीति से जुड़े लोगों के लिए दिन अच्छा है समाज हित में किये गये कामों की तारीफ़ हो सकती है। आज आपको उच्चाधिकारी के सामने बात रखने पर.. पॉजिटिव रिस्पॉन्स मिलेगा। महिलाएं अपने जीवनसाथी को आज कुछ मीठा बना कर खिला सकती हैं दोनों के बीच रिश्तों में मधुरता बढ़ेगी।

**धनु राशिः** आज आपका दिन कॉन्फिडेंस से भरा रहेगा। इस राशि के टेक्सटाइल व्यापारी वर्ग को आज अचानक बड़ा फायदा हो सकता है। जिससे आपका आर्थिक पक्ष पहले से मजबूत बना रहेगा। आज आपका स्वास्थ्य अच्छा रहने वाला है। आज भाई-बहन के साथ गेम्स खेलने का प्लान करेंगे बड़ों का आशीर्वाद आपके साथ बना रहेगा।

**मकर राशिः** आज आपका दिन खुशनुमा पल लेकर आया है। लम्बे समय से सोचा हुआ काम आज पूरा हो जाएगा जिससे आर्थिक स्थिति में काफी सुधार आएगा। माता के साथ धार्मिक कार्यों में मन लगाने से शांति मिलेगी। शाम का समय परिवार वालों के साथ अच्छा बीतेगा। दांपत्य जीवन में आपसी ताल मेल बना रहेगा।

**कुंभ राशिः** आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज कोई निर्णय लेने से पहले उससे संबंधित सभी पहलुओं पर उचित सोच-विचार करेंगे। आज बिजनेस में सभी गतिविधियों पर ध्यान रखें। आज नया एग्रीमेंट हो सकता है। घर का माहौल खुशनुमा बना रहेगा। आज आपका मन अध्यात्म में अधिक लग सकता है। आज किसी धार्मिक स्थल पर दर्शन के लिए जा सकते हैं।

**मीन राशिः**आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। इस राशि की महिलाएं जो घर पर ही कोई बिजनेस करने की सोच रही हैं उनके लिए आज का दिन अच्छा है। सिंगर्स का कोई गाना लोगों को काफी पसंद आएगा। किसी भी काम को करने में जल्दबाजी न करें, नहीं तो वह काम दोबारा करना पड़ सकता है। किसी दोस्त से कामकाज के मामले में आपको कुछ नए आइडिया मिल सकते हैं।

# क्रूरता की हदें पार करता कॉलेजों में रैगिंग का मामला

अशोक भाटिया , मुंबई

कोट्टायम के सरकारी नर्सिंग कॉलेज में रैगिंग की एक बेहद क्रूर घटना सामने आई है, जिसने सभी को झकझोर कर रख दिया है। इस घटना में पांच सीनियर छात्रों ने फर्स्ट ईयर के तीन स्टूडेंट्स के साथ ऐसी अमानवीय हरकतें कीं हैं जो काफी डरावनी हैं। घटनाएं पिछले साल 16 नवंबर को शुरू हुईं और इस साल 10 फरवरी तक जारी रहीं। तिरुवनंतपुरम के रहने वाले तीनों छात्र अपने भविष्य के सपने लेकर कॉलेज पहुंचे थे, लेकिन उनके साथ हुई ये बर्बरता अब सभी को झकझोर रही है। एक खौफनाक वीडियो सामने आया है जिसमें साफ दिख रहा है, छात्रों के साथ कैसे रोंगटे खड़े कर देने वाला बर्बरता किया गया है। इस विचलित करने वाले वीडियो में जूनियर छात्र को दी गई यातना को दिखाया गया है। वीडियो सामने आने के बाद अब सवाल उठ रहे हैं कि कॉलेजों में रैगिंग जैसे खतरे को रोकने के लिए कानून होने के बावजूद कई परिसरों में रैगिंग का आतंक कैसे जारी है। वीडियो में एक छात्र बिस्तर पर लेटा हुआ दिखाई दे रहा है। उसके हाथ और पैर बिस्तर के सिरों से बंधे हुए हैं और वह दर्द से तड़प रहा है। दूसरा छात्र उसे बार-बार कंपास के नुकीले सिरे से चुभो रहा है। वह दर्द से चिल्ला रहा है। शरीर पर कई चोटें हैं और कथित तौर पर घावों को चुभने के लिए उन पर एक सफेद लोशन डाला गया है। रैगिंग करने वालों एक आरोप यह भी है कि सीनियर्स ने रविवार को जूनियर्स से शराब खरीदने के लिए पैसे ऐंठे। जो नहीं देते थे, उनकी पिटाई की जाती थी। यह मामला तब सामने आया जब एक छात्र रैगिंग बर्दाश्त नहीं कर सका और उसने अपने पिता के सामने अपनी आपबीती बताई। उसके पिता ने फिर उसे पुलिस से संपर्क करने के लिए कहा। बता दें कि कोट्टयम में रैगिंग की घटना कोच्चि में एक 15 वर्षीय स्कूली छात्र की आत्महत्या की घटना के ठीक बाद हुई है, कथित तौर पर रैगिंग के कारण। मिहिर अहमद की मां राजना पीएम ने आरोप लगाया है कि उनके बेटे को स्कूल में पीटा गया, गाली दी गई और शौचालय की सीट चाटने के लिए मजबूर किया गया, जिससे वह बहुत परेशान हो गया। गौरतलब है कि हाल में रैगिंग के एक मामले में मद्रास उच्च न्यायालय के न्यायाधीश एन वेंकटेश ने दोषी छात्रों को फटकार लगाते हुए कहा कि यदि आप रैगिंग जैसे घृणित कृत्य में लिप्त होंगे, तो आपके कॉलेज आने का क्या लाभ है। बेहतर होगा कि आप अनपढ़ और अशिक्षित ही बने रहें। यदि कोई व्यक्ति किसी को पीड़ा पहुंचा कर आनंद पा रहा है, तो इसका अर्थ है कि वह मनोरोगी है। नवंबर 2023 में पीएसजी कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी, कोयंबटूर में हुई रैगिंग के मामले में गत 22 फरवरी को उच्च न्यायालय ने अनेक निर्देश दिये। कुछ समय पहले रैगिंग के एक मामले में भोपाल की जिला अदालत ने चार छात्राओं को पांच-पांच साल कैद की सजा सुनाई थी। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि ऐसे ज्यादातर मामले अदालत तक जा नहीं पाते हैं। भोपाल की घटना में पीड़िता ने वरिष्ठ छात्राओं की प्रताड़ना से तंग आकर फांसी लगा ली थी। पीड़ित छात्रा की शिकायत को कॉलेज प्रबंधन ने अनसुना कर दिया था। उच्च शिक्षण संस्थानों में रैगिंग की घटनाएं अक्सर प्रकाश में आती रहती हैं, परंतु यदि सुप्रीम कोर्ट के सख्त निर्देशों के बावजूद ऐसी घटनाएं घट रही हैं, तो अभिभावकों, शिक्षकों और समाज को सोचने की आवश्यकता है। संस्थानों के प्रबंधन पर सवाल उठाने के साथ ही यह भी सोचना होगा कि क्या हम अपने बच्चों में अच्छे संस्कार डालने की ईमानदार कोशिश कर रहे हैं। रैगिंग झेल रहे छात्र दोहरे- शारीरिक एवं मानसिक- शोषण के शिकार होते हैं। रैगिंग एक मनोवैज्ञानिक समस्या है। रैगिंग लेने वाले सीनियर छात्र अपने साथ हुआ बुरा व्यवहार जूनियर छात्रों पर दोहराना चाहते हैं। साथ ही, सीनियर छात्रों में अपने को बड़ा सिद्ध करने एवं रौब झाड़ने की प्रवृति काम करती है। रैगिंग के पीड़ित जूनियर छात्रों पर मनोवैज्ञानिक दबाव पड़ता है और वे स्वयं को अपमानित महसूस करते हैं। ऐसे अनेक छात्र आत्महत्या भी कर लेते हैं। इस मनोवैज्ञानिक समस्या को मनोवैज्ञानिक रूप से हल करने की आवश्यकता है। इसका अर्थ यह नहीं है कि रैगिंग रोकने लिए नियम-कानूनों का पालन ही न किया जाए। दोषी छात्रों के साथ सख्ती से निपटना चाहिए। रैगिंग के खिलाफ कड़ी कार्रवाई से जहां सीनियर छात्रों को नया सबक मिलेगा, वहीं जूनियर छात्रों का आत्मविश्वास भी बढ़ेगा। कुछ बुद्धिजीवियों का मानना है कि ऐसे मामलों में बहुत कड़ी सजा नहीं देनी चाहिए। कड़ी सजा से आरोपी छात्रों के भविष्य पर प्रश्नचिह्न लग सकता है। युवा होने के नाते उनकी आगे की जिंदगी को कठिनाई में डालना तर्कसंगत नहीं है। दूसरा पक्ष यह है कि रैगिंग के माध्यम से जूनियर छात्रों का शारीरिक और मानसिक शोषण कर उन्हें आत्महत्या के लिए प्रेरित किया जा रहा है। क्या यह एक गंभीर अपराध नहीं है? ज्ञात हो कि सुप्रीम कोर्ट की ओर से सभी उच्च शिक्षण संस्थानों को यह निर्देश है कि रैगिंग की घटना के लिए संस्थान को जिम्मेदार माना जायेगा। यूजीसी भी प्रति वर्ष विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों को पत्र भेजकर रैगिंग रोकने के निर्देश देता रहता है। हर शिक्षण संस्थान दाखिला देने से पहले छात्रों से हलफनामा भी लेता है कि रैगिंग जैसी घटना में शामिल पाये जाने पर उसका दाखिला रद्द कर दिया जायेगा। रैगिंग रोकने हेतु विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में समितियां भी बनायी जाती हैं। ऐसी घटनाएं होने पर संस्थान की मान्यता रद्द करने का प्रावधान भी है। लेकिन इनके बावजूद रैगिंग की घटनाएं रुक नहीं रही हैं। अब तो यह प्रवृत्ति पब्लिक स्कूलों में भी बढ़ रही है। पिछले दिनों कुछ पब्लिक स्कूलों में भी ऐसी घटनाएं प्रकाश में आयी थीं। हालांकि उच्च शिक्षण संस्थानों में रैगिंग रोकने के प्रयास होते दिखाई देते हैं, लेकिन पब्लिक स्कूलों के बारे में ऐसा नहीं कहा जा सकता है। कई बार संस्थान ऐसी घटनाओं को छिपाने का प्रयास भी करते हैं। रैगिंग की घटनाओं का छिपाने का प्रयास ठीक वैसा ही है, जैसे बीमार व्यक्ति द्वारा रोग को छिपाने की कोशिश करना। रोग को जितना छिपाया जायेगा, वह उतना ही अधिक बढ़ता जायेगा। रैगिंग रूपी रोग को रोकने के लिए शिक्षण संस्थानों को अपने परिसर में बेहतर माहौल बनाना होगा। उन्हें छात्रों में व्यावहारिक रूप से नैतिक मूल्य विकसित करने की कोशिश करनी होगी। शिक्षण संस्थान भाषणों में तो नैतिक मूल्यों की बात बहुत करते हैं, लेकिन धरातल पर ऐसा कोई प्रयास होता नहीं दिखता। हमें समझना होगा कि रैगिंग की घटनाएं कानून के बल पर रुकने वाली नहीं हैं। इसके लिए सामूहिक रूप से प्रयास करना होगा। जो बच्चे रैगिंग की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं, उनके अभिभावकों को यह जानने की चेष्टा करनी होगी कि उनके बच्चों में श्रेष्ठता और रौब गालिब करने की भावना क्यों पनप रही है। यदि ऐसे मामलों में अभिभावक हाथ पर हाथ रखकर बैठ गये, तो समस्या और बढ़ेगी। कुछ वर्ष पूर्व हिमाचल प्रदेश के एक मेडिकल कॉलेज में रैगिंग के दौरान उन्नीस वर्षीय छात्र अमन काचरू की मौत हो गयी थी। तब अमन के पिता राजेंद्र काचरू ने रैगिंग रोकने और रैगिंग पर कानून बनाने के लिए एक अभियान चलाया था। रैगिंग रूपी सामाजिक अभिशाप को रोकने लिए एक बार फिर ऐसे ही अभियान की जरूरत है। दरअसल कॉलेज के वे शुरूआती साल हम सब की ज़िन्दगी के बेहद खूबसूरत समय ,दोस्तियों , व्यक्तित्व विकास की नींव होते हैं। रैगिंग असल में पढाई और व्यक्तित्व विकास के उन स्वस्थ तरीकों और माहौल में बाधा डालती है। यह उम्र और सीनियरटी में बड़े होने का झूठा दम्भ और कुत्सित हरकतों के सामाजिकीकरण को बढ़ावा देती है। मुश्किल है कि रैगिंग करने वाले छात्र भविष्य में इस मानसिकता के साथ एक उत्कृष्ट नागरिक या प्रोफेशनल बन पाएं। इसे बर्दाश्त करना भी सही नहीं हैं क्यूंकि ऐसे में हम ऐसी घटिया सोच को ही बढ़ावा दे रहे हैं।

# आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी: शिखर धवन को नियुक्त किया ब्रांड एम्बेसडर



**नई दिल्ली**। पूर्व भारतीय सलामी बल्लेबाज शिखर धवन को आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के चार इवेंट एंबेसडर में से एक के रूप में नामित किया गया है। धवन के अलावा पाकिस्तान के 2017 के विजेता कप्तान सरफराज अहमद, ऑस्ट्रेलिया के पूर्व ऑलराउंडर शेन वॉटसन और न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज टिम साउदी भी इस सूची में शामिल हैं। आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी की शुरुआत 19 फरवरी से होने वाली है, और इसके कुछ मुकाबले पाकिस्तान में तो कुछ दुबई में खेले जाएंगे। शिखर धवन, जिन्होंने 2013 में भारत के चैंपियंस ट्रॉफी जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी और प्लेयर ऑफ द सीरीज बने थे, ने आईसीसी की एक विज्ञप्ति में कहा, चैंपियंस ट्रॉफी का हिस्सा बनना एक विशेष एहसास है और एक ब्रांड एम्बेसडर के रूप में आगामी सत्र का आनंद लेने का अवसर मिलना एक सम्मान की बात है। उन्होंने आगे कहा, "अगले कुछ हफ्तों में हम दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीमों को आपस में प्रतिस्पर्धा करते हुए देखेंगे, जहां एक गलती या हार उनके सभी प्रयासों को समाप्त कर सकती है। यह एक ऐसी प्रतियोगिता है जिसमें सब कुछ दांव पर लगा होता है और यही इसे इतना रोमांचक बनाता है।" धवन चैंपियंस ट्रॉफी के इतिहास के सबसे प्रतिष्ठित खिलाड़ियों में से एक रहे हैं। इस टूर्नामेंट में भारत के सबसे ज़्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी के रूप में दो सत्रों में 701 रन बनाकर उन्होंने अपनी स्थिति मजबूत की है।

# फ्रीस्टाइल शतरंज ग्रैंड स्लैम: गुकेश ने ड्रा खेला, कार्लसन और नाकामुरा की शानदार जीत



**हैम्बर्ग**। भारत के डी. गुकेश ने निराशाजनक स्थिति से वापसी करते हुए फ्रीस्टाइल शतरंज ग्रैंड स्लैम टूर के अंतिम दौर के पहले गेम में फ्रांस के अलीरेज़ा फ़िरोज़ा के खिलाफ ड्रॉ खेला। अंतिम-आठ क्वालीफायर में सातवें स्थान के लिए संघर्ष कर रहे गुकेश ने पूरे गेम में बचाव किया और एक लंबे एंडगेम के बाद मुकाबले को ड्रॉ कराने में सफल रहे। स्थानीय खिलाड़ी विंसेंट कीमर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अमेरिका के फैबियानो कारुआना को हराकर 1-0 की बढ़त बना ली है। अब कारुआना के पास बराबरी लाने का मौका होगा, जिसके लिए उन्हें टाईब्रेकर की जरूरत पड़ेगी। दूसरी ओर, नॉर्वे के मैग्नस कार्लसन ने उज्बेकिस्तान के जाइंट किलर जावोखिर सिंदारोव को मात देकर सेमीफाइनल में कीमर के खिलाफ अपनी हार को भुला दिया। 750,000 अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि वाले इस टूर्नामेंट में अब कार्लसन तीसरे स्थान के लिए प्ले-ऑफ खेलेंगे, जहां वे जीत के प्रबल दावेदार हैं। अमेरिका के हिकारू नाकामुरा ने भी काले मोहरों से जीत दर्ज की। उन्होंने उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुस्सत्तोरोव के खिलाफ मुकाबले में बाजी पलट दी, जब स्थिति उनके पक्ष में नहीं लग रही थी। अब्दुस्सत्तोरोव ने छोटे टुकड़ों के खेल में जटिलताएं बढ़ाने की कोशिश की, लेकिन इसका खामियाजा उन्हें हार के रूप में भुगतना पड़ा।

**परिणामः**

**विंसेंट कीमर (जर्मनी) ने फैबियानो कारुआना (यूएसए) को हराया।**

**नोदिरबेक अब्दुस्सत्तोरोव (उज्बेकिस्तान) हिकारू नाकामुरा (यूएसए) से हार गए।**

**अलीरेज़ा फ़िरोज़ा (फ्रांस) और डी. गुकेश (भारत) का मुकाबला ड्रॉ रहा।**

**जावोखिर सिंदारोव (उज्बेकिस्तान) मैग्नस कार्लसन (नॉर्वे) से हार गए।**

**टूर्नामेंट के अगले दौर में रोमांचक मुकाबलों की उम्मीद की जा रही है, जहां खिलाड़ी अंतिम जीत के लिए अपनी पूरी ताकत झोंक देंगे।**

# श्रेयस चैंपियंस ट्रॉफी में अहम भूमिका निभाएंगे : गंभीर



**अहमदाबाद**। भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने कहा है कि श्रेयस अय्यर आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में अहम भूमिका निभाएंगे। गंभीर ने कहा कि इंग्लैंड के खिलाफ एकदिवसय सीरीज में श्रेयस की उपेक्षा नहीं हुई है। श्रेयस ने नागपुर एकदिवसीय में 36 गेंद में 59 रन की आक्रामक पारी खेली थी। उन्होंने अगले दो मैच में 44 और 78 रन बनाए। पहले मैच के बाद अय्यर ने कहा था कि उन्हें टीम में इसलिए जगह मिली थी क्योंकि विराट घुटने में दर्द के कारण मैच से बाहर हो गए। सीरीज के गंभीर ने कहा, ' सीरीज के दौरान उन्हें बाहर बैठाने की योजना नहीं थी। हम पहले मैच में यशस्वी जायसवाल को अवसर देना चाहते थे और देखना चाहते थे कि वह क्या कर सकते हैं क्योंकि ऑस्ट्रेलिया में वह बहुत अच्छी फॉर्म में थे। अय्यर को आखिरकार जायसवाल पर वरीयता देते हुए टीम के लिए अहम खिलाड़ी बताया है। गंभीर ने कहा, 'मुझे पता है कि आप यशस्वी) को एक पारी से नहीं आंक सकते पर हम हमेशा से जानते थे कि श्रेयस हमारे लिए महत्वपूर्ण खिलाड़ी होने जा रहे हैं। कभी-कभी जब आपके पास केवल तीन मैच होते हैं तो आप सभी खिलाड़ियों को अवसर देना चाहते हैं। चैम्पियंस ट्रॉफी 19 फरवरी से शुरू होगी जिसमें भारत का पहला मुकाबला 20 फरवरी को दुबई में बांग्लादेश से होगा। गंभीर का मानना है कि अगर कोई बाहर होता है तो किसी अन्य के लिए सुनहरा मौका बनता है। उन्हें उम्मीद है कि हर्षित राणा और अर्शदीप सिंह जैसे खिलाड़ी मुख्य तेज गेंदबाज बुमराह के बाहर रहने के अवसर का लाभ उठाते हुए बेहतर प्रदर्शन करेंगे। गंभीर ने कहा, 'किसी का अवसर चूकना किसी और के लिए एक बड़ा अवसर हो सकता है। खेल में ऐसा ही होता है। उम्मीद है कि ये खिलाड़ी राणा, अर्शदीप और मोहम्मद शमी अच्छा प्रदर्शन करेंगे और टीम के लिए काम करेंगे। गंभीर ने कहा, 'मुझे लगता है कि खिलाड़ियों ने कुछ अच्छे संकेत दिए हैं। हर्षित और अर्शदीप ने काफी अच्छा प्रदर्शन किया है। आपको जसप्रीत बुमराह जैसे गेंदबाज की हमेशा कमी खलेगी। लेकिन फिर मोहम्मद शमी जैसे किसी खिलाड़ी का अपने अनुभव और गुणवत्ता के साथ वापस आना हमेशा अच्छा होता है।

# चैम्पियंस ट्रॉफी में सलामी बल्लेबाज के तौर पर उतरेंगे आजम

## प्रशंसकों से बोले , मैं किंग नहीं

**लाहौर**। पाकिस्तान के पूर्व कप्तान बाबर आजम की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी के पहले हुई त्रिकोणीय सीरीज में अब तक वह विफल रहे हैं। आजम वैसे तो नंबर तीन पर उतरते हैं पर उन्हें चैम्पियंस ट्रॉफी में फखर जमा के साथ पारी की शुरुआत के लिए भेजा जा सकता है। इसलिए त्रिकोणीय सीरीज में उन्हें पारी की शुरुआत मिला पर वह शुरुआत दोनो ही मैचों में रन बनाने में विफल रहे हैं। वहीं अब आजम ने प्रशंसकों से कहा है कि उन्हें किंग जैसे नामों से संबोधित नहीं किया जाये। गौरततब है कि पाक में आजम की तुलना विराट कोहली से होती रही है। विराट को जिस प्रकार से किंग कहा जाता है, वैसे ही आजम को भी लोग किंग नाम से बुलाने लगे हैं जिसपर उन्होंनें नाराजगी जतायी है। जिस तरह से भारत में विराट कोहली को किंग कहा जाता है वसी तर्ज पर



पाकिस्तान में भी बाबर आजम को भी किंग कहा जाता है। आजम का कहना है कि वह किंग नहीं है जब वह क्रिकेट छोड़ेंगे तब इस पर बात करेंगे। इसका एक वीडियो भी आया है। इसमें बाबर कहते हैं कि पहली बात ये है कि किंग बोलना जरा कम करें मैं कोई किंग नहीं हूं। जब छोड़ेंगे तब उस पर बात करेंगे।

# अब खेल प्रतिभाओं की पहचान के साथ ही उन्हें निखारेंगे मैरी कॉम सहित कई पूर्व खिलाड़ी



**नई दिल्ली**। प्रसिद्ध मुक्केबाज मैरी कॉम, टेनिस खिलाड़ी लिएंडर पेस और बैडमिंटन खिलाड़ी साइना नेहवाल जैसे ओलंपियन खिलाड़ियों की अगुवाई में बनी एक समिति अब उभरती हुई खेल प्रतिभाओं की पहचान करने के साथ ही उन्हें निखारने का काम करेगी। इस समिति की जिम्मेदारी निष्पक्ष और पारदर्शी चयन सुनिश्चित करना रहेगा। ये समिति अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले एथलीटों के प्रदर्शन की निगरानी और कोच का मूल्यांकन करने के बारे में भी सलाह देगी। इस समिति में सरकारी प्रतिनिधि और विभिन्न खेलों के सेवानिवृत्त प्रतिष्ठित भी एथलीट शामिल हैं। समिति के अन्य उद्देश्यों में प्रतिभाओं की पहचान करना और सब-जूनियर एवं जूनियर स्तर के एथलीटों के विकास के लिए प्रशिक्षण संबंधी सलाह देना, निष्पक्ष और पारदर्शी चयन सुनिश्चित करने के लिए राष्ट्रीय एथलीटों/टीमों के चयन पर नजर बनाऐ रखना भी शामिल है। इसके अलावा, समिति राष्ट्रीय शिविरों के दौरान कोचिंग सुविधाओं और राष्ट्रीय टीमों से जुड़े भारत/विदेशी प्रशिक्षकों के प्रदर्शन का निरीक्षण व विश्लेषण करेगी। इस समिति में दिग्गज एथलीट शाइनी अब्राहम के अलावा निशानेबाज हीना सिद्धू सहित कई अन्य पूर्व खिलाड़ी भी शामिल हैं।

## व्यापार

# ट्रंप-मोदी के बीच अहम समझौते से शेयर बाजार में आई तेजी

## सेंसेक्स 100 से ज्यादा अंक चढ़ा; निफ्टी 23,100 के करीब



**मुंबई**। वैश्विक बाजारों में तेजी के रुख के सामान घरेलू शेयर बाजार सप्ताह के आखिरी कारोबारी सेशन में मजबूती के साथ खुले। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी प्रेजिडेंट डोनल्ड ट्रंप की बैठक का बाजार पर पॉजिटिव असर देखने को मिल रहा है। बीएसई सेंसेक्स 214.88 अंक बढ़कर 76,353.85 पर खुला और निफ्टी 63.75 अंक की बढ़त के साथ 23,095.15 पर ओपन हुआ। निवेशक अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप के भारत और अमेरिकी निर्यात पर टैक्स लगाने वाले अन्य व्यापारिक साझेदारों पर टैरिफ लगाने की योजना के प्रभाव का आकलन करेंगे। वहीं गुरुवार को भारतीय शेयर बाजार हल्की गिरावट के साथ बंद हुआ था। बीएसई सेंसेक्स 32 अंकों की गिरावट के साथ 76,139 पर बंद हुआ, जबकि एनएसई निफ्टी 14 अंक लुढ़ककर 23,031 पर बंद हुआ। निवेशकों की गतिविधियों की बात करें तो विदेशी संस्थागत निवेशकों ने गुरुवार को 2,789.91 करोड़ रुपये के शेयर बेचे, जबकि घरेलू संस्थागत निवेशकों ने 2,934.50 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। एशिया-प्रशांत के शेयर बाजारों में शुक्रवार को ज्यादातर बढ़त देखने को मिली। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने पारस्परिक शुल्क योजना पर हस्ताक्षर किए, लेकिन इसे तुरंत लागू नहीं किया, जिससे बाजारों को राहत मिली। ऑस्ट्रेलिया का एसएंडपी/एएसएक्स 200 इंडेक्स 0.41 फीसदी चढ़ा, जबकि जापान का निक्केई 225 इंडेक्स 0.60 फीसदी गिर गया। दक्षिण कोरिया का कोस्पी 0.35 फीसदी बढ़ा और हांगकांग का हैंगसेंग इंडेक्स 1.33 फीसदी उछला। वहीं अमेरिकी शेयर बाजारों में भी जबरदस्त तेजी देखने को मिली। डाउ जोंस इंडस्ट्रियल एवरेज 0.77 फीसदी बढ़ा, एसएंडपी 500 इंडेक्स 1.04 फीसदी चढ़ा और नैस्डैक कंपोजिट 1.50 फीसदी उछल गया। ट्रंप के शुल्क योजना को लेकर बाजार में सकारात्मक प्रतिक्रिया देखने को मिली। इस बीच अमेरिका का प्रोड्यूसर प्राइस इंडेक्स जनवरी में 0.4 फीसदी बढ़ा, जो अनुमानित 0.3 फीसदी से अधिक रहा। वहीं खाद्य और ऊर्जा को छोड़कर कोर पीपीआई 0.3 फीसदी बढा जो अनुमान के मुताबिक रहा।

# एलन मस्क दुनिया के अमीरों की लिस्ट में लंबे समय से पहले नंबर पर बरकरार

## मस्क ने इस साल जितना गंवाया है, उतना ही जकरबर्ग की झोली में आया



**नई दिल्ली**। एलन मस्क दुनिया के अमीरों की लिस्ट में लंबे समय से पहले नंबर पर बने हुए हैं। वैसे इस साल उनकी नेटवर्थ में 48 अरब डॉलर की गिरावट आई है और वह सबसे ज्यादा नेटवर्थ गंवाने वाले रईस हैं। यानी इस साल उन्होंने रोजाना 1 अरब डॉलर से ज्यादा रकम गंवाई है। ब्लूमबर्ग बिलिनेयर इंडेक्स के मुताबिक उनकी नेटवर्थ 384 अरब डॉलर रह गई है। टेस्ला, स्पेसएक्स और एक्स जैसी कई कंपनियां चला रहे मस्क की नजर अब चैटजीपीटी की पेरेंट कंपनी ओपनएआई पर है। उन्होंने इसे 97.4 अरब डॉलर में खरीदने की पेशकश की है। लेकिन ओपनएआई के सीईओ सैम ऑल्टमैन ने उनकी इस पेशकश की ठुकरा दिया है।दूसरी ओर फेसबुक के फाउंडर मार्क जकरबर्ग की नेटवर्थ में इस साल 48.1 अरब डॉलर की तेजी आई है। यानी मस्क ने इस साल जितना गंवाया है, उतना ही जकरबर्ग की झोली में आया है। जकरबर्ग की नेटवर्थ 255 अरब डॉलर पहुंच चुकी है। हालांकि अभी वह मस्क से 129 अरब डॉलर पीछे हैं। जकरबर्ग के बाद सबसे ज्यादा कमाई फ्रांसीसी कारोबारी बर्नार्ड आरनॉल्ट ने की है। उनकी झोली में इस साल 14.2 अरब डॉलर आए हैं और वह 190 अरब डॉलर के साथ दुनिया के अमीरों की लिस्ट में 5वें नंबर पर हैं। दुनिया के सबसे अमीर परिवार से ताल्लुक रखने वाले वॉल्टन भाई-बहनों की नेटवर्थ में भी इस साल काफी तेजी आई है। जिम वॉल्टन ने 13.6 अरब डॉलर, उनकी बहन एलिस वॉल्टन ने 13.3 अरब डॉलर और भाई रॉब वॉल्टन ने 13.2 अरब डॉलर कमाए हैं। स्पेन के अरबपति एमेंशियो ओर्टेगा ने 9.57 अरब डॉलर और जेफ बेजोस ने 9.55 अरब डॉलर कमाए हैं। वहीं सबसे ज्यादा नेटवर्थ गंवाने के मामले में गौतम अडानी दूसरे नंबर पर हैं। उनकी नेटवर्थ में इस साल 8.20 अरब डॉलर की गिरावट आई है जबकि मुकेश अंबानी ने 4.49 अरब डॉलर गंवाए हैं।

## देश राज्यों से बड़ी खबरें

1 मोदी-ट्रम्प की मुलाकात,इससे पहले US प्रेसिडेंट का ऐलान:सभी देशों पर उनके जितना ही टैरिफ लगाएंगे; मणिपुर में राष्ट्रपति शासन
2 PM मोदी-ट्रम्प की मुलाकात,टॉप मोमेंट्स,मोदी बोले:ट्रम्प के साथ दोबारा काम करना खुशी की बात,ट्रम्प ने कहा:हमारे संबंध बहुत मजबूत
3 द्विपक्षीय व्यापार को 2030 तक दोगुना करने का लक्ष्य,PM मोदी ने ट्रंप को दिया भारत आने का न्योता
4 सीमा पर आतंकवाद के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जरूरत, अमेरिका से पीएम मोदी की पाकिस्तान को दो टूक
5 अवैध आप्रवासन मुद्दे पर पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि जो लोग अवैध रूप से दूसरे देशों में रहते हैं,उन्हें वहां रहने का कोई कानूनी अधिकार नहीं है,जहां तक भारत और अमेरिका का सवाल है,हमने हमेशा कहा है कि जो लोग सत्यापित हैं और वास्तव में भारत के नागरिक हैं,अगर वे अवैध रूप से अमेरिका में रहते हैं,तो भारत उन्हें वापस लेने के लिए तैयार है
6 मोदी की मौजूदगी में ट्रंप का बड़ा ऐलान, मुंबई हमले के मास्टरमाइंड तहव्वुर राणा के भारत प्रत्यर्पण को दी मंजूरी
7 डोनाल्ड ट्रंप ने लागू किया जैसे को तैसा' टैरिफ फॉर्मूला,भारत सहित पूरी दुनिया पर होगा असर
8 मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लगाया गया,9 फरवरी को CM ने इस्तीफा दिया था;21 महीने से जारी हिंसा में अब तक 300 से ज्यादा मौतें
9 सामाजिक ताना-बाना खराब कर लगाया मणिपुर में राष्ट्रपति शासन,कांग्रेस ने सरकार पर साधा निशाना,कांग्रेस ने कहा कि वह 20 महीने से मणिपुर में राष्ट्रपति शासन की मांग कर रही थी और सरकार ने यह कदम राज्य का सामाजिक ढांचा नष्ट होने के बाद ही उठाया
10 पूर्व CJI चंद्रचूड़ बोले:आर्टिकल 370 को खत्म होना ही था,राम मंदिर पर फैसले से पहले भगवान से प्रार्थना करने की बात मैंने कभी नहीं कही
11 पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का एक साल पूरा,8.46 लाख घरों को मिला योजना का फायदा,इसमें घरों को 300-300 यूनिट मुफ्त बिजली
12 मणिपुर: सीआरपीएफ जवान ने अपने शिविर में की गोलीबारी,दो की मौत-आठ घायल;खुद को भी गोली मारी
13 कांग्रेस के शासनकाल में 88 बार लगा राष्ट्रपति शासन, अकेले इंदिरा गांधी ने 51 बार लगाया, मणिपुर,युपी में 10 बार तो पंजाब में 9 बार लगा राष्ट्रपति शासन
14 दलाई लामा को मिलेगी Z श्रेणी की सुरक्षा,केंद्र सरकार ने खतरों को देखते हुए लिया फैसला
15 राहुल-केजरीवाल से मिले आदित्य ठाकरे,बोले:इलेक्शन फेयर नहीं,हमें साथ रहना होगा;चुनाव आयोग के आशीर्वाद से दिल्ली में भाजपा जीती
16 महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में मिली हार के बाद कांग्रेस ने संगठन स्तर पर बड़ा बदलाव किया है,पार्टी ने नाना पटोले की जगह हर्षवर्धन सपकाल को महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस का नया अध्यक्ष नियुक्त किया है,इसके अलावा विजय वडेट्टीवार को तत्काल प्रभाव से महाराष्ट्र में कांग्रेस विधायक दल का नेता नियुक्त किया गया है
17 अडाणी ग्रीन एनर्जी श्रीलंका में नहीं बनाएगी विंड पावर कॉम्प्लेक्स,484 मेगावाट का प्रोजेक्ट 3,844 करोड़ में बनना था
18 हमारे मिलने का मतलब है एक और एक 11...ट्रंप से मिलकर बोले PM मोदी
19 PM मोदी ने अरबपति कारोबारी एलन मस्क से की मुलाकात,प्रमुख रूप से 4 मुद्दों पर हुई बात
20 J&K:सेना की बड़ी कार्रवाई,3 पाकिस्तानी आतंकी ढेर,भारी मात्रा में हथियार बरामद
21 ट्रंप और नेतन्याहू की चेतावनी से डरा हमास,इजरायली बंधकों को रिहा करने को हुआ तैयार
22 US के सुरक्षा सलाहकार ने की PM मोदी से मुलाकात, विदेश मंत्री एस जयशंकर और NSA अजीत डोभाल भी साथ रहें मौजूद
23 PM Modi US Visit:पीएम मोदी बोले:राष्ट्रपति ट्रंप अमेरिका के लिए सोचते हैं,मेरे लिए भारत का हित सर्वोपरि
24 वक्फ बिल पर जेपीसी:हंगामे के बाद संसद में सरकार ने पेश किया शुद्धिपत्र,विपक्षी सदस्य ने कसा तंज
25 ट्रंप ने PM मोदी को बताया महान,गिफ्ट की अवर जर्नी टुगेदर' किताब
26 ट्रंप और पुतिन की बातचीत पर ज़ेलेंस्की की तीखी प्रतिक्रिया,कहा बिना यूक्रेन की भागीदारी के कोई भी शांति समझौता बेकार
27 बतौर जज सभी मजहबों के प्रति निष्पक्ष होने के लिए नास्तिक होना कतई जरूरी नहीं:जस्टिस डी वाई चंद्रचूड़
28 मेरे पुराने दोस्त... मोदी का हाथ पकड़कर बोले ट्रंप व्हाइट हाउस में इनका होना सम्मान की बात
29 कुतुब मीनार-हुमायूं का मकबरा को वक्फ प्रॉपर्टी बताया,ऐसे 280 स्मारकों के नाम शामिल,संसद को सौंपी JPC की रिपोर्ट में खुलासा
30 महाराष्ट्र में GB सिंड्रोम का कारण सी.जेजुनी बैक्टीरिया,NIV में जांच के दौरान 30% केस में मिला,दूषित भोजन-पानी में होता है;संदिग्ध मरीज 200 पार
31 ग्वालियर से किडनैप बच्चा 14 घंटे बाद मिला,मुरैना में छोड़कर भागे बदमाश; मां की आंख में मिर्ची झोंककर किया था अपहरण
32 इंडियाज गॉट लेटेंट का मुद्दा IT मिनिस्ट्री में जाएगा,स्टैंडिंग कमेटी की बैठक में उठी मांग, अश्लील कंटेट रोकने कड़े नियम बनाए जाएं
33 महबूबा बोलीं:कश्मीर में सब ठीक तो पाकिस्तान का रास्ता खोलो,कहा:यहां पत्ता भी हिलता है तो शाह दिल्ली में मीटिंग बुलाते हैं
34 आईपीएल के नए सीजन की शुरुआत 22 मार्च से,पहले मैच में केकेआर से हो सकती है आरसीबी की भिड़ंत
35 प्रयागराज: महाकुंभ में पहुंचने वाले श्रद्धालुओं का आंकड़ा 50 करोड़ पहुंचा
36 IIFA के एंबेसडर के रूप में अपूर्वा मखीजा का नाम हटाया गया,मार्च में जयपुर में होना है शो
37 चंडीगढ़:किसान नेताओं और केंद्र सरकार के प्रतिनिधियों के बीच बैठक
38 उत्तराखंड:38वें राष्ट्रीय खेलों के समापन समारोह में शामिल होने पहुंचे अमित शाह
39 साउथ कोरिया: बुसान के एक होटल में लगी भीषण आग,6 लोगों की मौत
40 महाकुंभ के आयोजन में खर्च हुए 1500 करोड़, अर्थव्यवस्था को मिलेगा फायदा:CM योगी आदित्यनाथ




# सबकुछ जलाकर रख दूंगा, विजय देवराकोंडा की वीडी12 के टीजर-टाइटल से उठा पर्दा

## पुनर्जन्म लेकर साम्राज्य के महानायक बने एक्टर

साउथ एक्टर विजय देवराकोंडा की मोस्ट अवेटेड एक्शन-थ्रिलर वीडी12 का टीजर और टाइटल फाइनली रिलीज हो गया है, इसका टाइटल है किंगडम. किंगडम के हिंदी टीजर में बॉलीवुड एक्टर रणबीर कपूर ने आवाज दी है वहीं तमिल वर्जन में सुपरस्टार सूर्या ने. इसके अलावा इसके तेलुगु वर्जन में जूनियर एनटीआर ने आवाज दी है. किंगडम के 1 मिनट 56 सेकंड के टीजर में विजय का पुनर्जन्म दिखाया गया है. जिसमें वे वापस आकर अपने साम्राज्य के महानायक बनते हैं. किंगडम के टीजर की शुरुआत एक पावरफुल डायलॉग से शुरू होती है- कभी ना थमने वाला भीषण युद्ध, लहरों में बहता रक्त, थामों, ठहरों या थककर चूर हो जाओ, ये युद्ध ना रुका है और ना रुकने वाला है. विजुअल में आर्मी की गोलीबारी दिखती है जिसमें कई लोग मारे जाते हैं, कुछ भागते हुए दिखाई देते हैं, कई लाशें दिखती हैं. इसके बाद विजय की सिनेमैटिक एंट्री होती है जिसका पुनर्जन्म बताया जाता है. आखिर में विजय एक डायलॉग बोलते हैं- कुछ भी करुंगा, जरूरत पड़ी तो सबकुछ जलाकर रख दूंगा. विजय ने टीजर रिलीज करते हुए लिखा, ये किंगडम है. सवाल, खून, गलतियां और किस्मत, टाइटल-टीजर आउट. गौतम तिन्नानुरी ने किंगडम को निर्देशित किया है और सितारा एंटरटेनमेंट ने इसे प्रोड्यूस किया है. फिल्म विजय देवराकोंडा लीड रोल में हैं उनके साथ भाग्यश्री बोरसे खास रोल में हैं वहीं सत्यदेव फिल्म में नेगेटिव रोल प्ले कर रहे हैं. किंगडम का म्यूजिक अनिरुद्ध रविचंदर ने दिया है. विजय देवराकोंडा की किंगडम के टीजर को सोशल मीडिया पर बेहतरीन रिएक्शन मिल रहा है. फिल्म का टीजर हिंदी में रिलीज हो गया है और रणबीर कपूर की पावरफुल आवाज की भी लोग खूब तारीफ कर रहे हैं. यूजर्स को विजय का एक्शन अवतार और रणबीर की आवाज का अंदाज बहुत पसंद आ रहा है. इस फिल्म को तमिल, तेलुगु, हिंदी, कन्नड़, मलयालम भाषा में रिलीज किया जाएगा. थिएटर के बाद फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटप्लिक्स पर भी स्ट्रीम होगी.

# बॉक्स ऑफिस पर नागा चैतन्य और साई पल्लवी की फिल्म तंडेल की धूम

## 5 दिनों में ही वसूल हो गई पूरी लागत



साउथ स्टार नागा चैतन्य की फिल्म 'तंडेल ने बॉक्स ऑफिस पर इतिहास रच दिया है. इसकी कहानी ऑडियंस को भा गई है. लोग सिनेमाघरों में फिल्म का जमकर लुत्फ उठा रहे हैं. देश ही नहीं, बल्कि ओवरसीज मार्केट में भी 'तंडेल का डंका बज रहा है और हर दिन धुआंधार कमाई हो रही है. सिर्फ पांच दिनों में ही फिल्म ने अपनी पूरी लागत वसूल कर ली है. वर्ल्डवाइड कलेक्शन जान नागा चैतन्य भी गदगद हो जाएंगे. तेलुगु भाषा में बनी 'तंडेल 7 फरवरी को रिलीज हुई है और इसने पहले दिन से बॉक्स ऑफिस पर तगड़ा बिजनेस शुरू कर दिया. इस बीच मेकर्स ने फिल्म के वर्ल्डवाइड कलेक्शन की जानकारी दी है. इसके मुताबिक, नागा चैतन्य की 'तंडेल ने दुनियाभर में 80.12 करोड़ रुपये की कमाई कर चुकी है. फिल्म ने यह कमाल सिर्फ 5 दिनों में कर दिखाया है. नागा चैतन्य की फिल्म में साई पल्लवी ने भी काम किया है. कमाल की बात है कि सिर्फ 5 दिनों में ही फिल्म ने अपनी पूरी लागत वसूल कर ली है. रिपोर्ट के मुताबिक, 'तंडेल 75 करोड़ रुपये की लागत में बनी है. इस तरह फिल्म का बॉक्स ऑफिस पर पूरा बजट वसूल हो चुका है. अब फिल्म जो भी कमाई करेगी, वो सिर्फ मुनाफा होगा. 'तंडेल फिल्म तेलुगु, तमिल और हिंदी भाषा में सिनेमाघरों में रिलीज हुई है. घरेलू बॉक्स ऑफिस कलेक्शन की बात करें तो फिल्म ने मंगलवार को देशभर में 3.6 करोड़ रुपये का बिजनेस किया.






सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक, 'तंडेल पांच दिनों में देशभर में 44.45 करोड़ रुपये का बिजनेस कर चुकी है. बताते चलें कि नागा चैतन्य की तेलुगु फिल्म 'तंडेल सच्ची घटनाओं से प्रेरित है. इसका डायरेक्शन चंदू मोंडेती ने किया है और अल्लू अरविंद प्रोड्यूसर हैं. इसमें आदुकलम नरेन, दिव्या पिल्लई, करुणाकरण और पृथ्वीराज जैसे सितारे अहम किरदारों में हैं. 'तंडेल में एक मछुआरे की कहानी दिखाई गई है, जो गलती से पाकिस्तानी जलक्षेत्र में पहुंच जाता है और पकड़ा जाता है. इसके बाद कहानी में बड़ा मोड़ आता है.



# इंडो-वेस्टर्न आउटफिट पहन प्रज्ञा जैसवाल ने दिखाई दिलकश अदाएं, एक्ट्रेस की कातिल अदाएं देख बेकाबू हुए फैंस

बॉलीवुड एक्ट्रेस प्रज्ञा जैसवाल आए दिन अपनी स्टाइलिश फैशन स्टेटमेंट्स और ग्लैमरस लुक्स के कारण सोशल मीडिया पर लाइमलाइट बटौरती रहती हैं। वो जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो वो चंद ही मिनटों में वायरल होने लगती हैं। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच शेयर की हैं। इन तस्वीरों में उनका किलर लुक देखकर फैंस मदहोश हो गए हैं। एक्ट्रेस प्रज्ञा जैसवाल ने अपने करियर की शुरुआत साउथ फिल्मों से की थी और आज वो किसी भी पहचान की मोहताज नहीं हैं। उन्होंने हिंदी फिल्मों में भी अपनी दमदार एक्टिंग से फैंस को इस कदर दीवाना बनाया है कि लोग तारीफ करते नहीं थकते हैं। अब हाल ही में एक्ट्रेस प्रज्ञा जैसवाल ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच साझा की हैं। इन तस्वीरों में उनका किलर अवतार देखकर फैंस के होश उड़ गए हैं। बता दें कि एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर शेयर करती हैं तो फैंस उनकी हर एक फोटोज पर दिलखोलकर लाइक्स और कॉमेंट्स करते नहीं थकते हैं। इन फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस प्रज्ञा जैसवाल ने रेड कलर का इंडो-वेस्टर्न आउटफिट पहना हुआ है, जिसमें वो एक से बढ़कर एक स्टनिंग पोज में फोटोशूट करवाती हुई नजर आ रही हैं। खुले बाल, ग्लैम मेकअप, कानों में इयररिंग्स और न्यूड शेड लिप्सटिक लगाकर एक्ट्रेस प्रज्ञा जैसवाल ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस अपना परफेक्ट फिगर फ्लॉन्ट करती हुई नजर आ रही हैं। प्रज्ञा जैसवाल सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट भी काफी जबरदस्त है। वो जब भी अपनी तस्वीरें शेयर करती हैं तो फैंस उनके हर एक लुक का दीदार करने के लिए काफी बेताब रहते हैं।





# गोरी है कलाईयां के साथ कनिका कपूर की धमाकेदार वापसी



बॉलीवुड की मशहूर सिंगर कनिका कपूर, जिन्होंने चिट्टियां कलाइयां और बेबी डॉल जैसे सुपरहिट गाने दिए हैं, एक बार फिर धमाकेदार वापसी कर रही हैं। उनका नया गाना गोरी है कलाईयां फिल्म मेरे हसबैंड की बीवी का प्रमुख ट्रैक है। खास बात यह है कि इस गाने में कनिका के साथ रैपर बादशाह की भी शानदार परफॉर्मेंस देखने को मिलेगी। वहीं, म्यूजिक वीडियो में भूमि पेडनेकर, रकुल प्रीत सिंह और अर्जुन कपूर नजर आएंगे, जो इस गाने को और भी ग्रैंड बना रहा है। कनिका कपूर की आवाज़ हमेशा से बॉलीवुड के चार्टबस्टर्स में शामिल रही है। इस बार भी गोरी है कलाईयां अपनी एनर्जेटिक बीट्स और कनिका की जादुई आवाज़ के साथ दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर देगा। इस गाने के जरिए कनिका और बादशाह की केमिस्ट्री फिर से म्यूजिक इंडस्ट्री में धूम मचाने को तैयार है। बॉलीवुड के अलावा, कनिका कपूर इंडिपेंडेंट म्यूजिक इंडस्ट्री में भी लगातार प्रयोग कर रही हैं। हाल ही में उन्होंने मटक मटक और फैंटेसी जैसे गानों से अपनी अलग पहचान बनाई है, जहां उन्होंने भारतीय धुनों को अफ्रीकी बीट्स और मॉडर्न साउंड के साथ मिलाकर अनोखा फ्यूजन तैयार किया है। कनिका कपूर न सिर्फ रिकॉर्डिंग स्टूडियो में बल्कि लाइव इवेंट्स में भी अपना जलवा बिखेर रही हैं। हाल ही में उन्होंने ढ्ढस्क्करु ओपनिंग सेरेमनी में धमाकेदार परफॉर्मेंस दी थी, जिसने फैंस को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनका स्टाइल और म्यूजिक के प्रति उनका एक्सपेरिमेंटेशन उन्हें एक ट्रेंडसेटर बना रहा है। कनिका कपूर की गोरी है कलाईयां के साथ वापसी ने उनके फैंस को खासा उत्साहित कर दिया है। सोशल मीडिया पर भी इस गाने को लेकर जबरदस्त चर्चा हो रही है और दर्शक इसे 2025 का अगला चार्टबस्टर मान रहे हैं।




स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक आरती कुमारी द्वारा अभिषेक प्रिंटिंग प्रेस, नया टोला, काजीपुर, पटना- 800004, से मुद्रित एवं मुसल्लहपुर हाट, रामपुर लेन, पटना 800006 से प्रकाशित। संपादक- अविनाश। संपादकीय कार्यालय : 8 वां तल्ला, रश्मि कॉम्प्लेक्स, पीएनटी कॉलोनी, किदवईपुरी, पटना- 800001, RNI: BIHHIN\2019/77032, फोनः 0612-2524441, 2951617, 9472072441, 9472244606, समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेवार।